www.anantgyaan.in

सूर्योदय 7:13 सूर्यास्त 5:56

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | -0.6 न्यू | 7.06 अधि |
| धर्मशाला | 2.02 न्यू | 15.00 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 72,085 .63 |
| निफ्टी | 21583 .80 |
| सोना 63,600 | चांदी 72,759 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



धर्मशाला | शनिवार, 3 फरवरी 2024 | 21 माघ, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 46 कुल पृष्ठ 16 मूल्य : 5 रुपए |

मॉडल और एक्ट्रेस पूनम पांडे का 32 साल की उम्र में सर्वाइकल कैंसर से निधन ...पेज 16

### अगले वित्तीय वर्ष में प्रदेश के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन में हो सकती है कटौती, कर्मचारी आज सीएम से करेंगे चर्चा

# वित्तीय संकट से उबरने के लिए सरकार का नया रोड मैप

**अरविंद शर्मा, शिमला**

भारी वित्तीय संकट का सामना कर रही प्रदेश सरकार उबरने के लिए नया रोड मैप तैयार करने जा रही है। अब प्रदेश के कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद अपनी पेंशन में भारी कटौती का सामना करना पड़ सकता है।

हालांकि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने के बाद ओपीएस के तहत लगे एक लाख 32 हजार कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन स्कीम का लाभ मिला था। अर्थशास्त्रियों के अनुसार प्रदेश को भारी वित्तीय संकट का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि इसका सबसे बड़ा कारण प्रदेश सरकार को वार्षिक ऋण लेने का टारगेट तय किया गया है और साथ ही कई केंद्रीय योजनाओं में कटौती भी की गई है। अर्थशास्त्रियों की मानें तो प्रदेश सरकार को आर्थिक वित्तीय संकट से उबारने के लिए अपने नए बजट में कुछ नए कर भी लगाने पड़ सकते हैं। इसके लिए वित्तीय विभाग ने कई नए प्रस्ताव सरकार के सामने रखे हैं। वित्त विभाग का मानना है कि प्रदेश में लगभग चार लाख सरकारी कर्मचारी हैं। इसके अतिरिक्त बोर्डों और निगमों के अलग कर्मचारियों को भी ओल्ड पेंशन स्कीम का लाभ सरकार देने जा रही है। ऐसे में ओपीएस के तहत मिलने वाली पेंशन कटौती के लिए नया रोड मैप तैयार किया जा रहा है। इस गंभीर मसले पर प्रदेश के कर्मचारी शनिवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिलकर चर्चा करेंगे और अपने सुझाव भी देंगे। कर्मचारियों को अब एनपीएस की जगह पर ओपीएस दी जा रही है। (अनंत ज्ञान)



अनंत ज्ञान स्पैशल

### 20 प्रतिशत पेंशन कटौती की तैयारी

सरकार द्वारा कर्मचारियों को अंतिम तिथि के अनुसार जो भी वेतनमान मिलता है, उसके वेतनमान का 50 प्रतिशत उन्हें पेंशन के रूप में दिया जाता है। अब कर्मचारियों को 50 के बजाए तीस प्रतिशत ही दिए जाने को लेकर तैयारी की जा रही है। इसके अतिरिक्त कर्मचारियों को लीव इन कैशमैंट, ग्रैच्युटी और कंप्यूटेशन के तहत मिलने वाली राशि में फिलहाल कोई फेरबदल नहीं किया जाएगा।

### भाजपा सरकार ने भी कटौती की जारी की थी अधिसूचना

पूर्व में भाजपा की जयराम सरकार के समय में एक अधिसूचना जारी की गई थी कि 3 जनवरी 2022 के बाद के नियमित कर्मचारियों को भी वर्ष 2016 का संशोधित वेतन नियम 2022 के नियम-7 के तहत नहीं मिलेगा। इस अधिसूचना में सम्मिलित उन कर्मचारियों को वेतन दो वर्ष के नियमित सेवापूर्ण करने के पश्चात अनुसूची-2 में दिए गए पे मैट्रिक्स के संबंधित स्तर में उच्चतर वेतनमान स्तर पर नियत किया जाएगा। जिससे कि प्रदेश के लगभग एक लाख कर्मचारी प्रभावित हुए थे, जिनको 2016 के संशोधित वेतन से वंचित रहना पड़ा था।

# विक्रमादित्य को लोनिवि के साथ शहरी विकास विभाग, राजेश धर्माणी को टीसीपी और हाउसिंग

### हिमाचल सरकार ने फिर किया कुछ मंत्रियों के पोर्टफोलियो में बदलाव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल सरकार ने एक बार फिर कुछ मंत्रियों के पोर्टफोलियो में बदलाव किया है। वहीं, नाराज चल रहे लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह को अब शहरी विकास विभाग दिया है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को प्रिंटिंग एंड स्टेशनरी दिया गया है।

बता दें कि कुछ दिन पहले ही रोहित ठाकुर से तकनीकी शिक्षा विभाग वापस लेकर राजेश धर्माणी को दिया गया था। अब राजेश धर्माणी को टाउन एंड कंट्री और हाउसिंग दिया गया है। इसके साथ ही यादवेंद्र गोमा को लॉ एंड लीगल रिमेंबरेंस का दायित्व दिया गया है।



मंत्रिमंडल में सुखविंद्र सिंह सुक्खू मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री उपमुख्यमंत्री, डॉ. धनीराम शांडिल स्वास्थ्य मंत्री, चौधरी चंद्र कुमार कृषि मंत्री हैं। जगत सिंह नेगी राजस्व मंत्री, रोहित ठाकुर शिक्षा मंत्री, अनिरुद्ध सिंह पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास मंत्री, विक्रमादित्य सिंह के पास लोक निर्माण और शहरी विकास विभाग है। राजेश धर्माणी के पास तकनीकी शिक्षा मंत्री तथा टाउन एंड कंट्री और हाउसिंग मंत्रालय हैं। यादविंद्र गोमा के पास आयुष मंत्री तथा लॉ एंड लीगल रिमेंबरेंस विभाग है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने एक बार फिर अपने मंत्रियों के विभागों में फेरबदल किया है।

दो नए बने मंत्रियों को विभागों का बंटवारा करने के बाद जिन तीन मंत्रियों से विभाग वापस लिए गए थे, उन तीनों को मुख्यमंत्री ने नए विभागों का अतिरिक्त दायित्व सौंपा है। इस तरह छह मंत्रियों के विभागों में फेरबदल किया। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### मुंबई में सीरियल बम ब्लास्ट की धमकी, पुलिस सतर्क

**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में सिलसिलेवार बम विस्फोट की धमकी के बाद पुलिस ने संवेदनशील स्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी है। मुंबई पुलिस ने धमकी देने वाले अज्ञात शख्स के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में किसी शख्स ने फोन कर कहा कि शहर में छह जगह बम लगाए गए हैं। यह बम सिलसिलेवार फटेंगे। इसके बाद इस व्यक्ति ने कॉल डिस्कनेक्ट कर दी। पुलिस का कहना है कि कॉल करने वाले की तलाश की जा रही है।

### पुंछ में सुरक्षाबलों ने आतंकी ठिकाने को किया ध्वस्त

**पुंछ।** पुंछ जिले के सुरनकोट इलाके में शुक्रवार को सुरक्षाबलों ने एक आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ कर उसे ध्वस्त कर दिया। सुरक्षाबलों को आतंकी ठिकाने से गोला-बारूद भी बरामद हुआ है। एक सैन्य अधिकारी ने कहा कि पुलिस स्टेशन सुरनकोट के अधिकार क्षेत्र में सांगला खोनी नाहल्ला इलाके में सुरक्षाबलों ने एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया। उन्होंने कहा कि आतंकी ठिकाने से सुरक्षाबलों को 51 मोर्टार, तीन मोर्टार गोले, एक पिस्तौल और तीन पिस्तौल राउंड बरामद हुई हैं। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

### आतंकी फंडिंग मामला, श्रीनगर दिल्ली में एसआईए ने की छापेमारी

**श्रीनगर।** राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने आतंकी फंडिंग मामले की जांच के सिलसिले में शुक्रवार को ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर और दिल्ली में पांच स्थानों पर छापेमारी की। एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि एसआईए श्रीनगर में दो स्थानों सैदापोरा ईदगाह और अहमदनगर इलाके में छापेमारी कर रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में एजेंसी तीन स्थानों पर तलाशी ले रही है।

# बद्दी में कॉस्मैटिक फैक्टरी में आग 34 मजदूर झुलसे, एक महिला की मौत

### चार महिलाओं सहित पांच पीजीआई रेफर, करोड़ों का नुकसान

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

हिमाचल प्रदेश के जिला सोलन के औद्योगिक क्षेत्र बद्दी के झाड़माजरी में एनआर अरोमा कंपनी में भीषण अग्निकांड में करोड़ों रुपए का नुकसान हो गया। इस घटना में 34 कामगार झुलस गए जबकि पांच को गंभीर चोटें आने पर पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया, जहां एक महिला पिंकी देवी ने दम तोड़ दिया।

भीषण अग्निकांड में कॉस्मैटिक उद्योग में फंसे स्टाफ व कामगारों को निकालने के लिए एनडीआरएफ व चंडी मंदिर से आर्मी की मदद लेनी पड़ी। टीमों ने करीब पांच घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं लग पाया है। कंपनी का स्टाफ व कामगार अपनी जान बचाने के लिए बाहर भागने लगे। जानकारी के अनुसार दोपहर करीब एक बजे अचानक कंपनी में रॉ मैटिरियल वाले एरिया में आग लग गई। आग की चिंगारी कैमिकल तक पहुंची और देखते ही देखते आग ने भयानक रूप ले लिया। कंपनी के अंदर से करीब दो घंटों तक धमाकों की आवाजों से आसपास के एरिया में दहशत का माहौल रहा। अग्निकांड के बाद डीसी सोलन मनमोहन शर्मा भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि कंपनी में 50 के करीब कामगार काम कर रहे थे, जिसमें से 34 के घायल हुए, जिसमें से पांच को पीजीआई रेफर किया गया है। कुछ लोगों के अंदर फंसे होने की आशंका है, जिसके लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है।




झाड़माजरी में आग लगने के बाद धुएं के गुबार से घिरा कॉस्मैटिक उद्योग।

### कामगारों ने जान बचाने के लिए कंपनी की छत से लगाई छलांग

कैमिकल में लगी आग के चलते कई कामगार कंपनी में घंटों फंसे रहे। कई कामगार अपनी जान बचाने के लिए कंपनी की छत पर जा पहुंचे, जहां से रास्ता न होने के बाद मजबूरन छलांग लगानी पड़ी। पुलिस व प्रशासन ने फैलती आग को देखते हुए सुरक्षा के चलते आस पास की कंपनियों को तुरंत खाली करवाया ताकि जानी नुकसान को बचाया जा सके।

इस अग्निकांड में पूरी कंपनी जलकर राख हो गई। आग से कंपनी को करोड़ों रुपए का नुकसान पहुंचा है। दमकल विभाग समेत अन्य टीमों ने आग पर काबू पाकर आसपास की करोड़ों की संपत्ति को जलने से बचाया। कैमिकल में लगी आग से आसपास के एक किलोमीटर एरिया में भयंकर कैमिकल की दुर्गंध फैल गई, जिसके लिए लोगों को मास्क तक लगाने पड़े। घायलों की पहचान अनीता, आशा, ममता, अनिल, राज कुमार, पुष्पा, कश्मीरी, पूजा, अंशु, सवित्रि, सतेंद्र, खुशबू, कंचन, तारावती, सावित्री, राम मूर्ति, कुंती, रशिका, अनारकली, मीरा, शिव कुमार, राम लाल, अर्चना, ममता व हरीश को हल्की चोटें पहुंची, जिनका इलाज बद्दी के प्राइवेट व काठा अस्पताल में चल रहा है। चरण सिंह, आरती, गीता व प्रेम कुमारी को पीजीआई रेफर किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों से घटना के बारे में जानकारी ली।

# चंपई सोरेन ने ली झारखंड के 12वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ

### आलमगीर और सत्यानंद भोक्ता ने भी मंत्री पद की ली शपथ

**एजेंसी, रांची**

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के विधायक दल के नेता चंपई सोरेन ने शुक्रवार दोपहर राज्य को 12वें मुख्यमंत्री के तौर पर पद की शपथ ली। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें राजभवन के दरबार हॉल में मुख्यमंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री के साथ कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम और राजद के विधायक सत्यानंद भोक्ता ने भी मंत्री पद की शपथ ली।

अब नव मनोनीत मुख्यमंत्री को दस दिनों के अंदर बहुमत साबित करना होगा। इससे पूर्व चंपई शुक्रवार सुबह शिबू सोरेन से मिलने पहुंचे। दरअसल, जमीन घोटाले मामले में बुधवार को ईडी ने पूछताछ के बाद हेमंत सोरेन को हिरासत में ले लिया। इसके बाद शाम को हेमंत सोरेन ने राजभवन जाकर राज्यपाल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा सौंप दिया। फिर गठबंधन के विधायकों ने चंपाई सोरेन को अपना नेता चुना। राज्यपाल ने शपथ ग्रहण के बाद दस दिनों के अंदर बहुमत साबित करने को कहा है। वहीं चंपई सोरेन की अध्यक्षता में शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक में विधानसभा का विशेष सत्र आहूत करने के फैसले पर मुहर लगी। साथ ही तीन प्रस्ताव पारित हुए।



### हेमंत सोरेन से पांच दिन पूछताछ करेगी ईडी

**रांची।** राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पांच दिनों तक पूछताछ करेगी। कोर्ट ने इसकी इजाजत दे दी है। ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट ने शुक्रवार को हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए पांच दिनों की रिमांड पर ईडी को सौंपने का निर्देश दिया है। इससे पहले वीरवार को ईडी ने हेमंत से पूछताछ के लिए 10 दिनों के रिमांड का आग्रह किया था। एक घंटा 32 मिनट की बहस के बाद कोर्ट ने आदेश के लिए शुक्रवार की तिथि निर्धारित की थी। बड़गाड़ी अंचल में 8.46 एकड़ जमीन कब्जा करने के मामले में हेमंत सोरेन आरोपित हैं।

## टॉप स्टोरीज

एचआरटीसी धार्मिक स्थलों के लिए चलाएगी पौने दो सौ नए रूट ...पेज 3

...तब सिरमौर से दिल्ली दरबार में भेजी जाती थी बर्फ ...पेज 5

भारतीय वायुसेना पर हैकर्स ने की साइबर हमले की कोशिश ...पेज 16

## बॉम्बे हाई कोर्ट ने खारिज की कंगना रणौत की याचिका

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बॉम्बे हाई कोर्ट ने अभिनेत्री कंगना रणौत की याचिका खारिज कर दी है। दरअसल, अभिनेत्री ने संगीतकार जावेद अख्तर की ओर से उनके खिलाफ मानहानि के मुकदमे पर रोक लगाने की मांग की थी। यह मामला साल 2016 का है। अभिनेत्री ने रिपब्लिक टीवी पर एक इंटरव्यू में कुछ टिप्पणी की थी, जिस पर आपत्ति जताते हुए उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी। न्यायमूर्ति पीडी नाइक ने याचिका पर फैसला सुनाते हुए कहा कि अख्तर के मामले में सुनवाई पहले ही शुरू हो चुकी है। इस प्रकार, रानौत की ओर से मांगी गई राहत इस स्तर पर नहीं दी जा सकती है।



## एचआरटीसी कंडक्टर भर्ती का परीक्षा परिणाम घोषित

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग ने हिमाचल पथ परिवहन निगम कंडक्टर भर्ती की लिखित परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। परीक्षा परिणाम में 826 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया है। डॉक्यूमेंटेशन का शेड्यूल आयोग द्वारा जल्द ही जारी किया जाएगा। परिवहन निगम में कंडक्टर भर्ती के लिए हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग ने 360 पदों को भरने के लिए प्रक्रिया शुरू की है। 4 अप्रैल 2023 को भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई थी। लिखित परीक्षा 10 दिसंबर 2023 को आयोजित की गई थी। शुक्रवार को एचआरटीसी कंडक्टर भर्ती की लिखित परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया है।

## ज्ञानवापी मामला: मुस्लिम पक्ष को कोर्ट से राहत नहीं

**एजेंसी, प्रयागराज**

ज्ञानवापी तहखाना में पूजा-अर्चना की अनुमति देने संबंधी जिला जज वाराणसी के आदेश के खिलाफ इलाहाबाद हाई कोर्ट से मुस्लिम पक्ष को कोई राहत नहीं मिली है। अब, अगली सुनवाई 6 फरवरी को होगी। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने का भी निर्देश दिया है।

अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि अगली तारीख छह फरवरी को सुनवाई होने तक ज्ञानवापी स्थित व्यास जी के तहखाने में पूजा होती रहेगी। सरकार को यह निर्देश दिया गया है कि यहां पर कोई अतिरिक्त निर्माण कार्य न कराया जाए। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ ने कहा कि मस्जिद पक्ष पहले 17 जनवरी 2024 के आदेश को चुनौती दे। वहीं, देश में मुसलमानों की सबसे बड़ी जमात जमीयत उलमा-ए-हिंद ने ज्ञानवापी मामले में मुस्लिम पक्ष के तरफ से दिल्ली में अपनी बात रखी, जिसमें जमीयत के पदाधिकारियों ने कहा है कि वह मामले को सुप्रीम कोर्ट में लेकर जाएंगे। वहीं ट्रेजरी से तहखाने में आठ खंडित मूर्तियां वापस लाई गई हैं। एएसआई सर्वे के दौरान ये मूर्तियां मिली थीं। शिव, हनुमान, लक्ष्मी और गणेश जी की मूर्तियां सर्वे के दौरान मिली थीं।

### अब छह फरवरी को सुनवाई व्यास तहखाने में पूजा जारी रहेगी



## बम और ग्रेनेड हमलों से दहला बलूचिस्तान प्रांत

**क्वेटा।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में 10 जगह बम और ग्रेनेड से हमला किया गया। इस दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। प्रांतीय सरकार के एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि की। डॉन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, हमलावरों ने कई पुलिस स्टेशनों और उपायुक्त कार्यालयों को निशाना बनाया। हमले में एक पुलिस अधिकारी और एक जेल वार्डन सहित छह लोग घायल हो गए। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रांतीय राजधानी क्वेटा समेत पूरे बलूचिस्तान में कम से कम 10 स्थानों पर बम और ग्रेनेड से हमला किया गया।

क्वेटा के एसएसपी (ऑपरेशंस) जवाद तारिक के अनुसार, क्वेटा के स्पिनी इलाके में सीपीईसी रोड पर फुटपाथ पर रखा एक बम फट गया। इससे एक राहगीर की मौत हो गई। अधिकारियों के मुताबिक, शक्तिशाली विस्फोट से प्रांतीय राजधानी के कई इलाके दहल गए। पाकिस्तान चुनाव आयोग ने कहा कि हमलों का संज्ञान लेते हुए बलूचिस्तान के पुलिस महानिरीक्षक और मुख्य सचिव से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।



### स्पीति घाटी में पैसे देकर उड़वाया जाता है अपना ही मजाक, पीड़ित की खूब बुराई कर नजर दोष का किया जाता है निवारण

# यहां नजर उतारने की है अनोखी परंपरा...

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

शीत मरुस्थल स्पीति घाटी की पुरातन संस्कृति आज भी एक उदाहरण है। उनके लिए जो आधुनिकता और विकास की दौड़ में इतना आगे निकल गए कि कहीं न कहीं उनकी पुरातन संस्कृति और पुरानी मान्यताएं पीछे रह गईं। यूं तो नजर लगना और नजर दोष का निवारण करना, जैसे वाक्यों से सभी परिचित हैं और प्रदेश के हर गांव में अब भी इन बातों पर विश्वास किया जाता है ओर उसके लिए हर संभव उपाय किए जाते हैं। स्पीति में भी नजर दोष या नजर लगना जैसी बातों पर विश्वास किया जाता है और उसके निवारण के लिए बेहद अनोखा उपाय किया जाता है।



स्पीति में अगर किसी व्यक्ति को कोई गंभीर समस्या हो जाए या फिर कोई शारीरिक तकलीफ या कोई असाध्य बीमारी हो जाए और हर मुमकिन कोशिश के बाद भी कोई हल न निकले तो ऐसे में बौद्ध भिक्षुओं यानी लामाओं को घर बुला कर उक्त समस्या के निवारण के लिए गुजारिश की जाती है। समस्या के समाधान के लिए बौद्ध भिक्षुओं द्वारा अपने ज्ञान और पवित्र पोथी का अनुसरण कर उक्त व्यक्ति के लिए समाधन तय किया जाता है। बौद्ध भिक्षु को पोथी पर उक्त व्यक्ति की समस्या का कारण अगर नजर दोष निकला तो ऐसे में लामा उक्त व्यक्ति को या फिर उनके परिजनों को मिखा निकालने के बारे में कहते हैं। स्पीति की बोली में मिखा का मतलब नजर लगना होता है और मिखा के निवारण के लिए एक व्यक्ति को मसखरा बनना होता है और उसे उक्त व्यक्ति के नजर दोष निवारण के लिए पूरे गांव का चक्कर लगा कर आना होता है। (अनंत ज्ञान)

## मसखरे को अपनी बुराई करवाने के लिए देते हैं पैसे

**मसखरा** जब गांव में घूम-घूम कर पीड़ित व्यक्ति की बुराई करता है तो ऐसे में रास्ते में मिलने वाले गांव के अन्य लोग भी मसखरे को अपनी बुराई करवाने के लिए पैसे देते हैं और जो भी पैसा देता है वह उसकी बुराई इतने मजेदार तरीके से करता है कि सामने वाले को बुरा भी नहीं लगता और उनकी नजर भी उतर जाती है। मसखरा जब बुराई करता है तो वह कभी-कभी व्यंग्य विनोद के साथ-साथ ऐसे शब्दों का भी प्रयोग कर देता है, जो शब्द थोड़े आपत्तिजनक भी होते हैं, मगर गांव में कोई भी मसखरे की बात का बुरा नहीं मानता, बल्कि उसे मनोरंजन के तौर पर देखा जाता है।

## मसखरा एक प्रकार से समाज का आईना होता है

**मसखरा** एक प्रकार से समाज का आईना होता है ओर वह सिर्फ वही बातें बोलता है जो अक्सर लोग किसी के बारे में पीठ पीछे बातें करते हैं। वह लोगों की इर्ष्या, जलन और किसी की तरक्की से उत्पन्न होने वाली परेशानी को खुल कर जाहिर करता है और वह बिलकुल समाज के आईने की तरह होता है जो दिखता है उसी को वह व्यक्त करता है।

## खत्म हो रहा है मसखरा बनने और नजर उतारने की परंपरा

**आज** के समय में अब कोई भी मसखरा बनने को तैयार नहीं है बस वही लोग बचे हैं, जो पहले से मसखरा बनते आए हैं। अब नई युवा पीढ़ी को इन सब बातों में ज्यादा दिलचस्पी और विश्वास नहीं है। बदलते वक्त के साथ स्पीति घाटी में भी बदलाव हो रहा है। आज के समय में घाटी में लगभग सभी लोग शिक्षित हो चुके हैं ऐसे में पुरानी परंपराओं का साथ छूटना भी उसमें शामिल है।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

## क्या करता है मसखरा

**मसखरा** फटे पुराने वस्त्र धारण कर अपने चेहरे पर कालिख या कुछ और रंग पोत कर या फिर अजीबोगरीब सूरत बना कर एक लकड़ी के टुकड़े को, जिसे मसखरा अपना घोड़ा कहता है को लेकर पूरे गांव का चक्कर काटता है और इस दौरान जो भी व्यक्ति रास्ते में मसखरे से मिलता है तो ऐसे में मसखरा उक्त व्यक्ति की जम कर बुराई करना शुरू कर देता है, परंतु बहुत ही मजाकिया अंदाज में कहता है और यह सिलसिला पूरे गांव का चक्कर काटने तक चलता रहता है। मसखरा नजर दोष से पीड़ित व्यक्ति के साथ-साथ मजाक-मजाक में उसके परिजनों की भी उतनी भी बुराई करता है और ऐसा माना जाता है कि समाज के लोगों के सामने पीड़ित व्यक्ति की ओर उसके परिजनों की बुराई करने से नजर दोष समाप्त हो जाता है।

# एसजेवीएन की सीएमडी के रूप में नेतृत्व करने वाली पहली महिला बनीं गीता कपूर

**जय ठाकुर, शिमला**



एसजेवीएन की निदेशक, कार्मिक गीता कपूर ने एसजेवीएन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार किया ग्रहण कर लिया है। भारतीय विद्युत क्षेत्र के भीतर किसी भी हाइड्रो सीपीएसई का नेतृत्व करने वाली गीता कपूर ने पहली महिला के रूप में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।

इससे पूर्व, इन्होंने वर्ष 2018 में एसजेवीएन में पहली पूर्णकालिक महिला निदेशक के रूप में इतिहास रचा और जब कपूर ने वर्ष 1992 में एसजेवीएन को ज्वाइन किया तब वह कंपनी में शामिल होने वाली पहली महिला कार्मिक अधिकारी थीं। कार्यभार ग्रहण करते समय, गीता कपूर ने गत सभी उन अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशकों के प्रति उनके अनुकरणीय नेतृत्व के लिए आभार व्यक्त किया, जिन्होंने एसजेवीएन में शक्ति और परिपक्वता का संचार किया तथा कंपनी को अपनी वर्तमान प्रतिष्ठा तक पहुंचाया। उन्होंने एसजेवीनाइट्स को भविष्य में भी नेतृत्वकारी भूमिका निभाने के लिए शुभकामनाएं दीं।

एसजेवीएन में 31 वर्षों से अधिक की समर्पित सेवाओं के साथ, गीता कपूर के पास मानव संसाधन, सिविल निर्माण और सिविल अनुबंध के क्षेत्र में सर्वांगीण अनुभव है। मानव संसाधन में अपने अमूल्य अनुभव के साथ, गीता कपूर ने नीतियां बनाने, मानक संचालन प्रक्रियाओं को परिभाषित करने और यूनियनों के साथ वेतन निपटान का नेतृत्व करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने जनवरी 2024 में कंपनी को प्रतिष्ठित 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' सूची में पहुंचाया। वर्तमान में गीता कपूर एसजेवीएन के पंजीकृत ट्रस्ट सीएसआर फाउंडेशन 'की अध्यक्ष भी हैं। (अनंत ज्ञान)


## अनुभवी स्टाफ चाहिए

प्रदेश के उभरते मीडिया ग्रुप 'अनंत ज्ञान' को हिमाचल में संपादकीय, डिजिटल मीडिया, मार्केटिंग और सर्कुलेशन विभाग में अनुभवी स्टाफ चाहिए। वेतन योग्यतानुसार।

'अनंत ज्ञान' को प्रदेश में 100 जुझारू और ऊर्जावान युवाओं की जरूरत है। न्यूनतम योग्यता आठवीं पास हो। आवेदन जल्द से जल्द करें।

अपने सीवी भेजें

मोबाइल नंबर: 8894521702

ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

## बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें

**बर्थडे** हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सएप नंबर 8580644502 पर भेजें।


## शादी मुबारक



अरलू कुंदो के सौरभ और दीक्षा को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

# राज्य में बारिश और बर्फबारी का अलर्ट जारी

## आज से फिर सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ, सात फरवरी से पूरे प्रदेश में साफ रहेगा मौसम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**


हिमाचल प्रदेश में बीते तीन दिन से जारी बारिश और बर्फबारी के बाद एक बार फिर से बारिश-बर्फबारी का अलर्ट जारी हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार तीन फरवरी को एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के आसार हैं। इसके प्रभाव से पांच फरवरी तक मध्य और उच्च पर्वतीय जिलों के कई क्षेत्रों में बारिश-बर्फबारी के आसार हैं। मैदानी भागों में बारिश की संभावना है। विभाग ने तीन दिन का येलो अलर्ट जारी किया है।

चार फरवरी को कुल्लू चंबा, शिमला, किन्नौर और लाहौल-स्पीति जिलों में भारी बर्फबारी का येलो अलर्ट जारी हुआ है। इस दौरान शिमला शहर और आसपास के इलाकों में हलकी से मध्यम बर्फबारी की संभावना है। वहीं, तीन और चार फरवरी को राज्य के मैदानी और निचले पहाड़ी और मध्य पहाड़ी जिलों में कुछ स्थानों पर अंधड़ और बिजली चमकने की संभावना है।

इसके साथ चार फरवरी को अलग-अलग स्थानों पर ओलावृष्टि होने की संभावना है, जबकि छह फरवरी को उच्च पर्वतीय एक-दो स्थानों पर बारिश-बर्फबारी हो सकती है। सात फरवरी से पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहने के आसार हैं।

### न्यूनतम तापमान

| | |
|---|---|
| शिमला | 0.6 |
| सुंदरनगर | 2.0 |
| भुंतर | 0.5 |
| कल्पा | -7.2 |
| धर्मशाला | 2.2 |
| ऊना | 3.3 |
| नाहन | 4.7 |
| पालमपुर | 1.5 |
| सोलन | 1.5 |
| मनाली | -6.1 |
| कांगड़ा | 3.5 |
| मंडी | 2.2 |
| बिलासपुर | 4.2 |
| हमीरपुर | 2.6 |
| डलहौजी | -3.1 |
| जुब्बड़हट्टी | 0.5 |
| कुफरी | -5.9 |
| कुकुमसेरी | -13.8 |
| नारकंडा | -6.1 |
| रिकांगपिओ | -2.7 |
| सेऊबाग | 0.5 |
| धौलाकुआं | 6.8 |
| बरठीं | 2.6 |



बर्फबारी के बाद राजधानी का मनमोहक नजारा। फोटो: प्रदीप कुमार

### कहां कितनी बर्फबारी

संटीमीटर में

| स्थान | बर्फबारी |
|---|---|
| शिलारू | 42.6 |
| खदराला | 35 |
| कोठी | 35 |
| चौपाल | 20 |
| केलांग | 15 |
| गोंदला | 17.5 |
| कुकुमसेरी | 14 |
| मनाली | 30 |
| भरमौर | 25 |
| सलूणी | 21 |
| छतराड़ी | 10 |
| कल्पा | 8 |
| रिकांगपिओ | 8 |

## यूजी और पीजी विषयों का पुनर्मूल्यांकन का परिणाम घोषित

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश टेक्निकल यूनिवर्सिटी हमीरपुर ने स्नातक व स्नातकोत्तर विषयों के पुनर्मूल्यांकन का परिणाम घोषित किया है। यूनिवर्सिटी ने मई-2023 में आयोजित परीक्षा के परिणाम के बाद जिन अभ्यर्थियों ने पुनर्मूल्यांकन के आवेदन किए थे, ऐसे अभ्यर्थियों के परिणाम घोषित किए हैं, जिसमें एमबीए, एमसीए, एमएससी भौतिक विज्ञान, एम-टेक, एम-फार्मेसी के परिणाम शामिल हैं। इसके अलावा बी-फार्मेसी के अभ्यर्थियों की पुनर्मूल्यांकन का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक कमल देव सिंह कंवर ने कहा कि अभ्यर्थी वेबसाइट पर अपना परिणाम देख सकते हैं।

## नितिन आजाद को कोर्ट से जमानत की राहत

**हमीरपुर।** हमीरपुर स्थित भांग हिमाचल कर्मचारी चयन आयोग के पेपर्स के मामले में गिरफ्तार एक आरोपी नितिन आजाद को कोर्ट से जमानत की राहत मिल गई है। उसे एक लाख का बांड भरकर यह जमानत होगी। इसका प्रक्रिया शुरू हो गया है। मंडी स्थित विजिलेंस के डीआईजी राहुल देव ने बताया कि नितिन आजाद चार अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किया गया था। दो में पहले ही बेल आउट हुआ था, लेकिन अब जिस मामले में वह गिरफ्तार था, उसमें कोर्ट ने उसे जमानत दी है। अब आयोग के पेपर स्कैम मामले में उमा आजाद सहित एक और आरोपी गिरफ्तार हैं। उमा आजाद मुख्य आरोपी हैं।

## सिविल सप्लाई कारपोरेशन का स्टोर कीपर 5000 रुपए रिश्वत लेते पकड़ा

**हमीरपुर।** विजिलेंस में सिविल सप्लाई कारपोरेशन के पक्का भरो में स्थित एक स्टोर कीपर को 5000 रुपए की रिश्वत लेने के एवज में रंगे हाथ पकड़ा है। सूत्रों के मुताबिक सरकारी काम के लिए एक ठेकेदार को इसी स्टोर से सीमेंट लेना था, लेकिन पिछले कुछ दिनों से सीमेंट देने के लिए यह आनाकानी कर रहा था। विजिलेंस को जब इसकी सूचना मिली, तो फिर पकड़ने का जाल बुना गया।

विजिलेंस की एएसपी रेणू शर्मा ने बताया कि सूचना मिलने पर विजिलेंस की एक टीम सिविल सप्लाई के इस स्टोर में पहुंची और स्टोर कीपर नीलकमल को 5000 रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में अभी कार्रवाई जारी है। गिरफ्तार किए गए स्टोर कीपर को कोर्ट में पेश किया जाएगा। और भी जानकारी इकट्ठी की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक पक्का भरो स्थित इस सिविल सप्लाई कारपोरेशन के स्टोर में विजिलेंस की टीम कार्रवाई की औपचारिकताओं को पूरा करने में जुटी हुई थी।

## ठंडोल में कैंटर पलटने से दो बच्चों सहित चार घायल, एक की मौत

**अजय पाल, पंचरुखी**



पंचरुखी थाना के तहत शुक्रवार शाम को तेज रफ्तार कैंटर के सड़क के बीचोंबीच पलट जाने से एक की महिला की मौत व दो बच्चों समेत चार घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार कैंटर मनियाड़ा से शिवनगर की ओर जा रहा था, जो ठंडोल के पास अचानक सड़क पर पलट गया, जिससे सड़क के किनारे खड़े दो बच्चों समेत चार लोग कैंटर की चपेट में आने से घायल हो गए व एक की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों में भावना (16) वर्ष भटपुरा ठंडोल, आराध्या (नौ) भटपुरा ठंडोल, ट्रक ड्राइवर शिवम ठंडोल को टांडा अस्पताल रैफर कर दिया है व दलजीत कटोच को सीएचसी भवारना में उपचार के लिए भेज दिया है। कमला देवी (72) ठंडोल निवासी की मौके पर ही मौत हो गई। थाना प्रभारी पंचरुखी नंद लाल ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया है। घायलों को उपचार के लिए टांडा अस्पताल भेज दिया है। मृतिका का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। बताया जा रहा है कि ड्राइवर ने शराब पी हुई थी। पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जांच कर रही है। प्रताक्षदर्शीयों के अनुसार से एक कैंटर ट्रक चालक ने पहले सब्जी की दुकान के ऊपर गाड़ी चढ़ा दी, जिसमें एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई व चार अन्य घायल हो गए। (अनंत ज्ञान)

## एक ही दिन बच्ची सहित दो की संदिग्ध मौत

**शिमला।** राजधानी में दो लोगों की संदिग्त मौत से सनसनी फैल गई है। पुलिस थाना बालूगंज के तहत डेढ़ वर्ष की बच्ची सहित दो की हुई संदिग्ध मौत के मामले सामने आए हैं। पुलिस के अनुसार तारादेवी एचआरटीसी के रैस्ट रूम में चालक मोहन लाल मृतावस्था में पाया गया, जब चालक नहीं उठा तो साथियों ने पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस उसे आईजीएमसी ले गई, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एक अन्य मामले में बालिका आश्रम टूटीकंडी में रह रही एक डेढ़ वर्ष की बच्ची भी मृतावस्था में पाई गई। सूचना मिलने के उपरांत पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया। एसपी संजीव गांधी ने बताया कि पुलिस ने दोनों के शवों के पोस्टमार्टम करवा लिए है और मौत के असली कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही चलेगा।

## वोल्वो और ट्रक में टक्कर, चालक की मौत

**मंडी।** चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाई-वे पर हादसों का दौर जारी है ताजा मामले में मंडी जिला के सुंदरनगर उपमंडल के जड़ोल में दिल्ली से मनाली जा रही वोल्वो बस कैंटर के पीछे टकरा गई, जिस कारण वॉल्वो बस चालक की मौत हो गई, जबकी कुछ सवारियां भी घायल हुई हैं। जानकारी के अनुसार दिल्ली से मनाली जा रही वोल्वो बस नंबर (डीडी 01 पी 9299) शुक्रवार सुबह करीब 4:40 पर सुंदरनगर के जड़ोल में पाइप से लदे कैंटर के पीछे टकरा गईं। इस हादसे में वोल्वो बस चालक की मौत हो गई, जबकि बस में सवार पांच-छह सवारियों को गंभीर चोटे आई हैं। हादसा इतना भयंकर था की टक्कर लगने के बाद कैंटर डिवाईडर को क्रॉस करता हुआ हाई-वे के दूसरी ओर जा पहुंचा और दीवार से टकरा गया। मृतक चालक की पहचान 52 वर्षीय रूप सिंह पुत्र अमी चंद न्यू कॉलोनी गांधी नगर जिला कुल्लू के रूप में हुई है। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी हेडक्वार्टर देवराज ने की है।

# हमीरपुर लोस सीट से सतपाल रायजदा के नाम की चर्चा

## ऊना डीसीसी ने प्रदेश अध्यक्ष को भेजा उनके नाम का सिंगल प्रस्ताव

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर संसदीय सीट से कांग्रेस की उम्मीदवारी के लिए ऊना जिले से पूर्व विधायक सतपाल रायजदा का नाम सामने आने लगा है। अभी तक उम्मीदवारी के इस मामले को लेकर कांग्रेस के नेताओं के दरमियान जो खींचतान का दौर जारी था, उस पर विराम लगने की उम्मीद जताई जा रही है। कारण यह है कि जिला कांग्रेस कमेटी ऊना ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रत्याशी बनाए जाने को लेकर जो प्रस्ताव भेजा है, उसमें केवल एक ही नाम सतपाल रायजदा का है।



यह प्रस्ताव प्रदेश कांग्रेस कमेटी को पहुंच गया है। जिला कांग्रेस कमेटी ऊना के अध्यक्ष रणजीत सिंह राणा का कहना है कि एक ही व्यक्ति सतपाल रायजादा का प्रस्ताव प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजा गया है। हमीरपुर और बिलासपुर जिलों से इस तरह के प्रस्ताव अभी मांगे नहीं गए हैं। जिस तरीके से कांग्रेस के नेता पार्टी प्रत्याशी की उम्मीदवारी को लेकर एक-दूसरे की टोह ले रहे हैं, उसमें कई तरह के सवाल खड़े हो रहे थे, लेकिन गुपचुप तौर पर डीसीसी ऊना ने जो प्रस्ताव प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजा है, उसकी किसी को भनक नहीं लगी है।

हमीरपुर जिला कांग्रेस के प्रधान सुमन भारती का कहना है कि जिला कांग्रेस से इस तरह का कोई भी प्रस्ताव अभी मांगा नहीं गया है। ऐसा कोई प्रस्ताव उनकी नियुक्ति से पहले गया हो तो इसकी जानकारी नहीं है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ऐसा कोई प्रस्ताव मांगेगा तो उसे जिला कांग्रेस भेजेगी। हालांकि बिलासपुर से भी ऐसा कोई प्रस्ताव प्रदेश कांग्रेस कमेटी को गया हो, इसकी जानकारी नहीं है, लेकिन सूत्रों के मुताबिक हमीरपुर, बिलासपुर और ऊना तीन जिलों में से केवल ऊना से ही प्रस्ताव गया है। काबिले गौर यह है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह इन दोनों हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के कई क्षेत्रों का दौरा कर चुके हैं। कार्यकर्ताओं से भी मिल रहे हैं। नेताओं की बयानबाजी की भी वह टोह ले रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### सत्ता की दृष्टि से बेहद जरूरी है यह सीट उम्मीदवारी को लेकर कांग्रेस की देरी पर चर्चाएं

**ऐसा** भी नहीं है कि हमीरपुर संसदीय सीट से कांग्रेस के नेता चुनाव लड़ने से कतरा रहे हों, मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री इसी सीट से ताल्लुक रखते हैं और यह सीट कांग्रेस के लिए सत्ता की दृष्टि से बेहद जरूरी है। सतपाल राजपूत बिरादरी से ताल्लुक रखते हैं वह बेबाकी से बोलने में भी माहिर हैं। इसीलिए अब क्योंकि उम्मीदवारी को लेकर कांग्रेस की हो रही देरी पर कई तरह की चर्चाएं हो रही हैं। इसीलिए हो सकता है कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का दस, 11 तारीख के आसपास हिमाचल आने की संभावना बताई जा रही है वह बैठक भी ले सकते हैं और उसी में इस पर चर्चा होगी ऐसा कांग्रेस सूत्रों का मानना है।

**तैयारी** 200 जवान संभालेंगे रैली के दौरान सुरक्षा-व्यवस्था, भारी संख्या में पहुंचेंगे कार्यकर्ता

# जोरावर स्टेडियम से भाजपा के कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे नड्डा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के स्वागत को लेकर धर्मशाला का जोरावर स्टेडियम तैयार है। शहर भर में पुलिस के 200 से ज्यादा जवानों के सुरक्षा घेरे में यह कार्यक्रम भाजपा के लोकसभा चुनावों के लिए रणभेरी सा होगा, तो वहीं समारोह में दस हजार के करीब भाजपाई जुटने का अनुमान है।



प्रदेश में दो दिनों की बारिश तथा बर्फबारी से जहां लाखों लोगों को राहत मिली है, तो वहीं अपने प्रदेशाध्यक्ष का पलकें बिछाकर इंतजार कर रही बीजेपी ब्रिगेड को भी शुक्रवार सुबह से खिली धूप ने राहत दी है। प्रदेशाध्यक्ष जेपी नड्डा शनिवार सुबह दस बजे धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में विशाल जनसभा करेंगे। कुल मिलाकर दस कार्यक्रम के माध्यम से भाजपा पहाड़ी राज्य हिमाचल की चारों सीटों को लेकर लोकसभा चुनावों का बिगुल फूंकेगी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने खुद रैली की तैयारियों की कमान संभाल जोरावर स्टेडियम में तैयारियों पर नजर रखे हैं। वहीं, नेता प्रतिपक्ष तथा पूर्व सीएम जयराम ने भी शुक्रवार को तेयारियों का जायजा लिया। जेपी नड्डा की प्रस्तावित रैली को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल सहित आला नेताओं ने दो दिन पहले से धर्मशाला में डेरा डाला हुआ है। नड्डा चार फरवरी को पार्टी पदाधिकारियों से बैठक करके लोकसभा चुनाव की रणनीति बनाएंगे। रैली में लॉ एंड आर्डर के साथ शहर में यातायात को सुचारू रखने के लिए कांगड़ा पुलिस के 200 से जयादा जवान शहर के विभिन्न चौराहों तथा स्थानों पर तैनात रहेंगे। इस दौरान पुलिस के आला अफसर निगरानी करते रहेंगे तथा सुरक्षा को लेकर पूरे इंतजाम किए गए हैं।

- रैली प्रभारी व सह-प्रभारी किए नियुक्त
- परिवहन का जिम्मा संभालेंगे मंडलाध्यक्ष
- झंडों व उनके डंडों का जिम्मा भाजयुमो को

इस बारे में धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीरबहादुर ने बताया कि व्यवस्था तथा ट्रैफिक संभालने के लिए 200 के करीब जवान तैनात किए गए हैं।

# सुक्खू सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों को उतारने से एक साल में बचाए 28.32 लाख

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों को सड़कों पर उतारने से सुक्खू सरकार ने एक साल में लाखों रुपए की बचत की है। एक वर्ष पूर्व परिवहन विभाग में 19 ई-वाहन शामिल किए गए थे, जिससे न केवल धन की बचत बल्कि पर्यावरण संरक्षण भी सुनिश्चित हुआ है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को बताया कि परिवहन विभाग में जीवाश्म इंधन आधारित वाहनों के स्थान पर 19 इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग से एक वर्ष की अल्पावधि में 28,32,853 रुपए की बचत हुई है।

विभाग में ई-वाहनों का उपयोग करने से कार्बन उत्सर्जन में 87.318 टन की उल्लेखनीय कमी आई है। मुख्यमंत्री का कहना है कि परिवहन विभाग ई-वाहनों को अपनाने वाला देश का पहला विभाग है। सरकार का यह कदम पर्यावरण संरक्षण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पिछले वर्ष तीन फरवरी को परिवहन विभाग




शिमला शहर में ई-वाहन का उपयोग करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

को 19 ई-वाहन प्रदान किए गए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य आयातित जीवाश्म इंधन पर निर्भरता कम करना है, ताकि इस पर व्यय होने वाली धनराशि का उपयोग जनकल्याण कार्यों के लिए किया जा सके। प्रदेश सरकार राज्य की पारिस्थितिकी को संरक्षित करते हुए पर्यावरण अनुकूल परिवहन को बढ़ावा प्रदान कर रही है। देश के अन्य राज्य भी इस पहल को अपनाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार परिवहन क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने और शहरी क्षेत्रों में वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्बन फुटप्रिंट में कमी से लोगों के स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। ग्रीन-मोबिलिटी के लिए राज्य सरकार बुनियादी ढांचे को भी मजबूत कर रही है और इस वित्त वर्ष के अंत तक छह ग्रीन कॉरिडोर तैयार हो जाएंगे। बता दें कि प्रदेशवासियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रोत्साहित करने के दृष्टिगत मुख्यमंत्री स्वयं भी शिमला शहर में ई-वाहन का उपयोग कर रहे हैं। सरकार के इस कदम से पर्यावरण संरक्षण और हानिकारक कार्बन उत्सर्जन को कम करने में युवाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित होगी।

## शिमला की पहाड़ियों का बर्फ से श्रृंगार



## केंद्र सरकार को सेना अब लगने लगी है बोझ

**धर्मशाला।** अग्निवीर भर्ती योजना की समीक्षा करके पुरानी भर्ती को बहाल किया जाए। पहले हर वर्ष प्रदेश के चार हजार से अधिक युवा सेना में भर्ती होते थे, जबकि अग्निवीर योजना के तहत वर्ष 2021 में प्रदेश का कोटा फिक्स कर दिया गया है। यह बात कांगड़ा-चंबा भूतपूर्व सैनिक लीग के विशेष सलाहकार मेजर जनरल धर्मवीर सिंह राणा ने धर्मशाला में प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि चार साल के लिए अग्निवीर रखे जा रहे हैं। युद्ध में हथियार नहीं, बल्कि हथियार के पीछे वाला जवान अहम होता है।

ऐसे में यदि अग्निवीर को चीन या पाक के साथ जमीनी युद्ध में लड़ाया जाता है, तो बहुत बड़ी त्रास्दी होगी। उन्होंने कहा कि पंजाब में पांच सीएसडी डिपो हैं, जबकि हिमाचल में एक भी नहीं है, इस मांग बारे भी भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष से बात की जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसा लगता है कि केंद्र को सेना अब बोझ लगने लगी है, जिस कारण वर्ष 2014 के बाद सेना को मिलने वाली सुविधाओं में कटौती कर दी गई। वन रैंक वन पेंशन की विसंगतियों को दूर करने की मांग पूर्व सैनिक लंबे समय से उठाते आ रहे हैं, लेकिन अभी तक विसंगतियां यथावत बनी हुई हैं। सुप्रीमकोर्ट में सैनिकों, पूर्व सैनिकों की अपंगता पेंशन के विरुद्ध दायर सभी मुकद्दमे केंद्र सरकार तुरंत प्रभाव से वापस ले।

# एचआरटीसी धार्मिक स्थलों के लिए चलाएगी पौने दो सौ नए रूट

## उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री बोले- 700 ड्राइवरों-कंडक्टरों की होगी भर्ती

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि एचआरटीसी धार्मिक दर्शन के लिए पौने दो सौ नए रूट चलाने जा रही है। इससे प्रदेश के सभी प्रमुख मंदिरों के साथ दूसरे राज्यों के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों के लिए भी बस सेवा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि एचआरटीसी में जल्द ही 700 ड्राइवरों-कंडक्टरों की भर्ती की जाएगी। इनमें 350 ड्राइवर और 350 कंडक्टर रखे जाएंगे। वहीं, जल्द ही एचआरटीसी के बेड़े में 350 इलेक्ट्रिक बसें शामिल की जाएंगी।

उपमुख्यमंत्री शुक्रवार को मंडी जिले के सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र की रखोटा पंचायत में आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान सांसद एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उपमुख्यमंत्री ने सरकाघाट के नौबाही माता मंदिर के प्राचीन तालाब के जीर्णोद्धार के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने रखोटा पंचायत के प्रांगण में बने मंच के सुधार के लिए पांच लाख तथा प्राचीन बताली माता मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए दस लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने भदरोता क्षेत्र की सभी 16 पंचायतों के महिला मंडलों को पांच-पांच हजार रुपए देने की घोषणा भी की। उन्होंने भदरोता क्षेत्र से प्रदेश के बाहर के धार्मिक स्थलों के लिए दो नए बस रूट आरंभ करने की स्वीकृति दी। उन्होंने कहा कि जयराम सरकार में प्रदेश के सरकारी कर्मी अपमानित होते रहे। वे अपनी मांगों को लेकर शिमला जाते तो उन पर डंडे बरसाए जाते थे, मुकदमे बनाए जाते थे और ट्रांसफर के ऑर्डर थमाए जाते थे। उन्होंने कहा कि राजनेताओं का रिपोर्ट कार्ड इलाके में विकास के कार्यों, गरीब की सेवा से लिखा जाता है। जनता को नेताओं का रिपोर्ट कार्ड देखना चाहिए। उसके आधार पर वोट देना चाहिए।

वहीं, सांसद प्रतिभा सिंह ने कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र के सभी 17 हलकों के लिए उन्होंने सांसद निधि का एक समान वितरण किया है, ताकि सभी जगह विकास को गति मिले। इस मौके विधानसभा चुनाव में सरकाघाट से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे पवन ठाकुर ने उपमुख्यमंत्री तथा सांसद का स्वागत करते हुए क्षेत्र की विभिन्न मांगे उनके समक्ष रखीं।

### 15 करोड़ की तीन पेयजल परियोजनाओं का किया शिलान्यास

**सरकाघाट।** उपमुख्यमंत्री ने नौबाही और रखोटा में जल शक्ति विभाग की 15 करोड़ रुपए की तीन पेयजल परियोजनाओं के शिलान्यास किए। इससे नौबाही और रखोटा समेत पूरे भदरोता क्षेत्र के लोगों को पेयजल की बेहतर सुविधा निर्मित होगी।



पेयजल परियोजनाओं का शिलान्यास करते डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री।

उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं को जल्द पूरा कर के जनता को समर्पित किया जाएगा, ताकि सभी को शीघ्र लाभ मिले। रखोटा के पंचायत घर परिसर में आयोजित 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम से पहले उपमुख्यमंत्री ने सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के नौबाही में दो करोड़ 92 लाख रुपए की लागत से उठाऊ पेयजल योजना नौबाही, बैहल, जुकैण के पुनर्निर्माण तथा जल जीवन मिशन के तहत लगभग चार करोड़ रुपए की लागत से उठाऊ पेयजल योजना बलद्वाड़ा भदरोता व गोपालपुर के लिए 2.00 एमएलडी क्षमता के जल संशोधन संयंत्र का शिलान्यास किया। उन्होंने रखोटा में जल शक्ति उपमंडल भद्रवाड़ में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत सात करोड़ 95 लाख रुपए से निर्मित होने वाली विभिन्न पेयजल योजनाओं के स्रोत के सुदृढ़ीकरण के कार्य का शिलान्यास भी किया।

### मेले के मुख्यातिथि रहे

**महर्षि** शौनक सनातन धर्म उत्थान प्रचारक ब्राह्मण सभा संगठन ने उपमुख्यमंत्री को नौबाही माता के वार्षिक मेला के शुभारंभ और महाआरती में बतौर मुख्यातिथि शिरकत का निमंत्रण दिया गया, जिसे उपमुख्यमंत्री और सांसद प्रतिभा सिंह ने स्वीकार कर लिया है। इस मौके पर रितेश शर्मा, रमेश शर्मा, प्रभु दयाल व पुरुषोत्तम आदि उपस्थित रहे।

## हिमाचल की वित्तीय स्थिति को भाजपा ने किया तबाह: नरेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार की माला जपने वाली भाजपा ने हिमाचल की वित्तीय स्थिति को तहस-नहस कर दिया। उन्होंने कहा कि पूर्व की जयराम सरकार अंधाधुंध ऋण लेने और राज्य के वित्तीय कुप्रबंधन के लिए याद की जाने वाली सरकार रही।



75 हजार करोड़ के ऋण के अलावा 11 हजार करोड़ की देनदारी सरकारी कर्मचारियों की थी। उन्होंने जयराम ठाकुर से सवाल किया कि वे अपने पांच साल के शासन में केंद्र से हिमाचल के लिए कौन सा विशेष पैकेज लेकर आए है। इन्वेस्टर मीट के नाम पर करोड़ों उड़ाने वाली भाजपा अपने डबल इंजन से राज्य के लिए कोई औद्योगिक पैकेज क्यों नहीं ला पाई। उन्होंने कहा कि हाल ही में बरसात से हुई भारी तबाही के बाद राज्य ने केंद्र को 10,000 करोड़ रुपए के नुकसान की रिपोर्ट सौंपी। इसके बावजूद विशेष वित्तीय पैकेज की प्रदेशवासियों की उम्मीद धरी ही रही और अब केंद्र के अंतरिम बजट ने भी राज्य के लोगों को निराश ही किया है। हिमाचल में पर्यटन या उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए इसमें कुछ भी नहीं था। कर ढांचे में कोई छूट नहीं मिलने से मध्यम वर्ग बुरी तरह प्रभावित हुआ। ऐसे में लोकसभा चुनाव में बीजेपी किस आधार पर वोट मांगने लोगों के पास जाएगी।

### लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस तैयार

**नरेश** चौहान ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने अपनी चुनावी गारंटी को पूरा करते हुए 1.36 लाख कर्मचारियों को ओपीएस प्रदान किया। यह भाजपा ही थी, जिसने कर्मचारियों के वैध अधिकारों से आंखें मूंद लीं और उन्हें पांच साल तक लालच देती रही, लेकिन हमने ऐसा नहीं किया।

### 680 करोड़ की स्टार्ट अप योजना शुरू

**स्टार्ट-अप** की गारंटी पूरी करते हुए युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर पैदा करने के दृष्टिगत 680 करोड़ रुपए की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना आरंभ की गई। हमने ग्रीन बजट प्रस्तुत किया, ताकि हिमालयी वनस्पतियों और जीवों को और अधिक संरक्षित किया जा सके।

## बजट में ओपीएस की आस लगाए बैठे कर्मचारी निराश

**रोहडू।** केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा पेश अंतरिम बजट में आशा वर्कर व आंगनवाड़ी वर्कर्ज को आयुष्मान योजना में लाने से पांच लाख तक स्वास्थ्य सुविधा नि:शुल्क देने का प्रावधान किया गया है। बजट में महिला, किसान व युवा वर्ग के लिए किए गए प्रावधानों का जहां स्वागत करते हुए राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ ने इसके लिए प्रधानमंत्री व केंद्र सरकार का धन्यवाद किया है। वहीं आशा, आंगनबाड़ी, मिड-डे मिल वर्कर्ज के मानदेय में वृद्धि न होने से निराशा हुई है। उन्हें कम से कम न्यूनतम वेतन तो मिलना ही चाहिए था। इसी तरह सरकारी क्षेत्र के कर्मचारी वर्ग पुरानी पेंशन गारंटीड पेंशन योजना की उम्मीद भी लगाए हुए हैं। आयकर सीमा में छूट न मिलने से भी इस वर्ग में निराशा हुई है। हालांकि यह बजट दीर्घकालीन अर्थव्यवस्था को ध्यान में रख कर बनाया गया है। उन्होंने बताया कि मध्यम वर्ग व कर्मचारी श्रमिक वर्ग की मुख्य मांगों पर इस बजट में प्रावधान नहीं हुआ है। आधार भूत संरचना में 11 फीसदी बढ़ोतरी करने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

## उत्तर और दक्षिण भारत के नाम पर राजनीति चमका रही कांग्रेस: जम्वाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार में उपमुख्यमंत्री के भाई और कांग्रेस के लोकसभा सांसद ने देश को अलग देश बनाने के प्रस्ताव की बात करके कांग्रेस का असली चेहरा जनता के सामने लाया है।



राकेश ने कहा कि एक और राहुल गांधी जोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं और दूसरी और कांग्रेस के सांसद दक्षिण भारत को देश से तोड़कर एक अलग राष्ट्र बनाने की बात कर रहे हैं, जिससे सिद्ध हो गया कि राहुल गांधी भारत तोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं। भाजपा, कांग्रेस सांसद के इस दुर्भाग्यपूर्ण बयान की कड़ी निंदा करती है और तुरंत ऐसी मानसिकता वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। भाजपा विधायक ने कहा कि देश को तोड़ने वाला बयान देने के बाद कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका वाड्रा, डीके सुरेश का भी कोई बयान सामने नहीं आया है, जो कि कांग्रेस की नीयत को साफ दर्शा रहा है। कांग्रेस हमेशा से देश को जाति, धर्म और क्षेत्र को आपस में लड़ा कर सत्ता की राजनीति करती आई है। कांग्रेस हमेशा से उत्तर भारत और दक्षिण भारत के बीच जनता को भड़का कर अपनी राजनीति करती आई है। उन्होंने कहा कि हाल ही में तेलंगाना के कांग्रेस के मुख्यमंत्री ने तेलंगाना के डीएनए को बिहार-यूपी यानी उत्तर भारत के डीएनए से बेहतर बताया था। तमिलनाडु में मुख्यमंत्री स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के बेटे प्रियांक खड़गे ने सनातन का अपमान किया।

## घर-घर पंफ्लेट बांट चुनाव प्रचार करेगी कांग्रेस: निगम भंडारी

**धर्मशाला।** देश का युवा, किसान तथा महिलाओं समेत हर वर्ग परेशान हैं। इसे लेकर कांग्रेस ने बैठक की। इसके बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष निगम भंडारी ने कहा कि इस बार दस बूथ पर मंडलाध्यक्ष बनाए जाएंगे तथा एक कमेटी के अलावा अन्य फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारी इसमें शामिल रहेंगे। शनिवार को धर्मशाला आ रहे बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से सवाल करते हुए उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में आपदा आई तो आप तथा आपकी केंद्र सरकार कहां थी। उन्होंने कहा कि आपदा के समय जेपी नड्डा को प्रदेश की याद नहीं आई, लेकिन चुनावों के लिए आ गई है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि केंद्र मदद करता तो क्रेडिट भी केंद्र को ही मिलता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रदेश में एकजुट है तथा कांगड़ा-चंबा संसदीय सीट समेत सभी चार सीटें मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अगुवाई में जीतेगी। उन्होंने वर्तमान भाजपा सांसद पर नाम लिए बगैर तंज कसते हुए कहा कि आपदा के समय वह कहां थे। कांग्रेस की ये टीम पिछले दस सालों में केंद्र सरकार के रोजगार देने समेत अन्य झुठे वादों को लेकर जानकारी वाला पंपलेट घर-घर में बांट कर सच्चाई सामने लाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र की बीजेपी सरकार ने झूठे जुमले गढ़ कर रोजगार के नाम पर अग्निवीर जैसी लंगड़ी योजना थोपकर वीरभूमि कहे जाने वाले कांगड़ा समेत पूरे प्रदेश व देश के युवाओं के साथ अन्याय किया है। उन्होंने केंद्र से सवाल किया कि इस योजना से पहले भर्ती प्रक्रिया से गुजर रहे करीब डेढ़ लाख युवाओं को इस योजना का नुकसान झेलना पड़ा है। भंडारी ने कहा कि इससे पहले कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने हर घर से एक युवा को रोजगार देने का झुठा वादा कर सत्ता हासिल की।

## सरकार के खिलाफ उठने लगी आवाजें तो प्रदर्शन पर लगाई रोक: जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश में आज हर वर्ग सड़कों पर है। कांग्रेस सरकार ने न तो चुनाव से पूर्व किए एक भी वादे को निभाया और न ही सरकार बनने के बाद एक भी ऐसा काम किया जो सरकार करती है, जो लोगों को पिछली सरकार में मिला हुआ था वह भी छीन रही है। ऐसे में लोगों में असंतोष होना लाजिमी है। यह बात जयराम ठाकुर ने जारी प्रेस बयान में कही।



उन्होंने कहा कि जब सरकार लोगों की आवाज नहीं सुनेगी तो मजबूर होकर लोग सड़कों पर उतरेंगे और प्रदर्शन करेंगे, जिससे सरकार के कानों तक उनकी आवाज पहुंचे, लेकिन सरकार लोगों को संतुष्ट करने, मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने के बजाय उनकी आवाज को दबाना चाह रही है। सरकार ने शिमला में प्रदर्शन करने पर रोक लगा दी है। सरकार को लगता है कि इस तरह के तानाशाही तरीके से वह लोगों की आवाज दबा सकती है, लेकिन ऐसा नहीं होने वाला है। लोग सरकार की नाकामियों के खिलाफ आवाज उठाना नहीं छोड़ेंगे। जयराम ठाकुर कहा कि पूरे देश में राहुल गांधी भारत न्याय यात्रा चला रहे हैं, लेकिन उन्हें यह नहीं पता है कि हिमाचल में झूठ बोलकर, लोगों को झूठी गारंटियां देकर सरकार बनाई है। सरकार बनाने के बाद से ही कांग्रेस प्रदेश में अन्याय कर रही है। सरकार माताओं-बहनों के साथ अन्याय कर रही है। युवाओं के साथ अन्याय कर रही है। किसानों-बागवानों के साथ अन्याय कर रही है। उन्होंने कि बीजेपी सरकार को इस तरह से मनमानी नहीं करने देगी। जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का कांगड़ा संसदीय क्षेत्र का दौरा ऐतिहासिक रहने वाला है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा तीन और चार फरवरी को कांगड़ा के धर्मशाला में रहेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी चारों लोकसभा सीटों में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने जा रही है। हर बूथ से बीजेपी को बढ़त दिलाने के लिए हर कार्यकर्ता संकल्पित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी भार भारत के प्रधानमंत्री बनेंगे।

## प्रियंका गांधी को हिमाचल से राज्यसभा में भेजने की उठी मांग

**विधायक बाली ने किया पुरजोर समर्थन**

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव आरएस बाली ने प्रियंका गांधी को राज्यसभा के लिए आदर्श कैंडिडेट करार दिया। उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी के राज्यसभा में चुने जाने से, हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व सशक्त होगा और प्रदेश के हितों की पैरवी जोरदार ढंग से हो पाएगी।



आरएस बाली ने प्रियंका गांधी से हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा का प्रतिनिधित्व स्वीकार करने का आग्रह किया। आरएस बाली ने कहा कि प्रियंका गांधी देश की तेजतर्रार नेता हैं और हिमाचल प्रदेश के साथ उनका गहरा ताल्लुक रहा है। निवर्तमान विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत में उनकी निर्णायक भूमिका रही है। कांग्रेस की पांच गारंटियों को निर्धारित करने में उनका विशेष मार्गदर्शन रहा है। प्रदेश विधानसभा चुनाव में उन्होंने प्रखर और अग्रणी भूमिका निभाई है। जन संवाद से लेकर बड़ी रैलियां में वह व्यक्तिगत रूप में शामिल रही हैं। बाली ने कहा कि प्रियंका गांधी का हिमाचल प्रदेश के साथ भावनात्मक जुड़ाव है। इसके नाते उन्होंने अपना एकमात्र घर हिमाचल प्रदेश में बनाया है और प्रदेश की सरजमीं में बसने का निर्णय लिया है।

उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी का हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा में पहुंचना समूचे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। इससे देश की संसद में प्रदेश की आवाज बुलंद होगी। आरएस बाली ने प्रियंका गांधी से, हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल करने का अनुरोध किया, ताकि उन्हें भरपूर समर्थन देकर राज्यसभा भेजा जा सके।

**मसला** | स्टाफ की भारी कमी; कॉलेज कैडर में ट्रांसफर कर दिए कर्मचारी, पब्लिक लाइब्रेरियां भी कर दी बंद

# सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में लाइब्रेरी के हाल बेहाल

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

सूबे के सरकारी जमा दो स्कूलों में लाइब्रेरीज रामभरोसे हो गई हैं। लाइब्रेरियों पर ताले लटक गए हैं। कारण यह है कि जो पुस्तकालय अभी तक चल रहे थे, पाठकों को सुविधा दे रहे थे, उस स्टाफ को कॉलेज कैडर में ट्रांसफर कर दिया गया है। इसी वजह से सरकारी स्कूलों की लाइब्रेरियों पर संकट खड़ा हो गया है। जिन स्कूलों में लाइब्रेरी को पब्लिक लाइब्रेरी बनाया गया था, उन्हें भी अब बंद कर दिया गया है।




खाली हुए इन पदों को कब भरा जाएगा। इसकी प्रक्रिया अभी गौण है। लिहाजा बच्चों की लाइब्रेरी की सुविधा विभाग ने अब मुकम्मल तौर पर छीन ली है। पब्लिक लाइब्रेरियों में प्रतिस्पर्धा परीक्षाओं की तैयारी में जुटे स्टूडेंट्स पहुंचकर अपनी तैयारी किया करते हैं, मगर अब उस पर भी ब्रेक लग गई है। वहीं, प्राइवेट स्कूलों में लाइब्रेरी का पद हर हाल में भरा होना चाहिए तभी एप्लीकेशन मिलती है, लेकिन अब सरकारी स्कूलों में शिक्षा बोर्ड की एप्लीकेशन का फंडा सवाल बन कर खड़ा हो गया है। (अनंत ज्ञान)

**अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव**

### 771 पद स्वीकृत, भरे केवल तीन

**राज्य** के जमा दो स्कूलों में केवल 771 में ही लाइब्रेरीज के पद सृजित किए गए थे। इनमें से ज्यादातर तो पहले ही खाली थे, लेकिन तकरीबन 170 पद भरे हुए थे। इनमें से इक्का-दुक्का पहले ही कॉलेज काडर में भेज दिए गए थे, लेकिन पिछले माह 111 लाइब्रेरीज के इन पदों को भी कॉलेज काडर में ट्रांसफर कर दिया गया, वह भी पोस्ट सहित, यानी अब स्कूलों की लाइब्रेरियों पर ताले लटक जाना स्वाभाविक है।

### नया पद जेओए लाइब्रेरी

**अब** क्योंकि राज्य सरकार ने सहायक लाइब्रेरियन के पदों पर जेओए (लाइब्रेरी) के नए पदनाम के साथ उन्हें भरने की अधिसूचना तो जारी की थी, लेकिन कब भरे जाएंगे। इसका कोई पता नहीं। कोर्ट के आदेशों के तहत इस नए पद नाम पर केवल तीन तैनातियां राज्य के स्कूलों में हुई हैं, जिनमें एक हमीरपुर और दो स्कूल ऊना जिले में हैं।




### ऑनलाइन लाइब्रेरियां चलाने वाला कोई नहीं

**सरकार** ने पिछले साल तमाम लाइब्रेरीज को ऑनलाइन जोड़ने का फैसला लिया था। इसका बजट भी मिलना शुरू हो गया था। मुकम्मल तौर पर कंप्यूटराइज्ड सिस्टम करने की इस योजना में हरेक लाइब्रेरी को पांच-पांच कंप्यूटर, एक लाइब्रेरी हॉल और बच्चों के बैठने के लिए सुविधा की व्यवस्था की गई थी। एक आईआईटी संस्थान की मार्फत प्रोजेक्ट तैयार किया गया था, जिसमें एनसीईआरटी का सारा सिलेबस उसका वीडियो बनाकर वेबसाइट पर डाले गए हैं। सभी जगह क्लब गठित होने थे। उनकी प्रक्रिया भी मुकम्मल हो गई है, लेकिन ताज्जुब की बात यह है कि अब इन लाइब्रेरीज को चलाएगा कौन?

### 50-50 की रेश्यो से भरे जाते हैं पद

**क्योंकि** राज्य सरकार ने इन पदों के लिए नियुक्ति का तरीका 50-50 की रेश्यो के आधार पर बनाया हुआ है। 50 फीसदी बैच वाइज और 50 फीसदी टेस्ट के जरिए। इन पदों को पहले से ही भरने की प्रक्रिया है, मगर यह प्रक्रिया पिछले कई सालों से बंद है। अब तो हमीरपुर स्थित हिमाचल कर्मचारी चयन आयोग भी बंद है। लिहाजा पद कहां से भरे जाएंगे, कोई पता नहीं।

> **पद** तो खाली हो गए हैं। उम्मीद है कि बहुत जल्द इन पदों को भरा जाएगा। जमा दो स्कूलों से सहायक लाइब्रेरियन पदों को पोस्ट के साथ कॉलेज में ट्रांसफर कर दिया गया है।
>
> **अनिल कुमार**
> **डिप्टी डायरेक्टर एलिमेंटरी।**

# शिमला शहर में कुछ जगह दोपहर बाद चली बसें

## अपर शिमला के लिए नहीं चलीं बसें, शहर में जगह-जगह पर गाड़ियां हुई स्किड, लोग भी फिसले, सुबह के समय नहीं हुई दूध व ब्रेड की सप्लाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

बर्फबारी के चलते तीसरे दिन भी लोगों को काफी परेशानियों का सामना पड़ा। यहां पर लोगों को बर्फ के चलते पैदल ही चलने पर मजबूर होना पड़ा। शुक्रवार को अपर शिमला के लिए बिलकुल भी बसें नहीं चलीं, जबकि शिमला शहर में दोपहर बाद कुछ जगह ही बसें चलीं। हालांकि शहर के कुछ मार्ग भी बंद रहे।

ऐसे में लोगों को पैदल सफर कर ऑफिस व बाजार की तरफ आना पड़ा। जिले की अगर बात की जाए तो अभी भी 250 सड़के बंद हैं। वहीं, 503 ट्रांसफार्मर ठप पड़े हैं। अपर शिमला में कई क्षेत्रों में बिजली गुल है। ऐसा नहीं की बिजली विभाग के कर्मचारी काम नहीं कर रहे हैं। कर्मचारी बर्फ के बीच काम तो कर रहे हैं, लेकिन काफी जगह बिजली बाधित होने से कर्मचारियों का भी काम निपटाना मुश्किल हो गया। यहां तक सुबह के समय में दूध व ब्रेड की सप्लाई भी नहीं हुई है, जिसके चलते लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। शिमला में कई जगहों पर पर्यटक भी रुके हुए हैं। पर्यटक बर्फ के बीच काफी मस्ती कर रहे हैं। हालांकि अभी प्रशासन की ओर से कुफरी की ओर पर्यटकों को जाने से रोका जा रहा है। अभी फिसलन काफी ज्यादा है। ऐसे में गाड़ियां काफी स्किड हो रही है। लोगों को प्रशासन द्वारा सलाह दी जा रही है कि वह संभलकर चले।

भारी हिमपात के चलते हिमाचल पथ परिवहन निगम रोहड़ू डिपो के कई बस रूट अभी भी बाधित हैं। रोहड़ू शिमला मुख्य मार्ग खड़ा पत्थर में यातायात के लिए बहाल हो गया है। खड़ा पत्थर में एक फीट के करीब बर्फबारी होने से रोहड़ू से शिमला के लिए वाहनों की आवाजाही बंद हो गई थी। रोहड़ू डिपो के अंतर्गत 60 रूट पड़ते हैं, जिनमें से नावर क्षेत्र के उमलाडवार में एचआरटीसी की एक बस अभी भी फंसी हुई है। वहीं, रोहड़ू डिविजन में बिजली विभाग के कुल 711 ट्रांसफार्मर हैं, जिनमें से 35 ट्रांसफार्मर बंद पड़े हुए है।

**250** सड़कें शिमला में बर्फबारी से हुई बंद

**503** ट्रांसफार्मर ठप कई क्षेत्रों में बिजली गुल



बर्फबारी के बाद रिज मैदान पर मस्ती करते पर्यटक व स्थानीय लोग।

### महापौर ने धक्का लगाकर निकाली एंबुलेंस

शिमला शहर में जहां बर्फबारी का लोग मजा ले रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर मरीजों को थोड़ी परेशानी उठानी पड़ी। शुक्रवार को निगम महापौर शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करने निकले। इस दौरान महापौर एक एंबुलेंस को धक्का लगाकर निकालते हुए नजर आए। दरअसल स्कैंडल प्वाइंट पर मरीज को अस्पताल ले जा रही एक एंबुलेंस फंस गई थी। सड़क पर बर्फ जमने के कारण एंबुलेंस को स्कैंडल से आईजीएमसी की तरफ ले जाना काफी मुश्किल हो गया था। निगम महापौर सुरेंद्र चौहान ने एंबुलेंस को धक्का लगाकर आगे की तरफ धकेला। इस दौरान महापौर के साथ स्थानीय लोग भी मदद करते नजर आए। मेयर ने निगम के कर्मचारियों को सड़क पर रेत डालने के निर्देश दिए, जिसके बाद निगम की टीम ने सड़क पर रेत डालने का कार्य भी किया।

### रामपुर के लिए वाया धामी भेजी जा रही बसें

निगम प्रबंधन की ओर से रामपुर सहित अन्य ऊपरी क्षेत्रों के लिए वाया धामी चाबा होते हुए बसों को रवाना किया जा रहा है। लोगों को अपने गंतव्यों पर पहुंचाने के लिए बसों का संचालन तो किया जा रहा है, लेकिन इस दौरान निगम के चालक-परिचालकों को भी अपने-अपने गंतव्यों तक पहुंचने में काफी दिक्कतें पेश आ रही हैं।

### ये सड़कें बंद

| | |
|---|---|
| शिमला ग्रामीण | 3 |
| ठियोग डिविजन | 85 |
| कोटखाई | 26 |
| चौपाल | 38 |
| रोहड़ू | 48 |
| रामपुर | 5 |
| कुमारसैन | 2 |
| डोडरा क्वार | 5 |
| कुपवी | 3 |
| जुब्बल | 35 |

### कुफरी-चायल रोड आज खुलने की संभावना

बर्फबारी के चलते कुफरी- चायल रोड बीते कल से अवरुद्ध हो गया है, जिसे खोलने के लिए लोक निर्माण विभाग की ओर से युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। करीब दो माह के सूखे के उपरांत हालही में इस सर्दी का पहला हिमपात हुआ, जिसमें पर्यटक स्थल कुफरी में करीब डेढ़ फुट बर्फ रिकॉर्ड की गई है। बर्फ बारी के कारण समूचे क्षेत्र में शीतलहर चली हुई है लोग घरों के अंदर दुबके हुए हैं। सहायक अभियंता उपमंडल जुन्गा देवेश ठाकुर ने बताया कि कुफरी-चायल रोड शनिवार तक वाहनों के लिए खोल दिया जाएगा। रोड पर तीन जेसीबी के अतिरिक्त मजदूर तैनात किए गए हैं। इसके अतिरिक्त जंगल-जटोग, शिलोगबाग-दरभोग सड़कों को खोल दिया गया है।

# बर्फ पर गिरने से आईजीएमसी व डीडीयू पहुंचे 20 लोग

**आशिमा बैरागी, शिमला**

बर्फबारी के चलते सड़कों पर लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। सड़कों पर फिसलन इतनी हो गई है कि लोग गिरकर ही सफर कर रहे हैं। आईजीएमसी व डीडीयू में बर्फ के चलते गिरने पर 20 मामले आए हैं। इनमें डीडीयू में 13 व सात मामले आईजीएमसी में आए हैं।

यहां पर चिकित्सकों की ओर से इनका उपचार किया जा रहा है। यह मामले पुराना बस स्टैंड, लक्कड़ बाजार, रिज, माल रोड व छोटा शिमला सहित अन्य क्षेत्रों से हैं। चिकित्सकों का कहना है कि मरीजों को ज्यादा चोटें नहीं आई हैं। चिकित्सक की ओर से तर्क दिया जा रहा है कि लोग सड़क पर संभलकर चले। रास्ते में बर्फ के चलते लोग फिसल जाते हैं। ऐसे में लोगों को संभल कर चलना होगा। लोगों को यह भी खासकर ध्यान रखना होगा कि अगर कोई मरीज बीमारी के चलते अपना इलाज करवाने आईजीएमसी की तरफ जा रहा है, तो वह इस सड़क मार्ग पर संभलकर चले। यहां पर कभी आप गिर सकते हैं। इस सड़क मार्ग पर अगर बर्फ को हटा भी दिया जाता है, तो भी एकदम से कोहरा जम जाता है और लोग चलती बार कभी भी फिसल सकते हैं। (अनंत ज्ञान)



हमारे पास बर्फ के चलते गिरने के 12 से 13 मामले आए हैं। लोगों को यह सलाह दी जाती है कि बर्फ के बीच संभलकर चले। अगर किसी को चोट लग भी जाती है, तो तुरंत अस्पताल में आएं और अपना उपचार करवाएं।

**डॉ. लोकेंद्र शर्मा, एमएस डीडीयू शिमला।**



### शैक्षणिक संस्थान के लिए वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का बहुत महत्व

# 2.50 करोड़ की लागत से बने भवन का विक्रमादित्य ने किया उद्घाटन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश सरकार में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शुक्रवार को शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के चनावग में दो करोड़ 50 लाख की लागत से निर्मित चनावग स्कूल के नए भवन का उद्घाटन किया। इसके उपरांत उन्होंने स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

इस अवसर पर चनावग स्कूल का नया भवन बनाने में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह का बहुत बड़ा योगदान है, क्योंकि उन्होंने 2015 में इस स्कूल के नए भवन का शिलान्यास किया था। पिछली भाजपा सरकार के दौरान इस स्कूल के नए भवन का निर्माण कार्य धीमी गति से चला लेकिन वर्तमान सरकार आने के बाद निर्माण कार्य में तेजी लाकर भवन का कार्य पूर्ण किया गया है।



स्कूल के मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करने पर विक्रमादित्य को सम्मानित करते हुए।

### हर पंचायत क्षेत्र का किया जाएगा विकास

शिमला ग्रामीण विस क्षेत्र के विकास के लिए 170 करोड़ की राशि स्वीकृत वर्तमान सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल के दौरान शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए 170 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है, जिसमें सड़कों का निर्माण, पेयजल, बिजली, सिवरेज की सुविधा उपलब्ध करवाने के साथ-साथ हर पंचायत क्षेत्र का विकास किया जाएगा। पीएमजीएसवाई योजना के तहत शाननघाटी से दाड़गी तथा नगगर से मंढोडघाट संपर्क सड़क के विस्तारीकरण एवं पक्का करने के लिए 14 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जा रही है, जिसका निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ कर दिया जाएगा।

# सीटू ने केंद्रीय बजट को दिया किसान व जनता विरोधी करार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सीटू राज्य कमेटी हिमाचल प्रदेश ने केंद्रीय बजट को पूर्णतः मजदूर, ट्रांसपोर्ट, कर्मचारी, किसान व जनता विरोधी करार दिया है।

यह बजट गरीब विरोधी है व केवल पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने वाला है। सीटू ने केंद्र सरकार को चेताया कि केंद्र सरकार की मजदूर, ट्रांसपोर्ट, कर्मचारी, किसान व जनता विरोधी नीतियों के खिलाफ 16 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल होगी। इस दौरान हिमाचल के औद्योगिक क्षेत्र, ट्रांसपोर्ट, आंगनबाड़ी, मिड-डे-मील, फोरलेन, नगर निगम शिमला की सैहब सोसायटी, आईजीएमसी, टांडा मेडिकल कॉलेज, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, नगर परिषद आदि सार्वजनिक सेवाओं, आउटसोर्स कर्मी व अन्य व्यवसायों के मजदूर व कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे।

### सरकार संसाधनों का दुरुपयोग कर रही

सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा व महासचिव प्रेम गौतम ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार पूरी तरह पूंजीपतियों के साथ खड़ी हो गई है व आर्थिक संसाधनों को आम जनता से छीनकर अमीरों के हवाले करने के रास्ते पर आगे बढ़ रही है। मोदी सरकार ने अभी तक सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में चार लाख करोड़ रुपए से अधिक का विनिवेश किया है तथा बेहद संवेदनशील रणनीतिक रक्षा क्षेत्र को भी इसके दायरे में लाकर यह सरकार पूंजीपतियों के आगे घुटने टेक चुकी है तथा देश के संसाधनों का दुरुपयोग कर रही है।

# अप्रैल से शिमला आने वाले पर्यटकों को दिए जाएंगे कागज, कपड़े के बैग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला में नगर निगम की ओर से एक नई मुहिम चलाई जाएगी। निगम शिमला अब पर्यटकों को शहर में प्रवेश के दौरान कागज व कपड़े का बैग देगा। इस योजना की शुरुआत अप्रैल 2024 से की जाएगी। इसके तहत एमसी शिमला पर्यटकों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करेगा और पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देगा।

नगर निगम की ओर से इस योजना का प्रस्ताव तैयार किया गया है। निगम प्रशासन का मानना है कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाने और शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए यह पहल की गई है। शिमला शहर सफाई के मामले में पिछड़ता जा रहा है। अब नई योजनाओं को लागू करके शहर को सुधारा जाएगा। इस वर्ष सफाई में शहर को स्टेट अवॉर्ड मिला है, लेकिन साफ शहरों की सूची में शिमला का स्थान पूरे देश में 56वें से 188वें स्थान पर पहुंच चुका है। इस पर शिमला निगम के महापौर ने कहा कि शिमला और अन्य पहाड़ी राज्य के शहर में कार्य करना बेहद मुश्किल है।

### शहर के रैंक को उभारने का किया जाएगा प्रयास

विभिन्न योजनाओं से शहर के रैंक को उभारने का प्रयास किया जाएगा। मैदानी शहरों में कार्य करना आसान है और वहां पर सफाई के लिए गाड़ी या अन्य वाहनों का इस्तेमाल हो सकता है, मशीनों के जरिए सफाई व्यवस्था को सुचारु करना आसान होता है, लेकिन पहाड़ी क्षेत्रों में एक कर्मचारी मैनुअली कार्य करता है। इसके अलावा अन्य सफाई के कार्यों को भी मैनुअली करना होता है।

शहर के पर्यावरण को बचाना के लिए योजना तैयार की गई है। अप्रैल 2024 से शहर में आने वाले हर पर्यटक को बैग देने की योजना तैयार की गई है। पर्यटक शहर में बाहर से पॉलीथिन लाते हैं, उनके जाने के बाद यह पॉलीथिन शहर में ही छूट जाता है। इसलिए पॉलीथिन को पूरी तरह से खत्म करने के लिए हर प्रवेश द्वार और होटलों पर पर्यटकों को कपड़े और कागज के बैग दिए जाएंगे। इस पहल से पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी।

**सुरेंद्र चौहान, महापौर नगर निगम शिमला।**

### पर्यटन व लैंड रिकॉर्ड विभाग के कार्यालय में धमाका

**शिमला।** कसुम्पटी में पर्यटन और लैंड रिकॉर्ड विभाग के कार्यालय में शुक्रवार को एक बड़ा धमाका हुआ, जिसकी आवाज सुनकर कर्मचारियों के बीच अफरा-तफरी मच गई और कर्मचारी कार्यालय से बाहर निकल गए। बताया जा रहा है कि ब्लॉक नंबर 28 जिसमें पर्यटन और लैंड रिकॉर्ड विभाग के कार्यालय चल रहे हैं वह एक क्षतिग्रस्त भवन है। कर्मचारियों में असुरक्षा का माहौल पैदा हो गया है। इस पर्यटन भवन को असुरक्षित भवन करार दिया गया है। भवन के अंदर धमाका को लेकर अब जांच की जा रही है। भवन में जो दरारें आई हैं उसे अब भवन को गिरने का खतरा भी बना हुआ है। प्रशासन अब इसको लेकर गंभीरता से जांच करेगा।

# ग्राम संगठन के माध्यम से ट्हाई की महिलाएं हो रहीं जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, जुन्गा**

मशोबरा ब्लॉक के दूरदराज गांव ट्हाई में मैत्री ग्राम संगठन की ओर से महिलाओं को स्वाबलंबी बनाने तथा उन्हें अपने अधिकारों के बारे जागरूक करने में अहम भूमिका निभाई जा रही है।

एलआरपी रंजना भटट ने विशेष बातचीत में बताया कि ग्राम संगठन की हर माह समय-समय पर बैठकें होती हैं, जिसमें मशोबरा विकास खंड और क्योंथल कलस्टर संध की पदाधिकारियों की ओर से महिलाओं को ज्ञानवर्धक जानकारी दी जाती है। ग्राम संगठन की महिलाओं द्वारा इस वर्ष गणतंत्र दिवस भी मनाया गया, जिसमें स्थानीय प्रधान किरण शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। क्योंथल क्लस्टर की पदाधिकारी रीना ठाकुर ने बीते दिनों महिलाओं के सामाजिक आर्थिक उत्थान के लिए कार्यान्वित की जा रही अनेक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।



ट्हाई में मैत्री ग्राम संगठन की महिलाएं ।

# बुनकर मेले के अंतिम दिन जमकर हुई खरीददारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में शुक्रवार को अंतिम दिन प्रदर्शनी लगाई गई। अंतिम दिन पर्यटकों ने मेले में जम कर खरीददारी की। बर्फबारी के चलते काफी पर्यटक राजधानी में आए, जिसका फायदा प्रदर्शनी लगाने वालों को भी हुआ।

24 जनवरी से बुनकर मेला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। यह प्रदर्शनी 10 दिन तक चली। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य हिमाचली संस्कृति को बढ़ावा देना और लोगों को रोजगार देना है। कुल्लू और किन्नौर के लोगों द्वारा यह प्रदर्शनी लगाई गई, इसमें सभी वस्तुओं को हाथों द्वारा बनाया गया। थियेटर में लगाई गई प्रदर्शनी 24 जनवरी से दो फरवरी तक चली । सुबह 10 बजे से शाम सात बजे तक यह प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका स्थानीय लोगों के साथ पर्यटकों ने भी खूब लुत्फ उठाया। इसमें सभी वस्तुओं को हाथों द्वारा बनाया गया है। यहां कुल्लू और किन्नौरी शॉल, वूलन सूट, कुल्लू किन्नौरी टोपी, जैकेट्स और मफलर, पश्मीना और अंगोरा शॉल, वूलन स्टॉल और कोटकी ऊनी पट्टी लगाई गई है। यहां पर सर्दियों वाले कपड़े रखे गए हैं। इनका शुरुआती दाम 1500 है और 25000 तक अंतिम दाम है। यहां अधिकतर लोग कुल्लवी शॉल और टोपी की ओर आकर्षित हो रहे हैं। यह प्रदर्शनी हर साल लगाई जाती है।



गेयटी थियेटर में आयोजित बुनकर मेले में लगाए गए स्टॉल का अवलोकन करते लोग।

### हिमाचली संस्कृति को बढ़ावा दे रही प्रदर्शनी

इस प्रदर्शनी में कुल्लवी शॉल को हाथों से तैयार किया गया है। इनमें कढ़ाई को रंग-बिरंगे धागों से तैयार जाता है। इन्हें बनाने के लिए कम से कम एक सप्ताह का समय लगता हैं। इन्हें बिक्री के उद्देश्य से लगाया गया है, जिससे काफी लोगों को रोजगार भी प्राप्त हुआ है।

**रैली** एसजेवीएन की 210 मेगावाट की लुहरी परियोजना के निर्माताओं ने वादे एवं समझौते के अनुसार उनकी मांगें पूरी नहीं की

# 12 पंचायतों के लोगों ने निकाली रैली व किया धरना-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल किसान सभा के आह्वान पर 210 मेगावाट की निर्माणाधीन लुहरी परियोजना प्रभावित किसानों एवं अन्य विभिन्न संगठनों ने शिमला जिले के निरथ नामक स्थान में रैली निकाली व धरना-प्रदर्शन किया और नेशनल हाई-वे पांच को जाम किया।

रैली का नेतृत्व पूर्व विधायक राकेश सिंघा ने किया। इस प्रदर्शन में विभिन्न राजनीतिक दलों के छह से अधिक पंचायत प्रधानों एवं कई संगठनों के नेता और पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि एसजेवीएन की 210 मेगावाट की लुहरी परियोजना निर्माताओं ने वादे एवं समझौते के अनुसार उनकी मांगे पूरी नहीं की। चाहे वह प्रदूषण का हो या रोजगार का। भूमि अधिग्रहण में भी भूमालिकों से छलावा किया गया। इन सब मांगों को लेकर के नेशनल हाई-वे को लोगों ने जाम कर दिया। इस प्रदर्शन में आसपास के इलाकों की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारियों ने नेशनल हाई-वे पांच को दो घंटे से अधिक समय तक जाम करके रखा। प्रशासन की ओर से एसडीएम और डीएसपी मौके पर पहुंचे, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने उनकी एक नहीं सुनी और कहा कि भविष्य में और कठोर कदम उठाए जाएंगे।



शिमला जिले के निरथ नामक स्थान में 12 पंचायतों के लोग रैली निकालकर धरना-प्रदर्शन करते हुए।

### परियोजना निर्माता मांगों को कर रहे नजर अंदाज

इस दौरान एसडीएम और डीएसपी ने भी लोगों को समझाने की कोशिश की। देहरा पंचायत की प्रधान सरोज बाला ने बताया कि लोगों की मांगों में रोजगार, प्रदूषण का मुआवजा एवं अन्य विभिन्न मांगों को लेकर आज नेशनल हाई-वे निरथ के पास लोगों ने सड़क को जाम किया है। परियोजना निर्माता उनकी मांगों को नजर अंदाज कर रहे हैं। ऐसे में आंदोलन के अलावा उनके पास कोई अन्य रास्ता नहीं है। पूर्व विधायक राकेश सिंघा ने बताया कि परियोजना निर्माता ने कायदे कानूनो को ताक पर रखकर परियोजना प्रभावित लोगों के हकों से खिलवाड़ किया है। उनकी मांगों को पूरा नहीं किया है। लोगों ने कई बार विभिन्न मंचों से उनसे निवेदन किया, लेकिन उनकी एक नहीं सुनी गई। ऐसे में उनके पास आंदोलन के अलावा कोई रास्ता नहीं था।

# मार्गों को बहाल करने, बिजली पानी उपलब्ध करवाने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय धामी का निर्वाचन विभाग के अधिकारियों के साथ दौरा किया।

आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर धामी कॉलेज मतगणना केंद्र के रूप में अधिसूचित किया गया था, परंतु गत दिनों धामी के 16 मील में एक चार मंजिला इमारत के ढह जाने से धामी कॉलेज के कुछ हिस्से में दरारें प्रतीत हो रही हैं। भवन के गिरने के बाद धामी कॉलेज का एक हिस्सा, परिसर और कॉलेज को जोड़ने वाली सड़क में पड़ी दरारें बढ़ती जा रही हैं। भवन का एनआईटी के दल से भी निरीक्षण करवाया गया है। उन्होंने अधिकारियों के साथ भवन की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की, ताकि जल्द ही इस दिशा में निर्णय लिया जा सके। बर्फबारी के बाद अवरुद्ध मार्गों को प्राथमिकता के आधार पर खोलने के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सेक्टर ऑफिसर को अपने क्षेत्र में सभी मार्गों की निगरानी करने और मार्गों पर यातायात सुचारु बनाने के भी निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी क्षेत्रों में बिजली और पानी की भी निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



डीसी धामी कॉलेज का निर्वाचन विभाग के अधिकारियों के साथ दौरा करते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### बजट में सरकार ने सभी वर्गों का रखा ध्यान


बलदेव तोमर।

**पांवटा साहिब।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व शिलाई के पूर्व विधायक बलदेव तोमर ने कहा कि अंतरिम बजट भारत को विकसित बनाने की ओर ले जाने का बजट है। बजट में किसान, मजदूर, यवा, महिला सहित सभी वर्गों की बेहतरी का प्रावधान है। कुल मिलाकर यह सामाजिक न्याय का बजट है। बलदेव तोमर ने बजट पर खुशी जाहिर करते हुए अब तक का सबसे बेहतरीन और आम आदमी का बजट कहा है।

### 10 साल में भारत की आर्थिकी हुई सुदृढ़ : रोहित



**सोलन।** साल 2024 के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत मोदी सरकार के बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजयुमो के प्रदेश प्रवक्ता रोहित भारद्वाज ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत की आर्थिकी सुदृढ़ हुई है और सात प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर के साथ भारत की आर्थिकी बढ़ी है, जो इससे पूर्व कभी नहीं हुआ। रोहित भारद्वाज ने कहा कि युवाओं के रोजगार सृजन और युवाओं के लिए रिसर्च वर्क हेतु एक लाख करोड़ रुपए का कोर्पस रखा गया है, जो रोजगार सृजन के लिए बैकबोन का काम करेगा। उन्होंने कहा कि कि इस बजट में गरीब का विकास, युवाओं का विकास, महिलाओं का विकास और किसानों का विकास सुनिश्चित किया है और इन चार वर्गों की भागीदारी से भारत दुनिया की महाशक्ति बनेगा।

### मोदी सरकार का अंतरिम बजट ऐतिहासिक : पॉल



**अर्की।** भाजपा जिलाध्यक्ष रतन सिंह पॉल ने मोदी सरकार द्वारा पेश किए गए अंतरिम बजट को ऐतिहासिक करार देते हुए इसका स्वागत किया है। पॉल ने कहा कि 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूलमंत्र के साथ भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता इस अंतरिम बजट में साफ तौर पर झलक रही है। आत्मनिर्भर और विकसित भारत की नींव रखने वाला यह बजट गरीबों, युवाओं, महिलाओं व किसानों के साथ ही अन्य जरूरतमंदों को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाएगा।

### देश को आगे ले जाने वाला बजट : गुप्ता



**सोलन।** भाजपा के पूर्व जिला प्रेस सहसचिव मुकेश गुप्ता ने केंद्र के अंतरिम बजट की सराहना की। गुप्ता ने कहा कि वित्त मंत्री सीतारमण द्वारा जारी बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। पिछले 10 सालों में भारत की जीडीपी लगातार मजबूत हो रही है। लखपति दीदी बनाने के लिए तीन करोड़ का लक्ष्य रखा गया है। मध्यम वर्ग के लिए किराये के मकान और बस्तियो मे रहने वालो की सहायता हेतु दो करोड़ मकान बनाने का लक्ष्य बहुत अच्छा कदम है। किसानों, महिलाओं, युवाओं और गरीबों को सशक्त बनाने पर ध्यान दिया गया है। यह बजट देख को आगे ले जाने वाला बजट है।

### चौतरफा विकास देने वाला है अंतरिम बजट : विनय


विनय गुप्ता पत्रकारवार्ता के दौरान।

**नाहन।** वित्त मंत्री द्वारा 2024-25 के लिए प्रस्तुत किए गया अंतरिम बजट देश और प्रदेश की दशा और दिशा निर्धारित करने वाला है। सिरमौर भाजपा के अध्यक्ष विनय गुप्ता ने पत्रकारवार्ता के दौरान कहा कि देश का बजट बुनियादी ढांचे में नए प्राण फूंकने वाला है। उन्होंने कहा कि यह बजट 2047 तक भारत देश को पूर्ण रूप से विकसित बनाने की ओर एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि अभी तो फिलहाल यह अंतरिम बजट है, मगर निश्चित ही जिस प्रकार पूर्व में रहे सांसद वीरेंद्र कश्यप और मौजूदा सांसद रहे सुरेश कश्यप ने सिरमौर के लिए रेल सहित नए हाई-वे की रूपरेखा केंद्र सरकार के समक्ष रखी है, निश्चित ही उसके परिणाम भी जल्द सकारात्मक नजर आएंगे। उन्होंने कहा निश्चित ही आगामी लोकसभा चुनाव में देश और प्रदेश की जनता इस बजट पर अपने विश्वास की मुहर लगाएगी। उन्होंने कहा जनता एक बार फिर केंद्र में मोदी सरकार को सत्ता में देखने के लिए उत्सुकता से चुनाव का इंतजार कर रही है ।

### 37 गांवों का प्रवास कार्यक्रम संपन्न


ग्रामीणों के साथ बैठक करते समिति के पदाधिकारी।

**पांवटा साहिब।** चूड़ेश्वर सेवा समिति ने श्रीगुल महाराज के भक्तों की अधिसंख्या वाले आंजभोज की एक दर्जन से ज्यादा पंचायतों के 37 गांवों में एक दिनी प्रवास का कार्यक्रम पूरा कर लिया है। चूड़ेश्वर सेवा समिति आंजभोज इकाई के अध्यक्ष रमेश चौहान ने छह-सात महीनों के भ्रमण काल में अपनी कार्यकारिणी और उन सभी दानदाताओं का चूड़ेश्वर सेवा समिति चुड़धार आंजभोज इकाई की ओर आभार व्यक्त किया, जिन्होंने अपना बहुमूल्य समय दिया और महाराज के इस पुनीत कार्य के लिए अंशदान किया। इस कार्य में हृदय राम चौहान, नरेंद्र नेगी, रमेश चौहान, धनवीर चौहान, नरेश पंवार, ओपी शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, सुरेश शर्मा, चतर चौहान व मामराज तोमर आदि ग्रामीणों ने उनका सहयोग किया।

### पत्रकारों पर दर्ज मुकदमे की प्रेस क्लब ने की निंदा

**अर्की।** सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की कवरेज करने आए पत्रकारों पर ज्वाली ब्लॉक कांग्रेस द्वारा एफआईआर दर्ज करवाना राजनीति से प्रेरित होकर पत्रकारिता की स्वतंत्रता पर हमला है। बाघल प्रेस क्लब अर्की के अध्यक्ष अजय गुप्ता ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि 21 जनवरी को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल नगरोटा सूरियां में कांग्रेस सरकार व डीपीआरओ ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आजाद प्रेस क्लब नगरोटा सूरियां के पत्रकारों को कार्यक्रम की कवरेज के लिए आमंत्रित किया था। जहां मंत्री चंद्र कुमार लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे, तो इसी दौरान जेओए (आईटी) के कुछ युवा कृषि एवं पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। यह देख पत्रकारों ने उनकी नारेबाजी कर रहे युवाओं की बाइट ली तो पता चला कि ये युवा अपनी समस्या को लेकर चंद्र कुमार के पास आए थे। इसकी कवरेज उन्होंने प्रकाशित कर दी। इस पर ब्लॉक कांग्रेस ने आरोप लगाया कि पत्रकारों ने चंद्र कुमार के खिलाफ युवाओं को भड़काया है तथा एफआईआर दर्ज करवा दी। कांग्रेस द्वारा पत्रकारों के ऊपर दमनकारी नीति अपना कर प्रेस की स्वतंत्रता पर कड़ा प्रहार है जो कि घोर निंदनीय है।

## राजस्व लोक अदालत में 1682 इंतकाल निपटाए

**नाहन।** सिरमौर जिले के विभिन्न स्थानों पर 30 व 31 जनवरी को राजस्व लोक अदालत कार्यक्रम आयोजित किए गए। उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने दबताया कि जनवरी महीने के दौरान भूमि संबंधी विविध प्रकार के वसीयत, पारिवारिक निपटान विलेख इत्यादि के 1682 इंतकाल व भूमि तकसीम के 63 मामले निपटाए गए हैं।

उन्होंने बताया कि नाहन तहसील में भूमि इंतकाल के 261, तकसीम के पांच, ददाहू में 148, तकसीम के पांच, नौहराधार में 81, तकसीम के छह, कमरउ में 95, तकसीम के दो, रोनहाट में इंतकाल 53, शिलाई में 33, तकसीम के एक, श्रीरेणुकाजी में 52, तकसीम के पांच, हरिपुरधार में 45, पांवटा साहिब में 620, तकसीम के नौ, राजगढ़ में 67, तकसीम के 13, पझौता में 25, पच्छाद में 93, तकसीम के नौ, नारग में 33, तकसीम के तीन, माजरा में 76, तकसीम के पांच इंतकाल संबंधी मामले निपटाए गए।

## इस वर्ष की पहली बर्फबारी के साथ ताजा हुई मुगल शासनकाल की कहानी

# ...तब सिरमौर से दिल्ली दरबार में भेजी जाती थी बर्फ

**तेजपाल नेगी, सोलन**


बर्फ से ढका पहाड़।

प्रदेश के पहाड़ी इलाकों में पड़ने वाली बर्फ भले ही कुछ दिन के रोमांच के बाद लोगों के लिए परेशानी का सबब बन जाती हो। नई पीढ़ी के लोग शायद जानते भी नहीं होंगे, कभी इसी बर्फ से मिलने वाले ठंडे-ठंडे पानी का औरंगजेब दरबार को बेसब्री से इंतजार रहता था। मुगल शासक की मल्लिका को भी यह बर्फ खूब पसंद थी। बादशाह इसी बर्फ के शक्ल में सिरमौर के राजा से खिराज वसूलता था।

इस वर्ष देरी से हुए हिमपात ने 17वीं व 18वीं शताब्दी के उस इतिहास को ताजा कर दिया है, जिसमें दिल्ली का मुगल शासक औरंगजेब सिरमौर के शासक बुद्ध प्रकाश से खिराज (कर) की शक्ल में बर्फ की वसूली करता था। बड़ा सवाल यह है कि औरंगजेब इस बर्फ का करता क्या था। दरअसल औरंगजेब ने अपने चुनिंदा दरबारियों और अहलदारों को ही बर्फ का उपयोग करने की इजाजत दे रखी थी। उन्हें औरंगजेब ही बर्फ दिया करता था। दिल्ली में यह बर्फ सिरमौर से पहुंचा करती थी।

- **औरंगजेब की बेगम दीवानी थी सिरमौरी बर्फ की**
- **खिराज के बदले बर्फ वसूलता था मुगल तानाशाह**

मल्लिका इस बर्फ की इतनी दीवानी थी कि वह राजा बुद्धि प्रकाश से होने वाले पत्राचार में कई बार इस बर्फ का जिक्र भी कर चुकी थी। दरअसल राजा बुद्धि प्रकाश से औरंगजेब 150 रुपए सालाना का कर नकद कर लेता था और बाकी का कर राजा उसे बर्फ की शक्ल में उपलब्ध कराया करता था। लगभग चालीस वर्ष भारत में गुजारने वाले वेनिस के दार्शनिक निकोलाओ मोनउची ने अपने संस्मरणों में पहाड़ी बर्फ के दिल्ली दरबार में पहुंचने के किस्से बयान किए हैं।

निकोलाओं का काफी समय आरंगजेब के दरबार में ही गुजरा था। वह लिखता है कि दिल्ली के समीप एक पहाड़ी राजा से वह 150 रुपए नकद कर तथा गर्मियों में यमुना के माध्यम से बर्फ से भरी किश्तियों को कर स्वरूप स्वीकार करता था। बर्फ का उपयोग दरबारियों तथा दिल्ली के खास लोगों को ही करने की इजाजत थी। इसका उल्लेख राजा बुद्धि प्रकाश तथा तत्कालीन बेगम के साथ हुए पत्राचार में भी मिलता है। (अनंत ज्ञान)

### ...इसलिए दिल्ली में बर्फ बेचने की नहीं मिली इजाजत

**एक** बार राजा बुद्धि प्रकाश ने औरंगजेब से निवेदन किया कि वह उससे नकद वसूले जाने वाले 150 रुपए को माफ कर दे और साथ में उसे बर्फ दिल्ली शहर में बेचने की इजाजत भी दे दे, लेकिन औरंगजेब ने उसे इसकी इजाजत नहीं दी। कहा जाता है कि औरंगजेब ने अपने शासन की मुद्रा को दिल्ली से बाहर जाने से रोकने के लिए बुद्धि प्रकाश को इसकी इजाजत नहीं दी। दूसरे वह नहीं चाहता था कि दिल्ली का आम आदमी भी बर्फ के पानी को पीये। तीसरे वह नहीं चाहता था कि इस व्यापार से बुद्धि प्रकाश धनवान हो जाए।

### ऐसे पहुंचती थी सिरमौर से बर्फ दिल्ली

**राजा** बुद्धि प्रकाश को बर्फी या बर्फ राजा भी कहा जाता था। वह सर्दियों के दिनों में सिरमौर के निचले क्षेत्रों में बर्फ को गड्ढों के भीतर रखा जाता था तथा इसे गर्मियों में दिल्ली भेजने की व्यवस्था होती थी। सिरमौर रियासत से बर्फ को पहले कुलियों द्वारा यमुना के तट पर स्थित धमरास भेजा जाता था। यहां इन्हें बक्सों में बंद कर राफ्ट द्वारा खिजाराबाद परगने के दरयापुर ले जाया जाता था। यहां से किश्तियों में इसे दिल्ली पहुंचाया जाता था। तब दरयापुर से दिल्ली तक बर्फ पहुंचने में तीन दिन लग जाते थे।

# निगम में शामिल नए क्षेत्रों के भवनों पर लगेगा प्रॉपर्टी टैक्स

## वार्डों में अभी से उठने लगे विरोध के स्वर, नगर निगम सोलन कर रहा भवनों की मैनुअल मैपिंग

**आर मोहन चौहान, सोलन**

सोलन नगर निगम में विलय नए क्षेत्रों के भवन मालिकों पर यूनिट एरिया मेथड के आधार पर प्रॉपर्टी टैक्स लगाने की तैयारी हो चुकी है। निगम की तरफ से की तरफ से भवनों की मैनुअल मैपिंग का कार्य किया जा रहा है।

बता दें कि अक्तूबर 2020 में सोलन नगर परिषद को नगर निगम में अपग्रेड करने के लिए आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से विलय किया गया था। विलय किए गए क्षेत्रों के निवासियों को विलय के बाद तत्कालीन भाजपा सरकार ने तीन साल प्रॉपर्टी टैक्स की छूट दी गई थी। अब यह अवधि पूरी हो चुकी है। यही कारण है कि निगम अब नए विलय क्षेत्रों में देउघाट, पावर हाउस, बेर गांव, जराई, ब्रूरी, पड़ग, आंजी, रबोन, शामती, सलोगड़ा, कथेड़, नड़हो, डमरोग, कायलर, न्यू कैथर, समलेच आदि क्षेत्रों को प्रॉपर्टी टैक्स वसूल करेगा। हालांकि इसको लेकर विरोध के स्वर भी उठने लगे हैं।


सोलन नगर निगम में शामिल रबोन क्षेत्र।

> सरकार की तरफ से सोलन एमसी में विलय नए क्षेत्रों लोगों को प्रॉपर्टी टैक्स में तीन साल की छूट दी गई थी। यह अवधि खत्म हो चुकी है। अब भवनों मालिकों को मार्च महीने से नई यूनिट एरिया मेथड़ से प्रॉपर्टी टैक्स देना होगा।
> -उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन

**राहत के लिए सरकार को भेजा प्रस्ताव :** वार्ड नंबर 17 के पार्षद सरदार सिंह ठाकुर का कहना है कि नए एरिया को अभी रिलेक्सेशन देने की जरूरत है।

यह प्रस्ताव सरकार को भी भेजा गया है। अभी नए एरिया प्रॉपर्टी टैक्स से दूर रखा जाए। वार्ड नंबर 16 की पार्षद सीमा ने तो हाउस में भी इस पर चर्चा की और कहा कि उनका वार्ड नया है। ऐसे में यहां पर अन्य वार्डों के मुकाबले अधिक पैसा दिया जाना चाहिए, ताकि यहां पर अधिक विकास किया जा सके। वार्ड-16 पहले पंचायत आंजी और पंचायत सपरून का हिस्सा हुआ करता था, लेकिन सरकार ने इसे सेमी अर्बन क्षेत्र होने के चलते नगर निगम में शामिल कर दिया। (अनंत ज्ञान)

### सुविधाएं दिए बिना टैक्स लेना गलत

प्रॉपर्टी टैक्स को लेकर प्रभावित क्षेत्रों में विरोध भी शुरू हो गया है। लोगों का कहना है कि जब नगर निगम की तरफ से इन नए विलय क्षेत्रों में पर्याप्त सुविधा नहीं दी जा रही है, तो ऐसे में जबरन टैक्स लेना गलत है। इस को लेकर वार्ड-16 के लोग तो पार्षद के साथ मिलकर आगामी दिनों में विरोध करने की रणनीति बनाने में भी जुटे हुए हैं। लोग कोर्ट जरूरत पड़ने पर न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को भी तैयार है।

### आबादी की शर्त पूरा करने को हुआ विलय

नगर निगम बनाने के लिए 50 हजार आबादी की शर्त को पूरा करने के उद्देश्य से तीन वर्ष पहले सोलन शहर में ग्रामीण क्षेत्रों का विलय किया गया था। भाजपा ने उस समय विलय किए ग्रामीण क्षेत्रों को प्रॉपर्टी टैक्स में तीन साल छूट दी थी, जबकि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में पांच साल तक टैक्स नहीं लेने का वादा किया था। प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने के बावजूद अभी तक टैक्स छूट की नोटिफिकेशन जारी नहीं हुई। यही कारण है कि अब निगम में शामिल नए क्षेत्रों को प्रॉपर्टी टैक्स के दायरे में लाने की तैयारी कर रहा है।

## लोगों को बताई सरकारी योजनाएं

**सोलन।** सूचना एवं जन संपर्क विभाग के सौजन्य से सांस्कृतिक दलों द्वारा जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों में गीत संगीत और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया जा रहा है। शिव शक्ति कला मंच के कलाकारों ने आज अर्की विधानसभा क्षेत्र की पंचायत पलोग और रोहांज जलाना में सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया। इसी तरह हिम सांस्कृतिक कला मंच के कलाकारों ने दून विस क्षेत्र की पंचयात चंडी में लोगों को जागरूक किया।

## पर्यावरण संरक्षण सबकी सामूहिक जिम्मेदारी : डीसी


विश्व वेटलैंड दिवस पर रेणुका जी में आयोजितकार्यक्रम में सिरमौर के उपायुक्त प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, श्रीरेणुकाजी**

विश्व वेटलैंड दिवस पर रेणुका में आयोजित कार्यक्रम में डीसी सिरमौर सुमित खिमटा ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग की वजह से संपूर्ण विश्व में मौसम में अत्यंत प्रतिकूल असर पड़ रहा है। यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है कि पर्यावरण संरक्षण के लिए गंभीरतापूर्वक कार्य करें ताकि पकृति का संतुलन बनाया रखा जा सके।

डीसी सिरमौर रेणुकाजी में विश्व वेटलैंड दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। सुमित खिमटा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण परिषद (हिमकॉस्ट ) वन विभाग और शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास से श्री रेणुका जी वेटलैंड में विश्व वेटलैंड दिवस का आयोजन किया गया जो कि सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य आर्दभूमि की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाना और संरक्षण प्रयासों को बढ़ावा देना है।

उपायुक्त ने कहा कि इस वर्ष विश्व वेटलैंड्स दिवस की थीम 'वेटलैंड्स एंड ह्यूमन वेलबीइंग' रखी गई है।

## मंच ने सौंपी 8000 जांच रजिस्ट्रेशन पर्चियां


बीएमओ अर्की को रोगी जांच एवं रजिस्ट्रेशन पर्चियां सौंपते मंच के कार्यकर्ता।

**अर्की।** नागरिक चिकित्सालय अर्की में ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में हिंदू जागृति मंच के सदस्यों ने कार्यालय में अधिकारी एवं कर्मचारियों से भेंट की तथा उन्हें कुल 8000 रोगी जांच एवं रजिस्ट्रेशन पर्चियां सौंपी। ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर कार्यालय ने इस नेक काम के लिए हिंदू जागृति मंच के कार्यकर्ताओं का आभार जताया तथा इस कार्य को सभी के लिए अनुकरणीय बताया। इस अवसर पर हिंदू जागृति मंच के अध्यक्ष नवीन गुप्ता, कोषाध्यक्ष गगन कुमार, संयोजक विजय भारद्वाज, संरक्षक हेमंत शर्मा एवं सम्मानित सदस्य आशीष मोदगिल, भूषण वर्मा, एमएल शर्मा, मस्त राम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## डीसी ने किया नेहली धीड़ा पाठशाला का निरीक्षण

**नाहन।** सिरमौर के जिला उपायुक्त सुमित खिमटा ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला नेहली धीड़ा का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने विद्यालय में चलाई जा रही मिड-डे मील योजना की जानकारी हासिल की। उन्होंने विद्यालय में चल रही शिक्षण गतिविधियों के बारे में भी जानकारी हासिल की। उपायुक्त ने पंचायत कार्यालय नेहली धीड़ा का भी निरीक्षण किया और पंचायत में चल रहे विभिन्न कार्यों के बारे में जानकारी हासिल की।

# प्रकृति की सुरक्षा में ही सुरक्षित भविष्य निहित : शांडिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**


हितग्राही परामर्श बैठक को संबोधित करते स्वास्थ्य मंत्री।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि सोलन जिला की प्रारूप क्षेत्र योजना में सभी हितधारकों के सुझावों को समाहित करने के लिए कार्य किया जाना चाहिए।

डॉ. शांडिल आज सोलन के बड़ोग में नगर नियोजन विभाग द्वारा सोलन जिला की प्रारूप क्षेत्र योजना को अंतिम रूप देने के लिए आयोजित हितग्राही परामर्श बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। डॉ. शांडिल ने कहा कि सोलन जिला हिमाचल प्रदेश का सबसे तीव्र गति से विकसित होता जिला है। उन्होंने कहा कि बढ़ती जनसंख्या, शहरीकरण और सभी को बेहतर अधोसंरचना सुविधाएं प्रदान करने के लिए योजनाबद्ध विकास आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इन सभी आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए वर्ष 2041 को ध्यान में रखकर सोलन जिले की प्रारूप क्षेत्र योजना तैयार की जा रही है।

उन्होंने कहा कि प्रारूप योजना में आवासीय सुविधा, यातायात एवं परिवहन सुविधा, आर्थिक गतिविधियां, उद्योग, कृषि एवं सम्बद्ध गतिविधि, सामाजिक अधोसंरचना और पर्यावरण तथा आपदा प्रबंधन को विशेष अधिमान दिया जाना चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि गत वर्ष प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा ने निर्माण और विकास की अवधारणाओं में आधारभूत बदलाव की आवश्यकता की और सभी का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है। उन्होंने आशा जताई कि प्रारूप क्षेत्रीय योजना के माध्यम से नगर नियोजन विभाग न केवल विभिन्न समस्याओं का निराकरण करने में सफल होगा अपितु जन-जन तक अधोसंरचना की पहुंच भी सुनिश्चित बनाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रकृति को सुरक्षित रख कर ही हम भविष्य को सुरक्षित बना सकते हैं। कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि प्रारूप क्षेत्रीय योजना में शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों के विकास पर भी समुचित बल दिया जाना चाहिए। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

**दाम** सोलन की सब्जी मंडी में शिमला मिर्च के भाव भी लगातार बढ़त की ओर

# टमाटर के दामों ने फिर भरी उड़ान, क्रेट 1000 के पार

**पंकज जोशी, सोलन**

सोलन की कृषि उपज मंडी समिति में टमाटर इस वर्ष की सबसे ऊंची दर पर विराजमान हो गया है। आज टमाटर के 25 किलो का क्रेट 1050 की अधिकतम दर तक जा पहुंचा। इस लिहाज से सोलन मंडी में टमाटर अधिकतम 42 रुपए प्रति किलो की दर से बिका। उधर, शिमलामिर्च भी इस वर्ष की अधिकतम ऊंचाई तक जा पहुंची है। शुक्रवार को शिमलामिर्च अधिकतम 70 रुपए प्रति किलो की दर से बिकी।

सोलन की थोक सब्जी मंडी में टमाटर और शिमला मिर्च के दामों में बढ़त लगातार जारी है। यहां टमाटर न्यूनतम 35 और अधिकतम 42 रुपए प्रति किलो की दर से बिका। इस तरह टमाटर का क्रेट थोक सब्जी मंडी में औसतन 900 रुपए के भाव से बिका। पिछले कुछ दिनों से टमाटरों के भावों में तेजी देखने को मिल रही है। दो दिन से मौसम के मिजाज बदलने और पहाड़ी रास्ते बंद होने की वजह से यह बढ़त अभी और जारी रहने की संभावना है।


सोलन सब्जी मंडी में बिकने पहुंची सब्जियां।

सब्जी मंडी में शिमलामिर्च के दामों में भी लगातार बढ़त देखने को मिल रही है। शुक्रवार को सब्जी मंडी में शिमलामिर्च को न्यूनतम 60 रुपए और अधिकतम 70 रुपए प्रति किलो का भाव मिला। औसतन शिमला मिर्च 65 रुपए प्रति किलो की दर से बिकी। फ्रेंचबीन के दाम न्यूनतम 45 से अधिकतम 50 रुपए प्रति किलो रहे, जबकि औसतन फ्रेंचबीन को 48 रुपए प्रति किलो का भाव मिला।

सर्दियों में गाजर खाने के शौकीनों के लिए गाजर न्यूनतम 12 से अधिकतम 15 रुपए प्रति किलो की दर पर उपलब्ध रही। गाजर को औसतन 13 रुपए प्रति किलो का भाव मिला। इसी तरह अदरक की चाय पीने के शौकीनों की अब अदरक भी जेब ढीली करने लगा है। अदरक को न्यूनतम 120 और अधिकतम 130 रुपए प्रति किलो का भाव मिला। औसतन अदरक 125 रुपए प्रति किलो की दर से बिका। हरा मटर को न्यूनतम 35 और अधिकतम 40 रुपए प्रति किलो का भाव मिला। हरा मटर औसतन 38 रुपए प्रति किलो की दर से बिका। बैगन भी सोलन मंडी में 35 से 40 रुपए प्रति किलो की दर से बिका। (अनंत ज्ञान)

### आलू-प्याज के दाम स्थिर

**शुक्रवार** को सोलन मंडी में 650 से 750 रुपए प्रति क्विंटल का भाव मिला। आलू को औसतन 700 रुपए प्रति क्विंटल का भाव मिला। इसी प्रकार प्याज के दाम भी न्यूनतम 1600 रुपए व अधिकतम 1900 रुपए प्रति क्विंटल रहे। औसतन प्याज 1800 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बिका। हरी मिर्च को 45 से पचास रुपए प्रति किलो का भाव मिला, जबकि हरा धनिया 60 से 70 रुपए प्रति किलो की थोक दर से बिका।









# अग्निवीर भर्ती कर देश की सुरक्षा से खिलवाड़ कर रही केंद्र सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

केंद्र सरकार देश में सैनिकों के लिए अग्निवीर भर्ती लेकर आई है, इसमें युवाओं को महज चार साल की नौकरी मिल रही है और इसके बाद 75 फीसदी युवाओं को घर भेज दिया जाएगा। इससे देश की सेना भी कमजोर हो जाएगी। यह बात पूर्व सैनिक लीग कांगड़ा-चंबा के मेजर जनरल धर्मवीर सिंह राणा ने कही। वह धर्मशाला में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रही थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पूर्व सैनिकों की मिलने वाली सुविधाओं में भी लगातार कटौती कर रही है, जो देश के जवानों के साथ कुठाराघात है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त सैनिकों को मिलने वाला एनसीपी की अभियान सियाचिन ग्लेशियर वी उच्च पर्वतीय क्षेत्र व सख्त क्षेत्र भत्ते सभी बैंक व फाइल के लिए एक सम्मान की जाएं।

वन रैंक वन पेंशन योजना की सभी विसंगतियां दूर कर हर पांच साल बाद इसमें होने वाली बढ़ोतरी को समय बाद सीमा में करने के उपरांत बकाया एरियर का केंद्र सरकार द्वारा सेवानिवृत्तों को भुगतान किया जाए। केंद्र सरकार सीएसटी कैंटीन कोटा में की जाने वाले सभी कटौतियों को समाप्त कर वर्ष 2014 से पूर्व वाला कोटा पुनः लागू करें। हिमाचल प्रदेश में सीएसडी कैंटीन डिपो खोला जाए। वीर भूमि हिमाचल प्रदेश एक छोटा पर्वतीय राज्य होने के उपरांत भी यहां के सैनिकों का योगदान प्रथम युद्ध से लेकर अभी तक अतुल्य है। इसलिए रक्षा मंत्रालय द्वारा डोगरा रेजीमेंट सेंटर को हिमाचल प्रदेश में शिफ्ट करने का विनम्र आग्रह है वर्ष 2022 में अग्निपथ सेवा भर्ती योजना लागू होने से यहां की कुल युवा संख्या 17 -21 आयु के अनुपात से प्रदेश का सेवा में भर्ती का कोटा बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। अतः राज्य का भर्ती कोटा पूर्व फार्मूले के अनुरूप बहाल किया जाए। अग्निपथ योजना लागू होने से पूर्व जिन 1.50 लाख अभ्यर्थियों ने सेवा में भर्ती होने के लिए तय मापदंड के अनुसार शारीरिक व स्वास्थ्य परीक्षा उत्तीर्ण कर ली थी, उन सभी युवाओं को केंद्र सरकार सेना में भर्ती होने का अवसर अवश्य मुहैया करवाया जाए। उन पर दर्ज सभी पुलिस केस वापस लिया जाए।

## नड्डा-अनुराग युवाओं को दिलाएं हक

**मेजर** जनरल धर्मवीर सिंह राणा ने कहा कि अगर हिमाचल की बात की जाए तो केंद्र सरकार आर्मी भर्ती में भी हिमाचल का कोटा कम कर दिया है, क्योंकि अब भर्ती कोटा जनसंख्या पर आधारित कर दिया गया है। इस लिहाज से हिमाचल के युवाओं को आर्मी में भर्ती होने के भी कम अवसर मिल रहे हैं। पहले प्रदेश से करीब चार हजार युवा आर्मी में भर्ती होते थे, लेकिन जनसंख्या के आधार पर कोटा निर्धारित होने से यह अवसर हो गए हैं। उन्होंने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया है कि इस मसले को केंद्र के समक्ष उठाए, ताकि हिमाचल के युवाओं पहले जैसा कोटा मिल सके और ज्यादा से ज्यादा युवाओं आर्मी में भर्ती होकर देश सेवा कर सके ।

## ग्रामीणों ने बंद पड़ी ट्रेनों से खफा रेलवे विभाग के विरुद्ध जमकर किया प्रदर्शन, जल्द मांगा समस्या का समाधान

# नंदपुर भटोली में गूंजे ट्रेन चलाओ, ट्रेन चलाओ के नारे

**अनंत ज्ञान, देहरा**

शुक्रवार को नव भारत एकता दल के राष्ट्रीय संयोजक पीसी विश्वकर्मा के नेतृत्व में नंदपुर रेलवे स्टेशन पर ग्रामीणों ने रेलवे विभाग द्वारा ट्रेनें न चलाने के विरोध में विरोध-प्रदर्शन किया।

इकट्ठा हुए लोगों ने रेलवे विभाग के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करते हुए रेल मंत्री मुर्दाबाद तथा नरेंद्र मोदी ट्रेन चलाओ ट्रेन चलाओ, रेलवे मंत्री ट्रेन चलाओ, ट्रेन चलाओ के नारे भी लगाए। वहीं प्रधानमंत्री और रेलमंत्री से नारे लगाकर गुहार भी लगाई कि नूरपुर रोड से गुलेर तक दो ट्रेनों की आवाजाही शुरू करें। लोगों ने कहा कि तीन ट्रेनें नूरपुर रोड पर पिछले छह महीनों से यूं ही खड़ी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी लोगों की तकलीफ समझ सकते है पर फिरोजपुर रेलवे मंडल के प्रबंधक बड़े संवेदनहीन है जो जिद्द पकड़े हुए है कि पूरी रिपेयर होने के बाद ही ट्रेन चलाएंगे।



जबकि नूरपुर रोड और गुलेर के बीच लगभग 50 किलोमीटर ट्रैक बिलकुल सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि ट्रेनों के कोच इंजन भी नूरपुर रोड रेलवे स्टेशन पर हैं। रेलवे विभाग को कोई दिक्कत नहीं है ट्रेन चलाने में। लोगों ने जल्द इस समस्या का हल मांगा है।



नंदपुर भटोली में बंद पड़ी ट्रेनों की बहाली को लेकर रेलवे विभाग के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण।

## अगर काम नहीं होता तो पूरी तरह बंद कर दो ट्रेन

**सुखपाल** गोदारा ने कहा कि यदि रेलवे विभाग से काम नहीं होता तो पूरी तरह से ट्रेन बंद कर दो। वहीं, नंदपुर के कांग्रेसी नेता फौजा सिंह धीमान ने मांग की कि इस कांगड़ा घाटी का निजीकरण कर दो ताकि मेट्रो की तर्ज पर कोई प्राइवेट कंपनी यहां ट्रेनें चलाए। विश्वकर्मा ने रेलवे मंत्री से पूछा कि कालका शिमला ट्रैक अधिक क्षतिगृहत हुआ था, लेकिन एक महीने के अंदर कैसे पुख्ता रिपेयर हो गई और कांगड़ा में क्या दिक्कत है, कहा कि धरना-प्रदर्शन तब तक जारी रहेंगे जब तक ट्रेनें नहीं शुरू हो जाती।

## सिद्धबाड़ी में क्विज ज्ञान प्रतियोगिता आज

**धर्मशाला।** स्पेशल ओलंपिक भारत की जिला कांगड़ा इकाई द्वारा बौद्धिक अक्षम बच्चों के लिए क्विज ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन तीन फरवरी को कॉर्ड ट्रैनिंग सेंटर, सिद्धबाड़ी में किया जाएगा। पहले चरण में हर जिला स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित होगी। जिला स्तर के विजेताओं को राज्य स्तरीय ग्रैंड फिनाले में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। यह जानकारी स्पेशल ओलंपिक भारत के जिला अध्यक्ष प्रशांत भसीन व सचिव बलबीर गुलेरिया ने दी। उन्होंने बताया है कि इस प्रतियोगिता में सामान्य ज्ञान, नवीनतम घटनाएं, राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर की घटनाओं के बारे में प्रश्न पूछे जाएंगे। यह प्रतियोगिता सुबह दस से लेकर शाम तीन बजे तक चलेगी। इसके विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। इसमें जिला कांगड़ा के विभिन्न विशेष स्कूलों के बौद्धिक रूप से दिव्यांग बच्चे भाग लेंगे। इस मौके पर उनके साथ स्पेशल ओलंपिक भारत-कांगड़ा से संबंधित संस्थाओं कॉर्ड, हार्मनी डे केयर सेंटर, सूर्योदय चैरिटेवल ट्रस्ट के सदस्य उपस्थित रहे ।



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय जगत प्रकाश नड्डा जी के जिला कांगड़ा के धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में तीन फरवरी को होने वाली जनसभा की तैयारियां का जायजा लेते पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर। साथ खड़े हैं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर, प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष तिलक राज शर्मा व विशाल चौहान व अन्य भाजपा कार्यकर्ता।

# फोरलेन निर्माण के लिए की गई खुदाई दुकानदारों-लोगों पर पड़ रही भारी

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

कंडवाल से सियूनी के पहले चरण में चल रहे फोरलेन परियोजना के तहत चल रहे कार्यों में निर्माण कंपनी की मनमानी व अवैज्ञानिक ढंग से करी जा रही खुदाई सड़क से सटे मकानों, व्यवसायियों व उनके परिसरों पर भारी पड़ रही है। जसूर के बौड़ में फोरलेन निर्माण कंपनी द्वारा एक लेन बनाने हेतु सड़क के एक छोर को गत दो माह पहले खोद दिया गया था।



उक्त क्षेत्र में दो पहिया व चार पहिया वाहनों के शोरूम परिसरों के अलावा अन्य व्यावसायिक परिसर भी स्थित है। इन परिसरों के मालिक सुधीर महाजन, ध्रुव, बलदेव पठानिया, नव गुप्ता, अतुल महाजन, कर्ण गुलेरिया, सुदर्शन शर्मा आदि का कहना है कि फोरलेन निर्माण कंपनी द्वारा गत दो माह पहले लेन बनाने हेतु उनके परिसरों के आगे खुदाई की थी। लेकिन गत दो माह में इस खोदी गई जमीन पर निर्माण कंपनी द्वारा कोई कार्य शुरू नहीं किया। इसके चलते एक तरफ उनके व्यवसाय पर विपरीत असर पड़ा( वहीं, वीरवार को हुई बारिश के चलते यहां तीन से चार फीट गहरे गड्ढे में बारिश का पानी जमा हो गया है। इसके कारण उन्हें अपने परिसरों में पहुंचने और ग्राहकों के उनके दुकान में पहुंचना मुश्किल है। इसके चलते उनके व्यवसाय पर असर पड़ रहा है। उन्होंने नूरपुर प्रशासन से गुहार लगाई है कि फोरलेन निर्माण कंपनी को निर्देश देकर उनके आगे खोदे गए मार्ग को जल्द दुरुस्त करने व कार्य करवाने की गुहार की है, ताकि उनके व्यवसाय पर विपरीत असर न पड़े। एसडीएम नूरपुर गुरसिमर सिंह ने कहा कि फोरलेन निर्माण कंपनी को निर्देश देकर इस मार्ग को जल्द दुरुस्त किया जाएगा, ताकि व्यापारी वर्ग को नुकसान न उठाने पड़े।

## न्यूज ब्रीफ

### विभिन्न कार्यों के लिए जारी किए 92 लाख

**धर्मशाला।** लोगों को भले ही शिकायत रहती हैं कि धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा सरकारी समारोहों के अलावा लोगों को कमतर ही दिखते हैं, लेकिन दूसरी ओर ये एमएलए अपने पांच कार्यालयों के माध्यम से लोगों के काम करवाने के अलावा सुधीर सोशल मिडिया के मंच से भी अपने कार्यों की जानकारी लोगों को पहुंचाते रहते हैं। इसी कड़ी में उन्होंने बताया कि धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के विधायक तथा पूर्व मंत्री सुधीर शर्मा ने स्थानीय लोगों की मांग पर 92 लाख रुपए की राशि जारी की। वो इसकी जानकारी न सिर्फ सरकारी दस्तावेजों में बल्कि सोशल मिडिया पर भी शेयर करते हैं।

### धर्मशाला के भविष्य से हो रहा खिलवाड़

**धर्मशाला।** व्यवस्था परिवर्तन का नारा देने वाली कांग्रेस की प्रदेश सरकार लोगों की पुकार सुनने को ही तैयार नहीं। इसका ताजा उदाहरण धर्मशाला में बाखूबी देखने को मिला। धर्मशाला शहर के लोग धर्मशाला के सीयू कैंपस के लिए 18 जनवरी को सांकेतिक धरना शुरू कर दिया था, शहर के लोगों को इस बात का जरा भी इल्म नहीं था कि जिसको वोट दिया, वहीं सरकार उनकी पुकार को नहीं सुनेगी। यह सरकार की स्वेदनहीन है तथा आम जनता के सरोकारों से नेताओं को कोई भी लेना देना नहीं है वह केवल अपने व्यक्तिगत स्वार्थों की पूर्ति करने में लगे हुए हैं। यह बात समाजिक कार्यकर्ता अतुल भारद्वाज ने कही। उन्होंने कहा कि उनका सांकेतिक धरना किसी निजी हित के हित के लिए नहीं था, बल्कि बच्चों के सुनहरे भविष्य को संजोने के लिए सीयू कैंपस के लिए महज 30 करोड़ जमा करवाने के लिए था, परंतु हैरानी इस बात की है कि शहर के लोग 15 दिन तक बारिश में भी धरने पर बैठे रहे, लेकिन प्रदेश सरकार का कोई भी मंत्री या सीपीएस या प्रशासकीय आधिकारी उनसे मिलने तक नहीं पहुंचा। इससे साफ है कि प्रदेश सरकार धर्मशाला का हर हाल में दरकिनार करना चाहती है। इसके पीछे सरकार की कुछ भी दलीलें दें, लेकिन सच्चाई यह है कि 15 दिन तक धरने पर बैठने वाली जनता की सुध न लेना यह दर्शाती है कि प्रदेश सरकार कांगड़ा से जमकर भेदभाव कर रही है।

### लोगों को बताई सरकार की योजनाएं

**ज्वालामुखी।** जन संपर्क विभाग के कलाकारों ने बग्गी व लगडू में लोगों को सरकारी योजनाएं बताकर इनका लाभ लेने के लिए विशेष प्रचार अभियान के तहत प्रेरित किया । प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, विधवा पुनर्विवाह योजना, ओपीएस आदि योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर कलाकारों नें लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना अनाथ बच्चों के लिए चलाई जा रही है, इस योजना के माध्यम से सरकार द्वारा अनाथ बच्चों को पढ़ाई लिखाई करवा कर उन्हें शिक्षित समाज का हिस्सा बनाना है।

# कांग्रेस में कौन तैयार, बीजेपी में कई तलबगार

## धर्मशाला में विशाल नैहरिया पर भी दांव खेल सकती है भाजपा, रणनीति बनाने में जुटी पार्टियां

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

कांग्रेस में लोकसभा चुनाव लड़ने वाला चेहरा तलाशा जा रहा है तो कमोबेश यही स्थिति बीजेपी में भी है। हालांकि केंद्र की मोदी सरकार के काल में जीत को लेकर आश्वस्त होने के कारण प्रदेश में टिकट की चाह रखने वाले भाजपा के तलबगारों की सूची लंबी है।

कांगड़ा-चंबा संसदीय सीट से चुनाव लड़ने से पिछले चुनावों में धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा इंकार कर चुके हैं तो वहीं हमीरपुर के सुजानपुर हल्के के विधायक राजेंद्र राणा ने हाल ही में केंद्र की राजनीति में जाने का इच्छुक न होने की बात कह अपने इरादे साफ कर दिए हैं। बताते चलें कि पिछले लोकसभा चुनावों में देश भर में दूसरे सबसे बड़े मार्जिन से जीते मौजूदा सांसद तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता किशन कपूर को नजरअंदाज करना भाजपा के लिए आसान नहीं होगा, लेकिन बीजेपी का उम्र के फार्मूला यहां लागू होता है तो किसी दूसरे को मौका मिल सकता है। बताते चलें कि सांसद किशन कपूर के सक्रिय न होने की बात कह कर कांग्रेस भी घेरती आई है।



बीजेपी के सूत्रों की मानें तो इस फेहरिस्त में कांगड़ा-चंबा सीट को लेकर कद्दावर नेता विपिन परमार, धर्मशाला के पूर्व विधायक विशाल नेहरिया, प्रदेश महासचिव त्रिलोक कपूर तथा घनश्याम शर्मा आदि शामिल हैं, तो नुरपूर क्षेत्र के एक युवा नेता के भी पोस्टर वार से खुद को प्रचारित किया जा रहा है। पूर्व मंत्री तथा विधायक विपिन परमार के प्रदेश की राजनीति में वरिष्ठ व अनुभवी होने के कारण उनके केंद्रीय राजनीति में न जाने की बात भी एक पक्ष कहता है। वहीं, पार्टी सूत्रों की मानें तो परमार सबसे वरिष्ठ होने के साथ चंबा व कांगड़ा में अच्छी पकड़ रहते हैं।

वहीं, चेहरा बदलने के नाम पर भाजपा यहां विशाल नैहरिया को भी मौका दे सकती है या फिर वरिष्ठ भाजपा नेता त्रिलोक कपूर पर दांव खेल सकती है। इसके अलावा भाजपा के लोकसभा चुनावी खेमे में नए प्रयोग के अलावा कोई विकल्प हाल फिलहाल नजर नहीं आता। (अनंत ज्ञान)

# पंजाब की लुड्डी, हिमाचल के झमाकड़ा ने लूटी वाहवाही

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

खेल, युवा और सांस्कृतिक गतिविधियां विभाग, गुजरात सरकार और हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के सौजन्य से धर्मशाला कालेज के सभागार में अंतरराज्ययीय छात्र विनिमय कार्यक्रम के तहत सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

इसमें पंजाब, गुजरात और हिमाचल के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने किया। इस मौके पर अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. प्रदीप, कुलसचिव प्रो. सुमन शर्मा मौजूद रहे। इस मौके पर कुलपति प्रो. बंसल ने कहा कि मौजूदा समय में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय इस तरह की मेजबानी की कर रहा है । इसी तरह गुजरात कल्चरल स्पोर्ट्स और पंजाब कल्चर के साथ मिलकर यह जो कार्यक्रम हो रहा है इसका मुख्य उद्देश्य यही है कि राज्यों में सांस्कृतिक गतिविधियों का आदान-प्रदान हो।

इस मौके पर गुजरात लोक नृत्य (गरवा नृत्य), पंजाब (लुड्डी), हिमाचल (झमाकड़ा), गुजरात रास नृत्य), पंजाब (जिंदवा) गुजरात (मिश्रित रास) गुजरात (हुडो नृत्य) की प्रस्तुति से खूब वाहवाही लूटी।

## मांग | धरोहरों के अवशेषों में अस्तित्व तलाशते को सरकार की नजर-ए-इनायत की जरूरत

# पर्यटन स्थल के रूप में उभर सकता है हरिपुर गुलेर

**अंकुश वशिष्ट, हरिपुर**

किसी समय में फला फूला विकसित शहर हुआ करता था। कला, साहित्य में एक बड़ा नाम हुआ करता था पर आज सिवाय यादों व खंडहरों के कुछ नहीं है। ये शहर खंडहरों के ढेर में अपना अस्तित्व तलाश रहे हैं। सरकारों ने इन क्षेत्रों के उत्थान के लिए पैसे की भी पहल नहीं की है। दूसरी बार सत्ता की कुर्सी पर काबिज हुए आजाद विधायक भी इन धरोहरों के रखरखाव के लिए सिवाय आश्वासनों के कुछ नहीं कर पाए हैं। हालांकि हर मंच पर उनके मुखारविंद से धरोहरों के संरक्षण के लिए राजनीतिक भाषण जरूर सुनने को मिले।

आज हम इस खास खबर के माध्यम से आपको हरिपुर गुलेर और नंदपुर के बारे में बात करने जा रहे हैं और इन ऐतिहासिक गांवों के बस कर उजड़ने का सफर क्या रहा उसके बारे में बातचीत करेंगे। एक रियासत ही नहीं एक सभ्यता के बस कर उजड़ने की कहानी है गुलेर। सन 1398 और 1405 के मध्य कांगड़ा के तत्कालीन राजा हरिचंद ने गुलेर रियासत की नींब रख हरिपुर को इसकी राजधानी बनाया। सत्रहवीं व अठारवीं शताब्दी में यहां से जिस चित्रकला को संरक्षण व संवर्धन मिला वही आगे चल विश्व विख्यात कांगड़ा लघु चित्रकला कहलाई। उसी काल खंड में गुलेर ने साहित्य एवम कला में ऐसे कीर्तिमान स्थापित किए जिनका आज अभी विश्व मुरीद है। वहीं, हिमाचल प्रदेश में एक ही स्थान पर सबसे अधिक मंदिर होने का श्रेय हरिपुर को ही प्राप्त है। उसके बाद कुल्लू स्थित निरमंड है। क्या इतनी सी बात इस नगर को पर्यटन की दृष्टि से तैयार करने के लिए काफी नहीं है। आज अगर आप गुलेर, हरिपुर नंदपुर जैसे गांवों में घूम कर देखे तो बहुत सी छोटी बड़ी धरोहरें अपने अस्तित्व की आखरी लड़ाई लड़ते हुए नजर आ जाएंगी। गुलेर रियासत की दो सबसे बड़ी धरोहरें नन्दपुर का महल और हरिपुर का किला इस समय दोनों ही निजी हाथों में है। लेकिन हरिपुर का किला अब इस स्थिति में पहुंच गया है कि शायद अब यहां से इसके जीर्णोद्धार की राह भी काफी मुश्किल है। इस किले की अब स्थिति यह है कि कभी इस रियासत के रुतबे को बयां करती तथा लोगों की सुरक्षा के लिए खड़ी दीवारें अब लोगों की जान की दुश्मन बन गई है। कुछ साल पहले इस किले की दीवार गिरने से एक स्थानिय युवती की जान चली गई थी। लेकिन प्रशासन आज तक यह तय नहीं कर पाया कि उस दुर्घटना का वास्तविक जिम्मेवार कौन था और न ही तो कुछ ऐसे प्रबंध किए गए कि भविष्य में ऐसी दुर्घटना दौबारा न हो।



खंडर बना महल

## महल 1970 में पूरी तरह धराशायी हो गया

**गुलेर** रियासत का दूसरा महल गुलेर गांव से सटे नंदपुर में पहाड़ी पर स्थित है नानकशाही ईंट व चुने से बनी इस भव्य इमारत में राजा बलदेव सिंह की मृत्यु के पश्चात उनकी पुत्रवधु रानी संयोगता का परिवार सहित निवास पर रहा। साठ के दशक में नानकशाही ईंट व चुने से बनी इस इमारत को जैसे किसी की नजर लग गई हो खूबसूरत नक्काशी की हुई खिड़कियां और दरबाजे निकल जाने, छत का सहारा बने बड़े बड़े देबदरो के स्लीपरों को निकालने की बजह से यह महल सन 1970 में पूरी तरह धराशाही हो गया।

पहाड़ी पर स्थित इस भव्य इमारत की हालत 1962 में राजा बलदेव सिंह की मृत्यु के बाद वद से बदतर होती चली गई और आज हालात यहां पहुंच गए है कि पूरी इमारत ने एक खंडहर का रूप ले लिया है। वहीं, दूसरी और रानी संयोगता के पुत्र टिक्का बृजेश ने नंदपुर में गुलेर के राजाओं का जो महल है उसका उसके मालिकों ने काफी हद तक जीर्णोद्धार किया है। लेकिन सरकार के द्वारा आजतक इन धरोहरों के सरक्षण और जीर्णोद्धार के लिए एक नए पैसे की पहल नही की गई। पहले रही सरकारों में तो अनदेखी ही हुई लेकिन अब हिमाचल की सुक्खू सरकार से ही उम्मीद की जा सकती है कि वह शायद इन ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण और संवर्धन के लिए उचित कदम उठाएगी। (अनंत ज्ञान)

## कर्मचारियों-पेंशनरों को गुमराह कर रहे भाजपा नेता

**नूरपुर।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस एसटीसैल व एनजीओ के पूर्व वरिष्ठ कर्मचारी नेता जगदीश चौहान ने कहा कि भाजपा के कुछ नेता लोकसभा चुनाव को नजदीक आते देखकर कर्मचारियों और पेंशनरों को लगातार गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं जो अत्यंत निंदनीय हैं। भाजपा के नेता शायद यह बात भूल गए हैं कि कर्मचारियों और पेंशनरों की अनदेखी व दरकिनार करने की नींव व परंपरा पूर्व की भाजपा सरकार द्वारा डाली गई है। इसका उदाहरण इतिहास में यह पहली बार हुआ था कि 15 अप्रैल 2022 को भाजपा सरकार द्वारा कर्मचारियों और पेंशनों के लिए कोई भी घोषणा नहीं की और इस वर्ग को सबसे बड़ा झटका देकर निराश किया था। जबकि सरकार कर्मचारियों और पेंशनरों के नाम पर उस समय लगातार लोन लेती रही। मगर उस समय से ही उनका एरियर व डीए की किस्त नहीं दी और कोरोना काल के समय का डीए वैसे ही समाप्त कर दिया।






# रीशु डोगरा ने गोल्ड मेडल जीत कर किया प्रदेश का नाम रोशन

**अतुल जसवाल, जयसिंहपुर**

विधानसभा के अंतर्गत आने वाले गांव कमांद के निवासी 20 वर्षीय रीशु डोगरा ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज डीपीएस स्कूल के खेल मैदान में राष्ट्रीय स्तर पर सीनियर कैटेगरी दौड़ प्रतियोगिता 400 मीटर मे गोल्ड मेडल जीत करके जयसिंहपुर विधानसभा का नाम रोशन कर दिया है। रीशु डोगरा के पिता नाम स्व. नागेशवर प्रसाद इनका पिछले वर्ष देहांत हो चुका है। रीशु डोगरा की बारहवीं कक्षा तक स्कूल की शिक्षा जयसिंहपुर के ऐम अकादमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल से हुई है, वर्तमान समय मे दौड़ के साथ रीशु डोगरा प्राइवेट बीए की पढ़ाई कर है रहा साथ में एक वर्षीय कंप्यूटर का कोर्स भी किया हुआ है। रीशु डोगरा को बचपन से ही राष्ट्रीय स्तर पर दौड़ प्रतियोगिता में जाने का शौक रहा है। रीशु डोगरा दो बार दिल्ली मे राष्ट्रीय स्तर सीनियर कैटेगरी दौड़ प्रतियोगिता मे सिल्वर मेडल प्राप्त कर चुके हैं। रीशु डोगरा ने इस बार कठिन मेहनत करने के बाद गोल्ड मेडल प्राप्त किया हुआ है। राष्ट्रीय स्तर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया भारतीय खेल संघ द्वारा उत्तर प्रदेश के प्रयागराज डीपीएस स्कूल के खेल मैदान में राष्ट्रीय स्तर पर सीनियर कैटेगरी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें रीशु डोगरा ने गोल्डन मेडल प्राप्त किया, अब रीशु डोगरा का चयन सीनियर कैटेगरी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दौड़ प्रतियोगिता के लिए नेपाल के लिए हुआ है। (अनंत ज्ञान)



## शारीरिक शोषण करने के मामले में आया नया मोड़

**हरिपुर।** शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने के मामले में अब नया मोड़ सामने आ गया है। अब जिस युवक पर शारीरिक शोषण के आरोप लगे थे। उसने लड़की के साथ शादी करने के लिए हां कर दी है। जिनकी शुक्रवार को कोर्ट मैरिज कर दी गई है। इसके साथ ही लड़की पक्ष की ओर से दी गई शिकायत वापस ले ली गई है। डीएसपी देहरा अनिल कुमार ने बताया कि युवती ने कोर्ट में बयान दिया है कि लड़के ने उसके साथ शादी करने का फैसला ले लिया है तथा उनके आपसी रजामंदी के साथ शादी कोर्ट में हो गई है, जिसके चलते वह अपनी शिकायत को वापस लेना चाहते हैं। इस घटनाक्रम में अब मामला साफ हो गया है तथा आपसी रजामंदी के चलते मामला सुलझ गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### गलत नीतियों से हो रहा देश बर्बाद



**गरली।** मजदूर संघ के बायोबृद्ध कांग्रेस नेता भगवान दास शर्मा ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि मोदी सरकार जनता को गुमराह कर रही है। उन्होंने केंद्र सरकार के बजट को भी निराशाजनक करार दिया है। उन्होंने कहा है कि केंद्र सरकार ने अपने बजट में गरीबों, किसानों, मजदूरों और युवाओं के लिए कुछ नहीं किया है। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल अमीरों को खुश करने वाला बजट है। भगवान दास शर्मा ने कहा है कि मोदी सरकार ने अपनी गलत नीतियों से देश को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने कहा कि देश में बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार चरम पर है। भगवान दास शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मोदी सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ आवाज उठाती रहेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

### विद्या भारती संस्थानों का सहयोग करें लोग

**परागपुर।** विद्या भारती के लिए स्कूल के छात्र ग्राहक नहीं है। बल्कि राष्ट्र का कल्याण करने वाले छात्र हैं। इसी उद्देश्य से सरस्वती विद्या मंदिरों में बच्चों को संस्कारों के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण की शिक्षा दी जाती है। यह बात हिमाचल शिक्षा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मोहन केष्टा ने कही। सरस्वती विद्या मंदिर परागपुर की प्रबंध समिति की उपाध्यक्ष सुदेश कुमारी शर्मा के आवास पर पत्रकार प्रतिनिधियों से चर्चा में डॉ. मोहन केष्टा ने कहा कि देश भर में विद्या भारती के 25000 विद्यालय चल रहे हैं। जहां 32 लाख के लगभग विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करते हैं। इन विद्यालयों में 150000 शिक्षक सेवाभाव से कार्य कर रहे हैं। इससे की कोई बच्चा पढ़ाई से छूट न जाए। डॉ. केष्टा ने कहा कि आम जनमानस से आह्वान किया कि विद्या भारती से सहयोग करें और विद्या भारती के लक्ष्य और उद्देश्य से आम जन मानस को अवगत करवाएं।

### लोचन पठानिया ने संभाली वाइस एडमिरल की जिम्मेदारी



**कांगड़ा।** शाहपुर के बेटे लोचन सिंह पठानिया ने नौसेना में वॉइस एडमिरल की जिम्मेदारी संभाली है। लोचन सिंह प्रारंभिक शिक्षा प्राइमरी स्कूल शाहपुर से व बाद में सैनिक स्कूल कपूरथला से शिक्षा प्राप्त कर नौसेना में भर्ती हुए । लोचन सिंह पठानिया जिन्होंने आज इलाके का नाम रोशन किया है। शाहपुर के नगर पंचायत वार्ड नंबर-पांच के निवासी हैं। उधर, लोचन सिंह पठानिया की ओर से नौसेना में वाइस एडमिरल की जिम्मेदारी संभालने पर शाहपुर के लोगों ने खुशी जताई है। उनका कहना है कि उनकी नियुक्ति शाहपुर के लिए गर्व की बात है ।

### शिव मंदिर बैजनाथ के बाहर लोगों ने छका भंडारा



शिव मंदिर बैजनाथ के बाहर भंडारे का आनंद लेते हुए लोग।

**बैजनाथ।** ऐतिहासिक शिव मंदिर बैजनाथ के बाहर आज अनुराग बस सर्विस के मालिक अनुराग शर्मा ने भंडारे का आयोजन किया। इसमें हजारों की तादात में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया । इस मौके पर बैजनाथ व्यापार मंडल के प्रधान मनोज कपूर, शिव मंदिर ट्रस्टी मिलाप राणा, शैलभ अवस्थी, विकास राणा, मनोनीत पार्षद अशोक सुग्गा, शैलेंद्र टंडन, बैजनाथ व्यापार मंडल के महासचिव सुनील शर्मा, जल शक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता राजेश शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, सरदार विकी अरोड़ा तथा शकुंतला देवी ने अपनी सेवाएं प्रदान की ।

# सीयू मामले पर भाजपा दे रही कांग्रेस की अंतर्कलह को हवा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

यूथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष निगम भंडारी ने प्रेस कान्फ्रेंस में कांग्रेस की अंतर्कलह को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा कि पार्टी एकजुट है तथा भाजपा के कुछ लोग कांग्रेस में अंतर्कलह पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालय का फंड जमा न करवाए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इस बारे में सरकार गंभीर है। वहीं, उन्होंने पूर्व की भाजपा सरकार पर भी पैसे की बबार्दी का आरोप लगाते हुए अपनी सरकार का बचाव किया। वहीं, यूनिवर्सिटी कैंपस को धर्मशाला से पूरा कैंपस देहरा शिफ्ट होने की संभावना के सवाल पर उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं होगा। स्थानीय विधायक सुधीर शर्मा समेत कांग्रेस के कुछ नेताओं के सरकार की खिलाफत करने के सवाल पर निगम भंडारी ने कहा कि ये खिलाफत नहीं है बल्कि विधायक होने के नाते जनता के मुद्दे हैं जो नेता सरकार के समक्ष अपने अंदाज में रखते हैं। सवाल-जवाब के दौर में यूंका प्रदेशाध्यक्ष निगम भंडारी ने पत्रकारों के सवालों का जबाव दिया तथा इससे पूर्व लोकसभा चुनावों को लेकर अपनी रणनीति का खुलासा किया।

## धौलाधार की पहाड़ियों में गिरी बर्फ को देखने के लिए उमड़े सैलानी, बारिश के बाद धूप का आनंद लेते दिखे लोग

# बर्फ गिरते ही पर्यटकों से गुलजार हुआ धर्मशाला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



एक और जहां बुधवार तथा गुरुवार को आसमान से बरसी राहत की बूंदों ने क्षेत्र के हजारों किसानों को राहत दी तो, वहीं शुक्रवार को धर्मशाला सर्दियों में दिखने वाले रूप में चमकता नजर आया। चांदी सी चमकती तथा सुबह से खिली धूप में दमकती पहाड़ियों से बहती ठंडी हवाओं ने भले ही सर्दी को बढ़ा दिया, लेकिन सूरज की तपिश कम नहीं थी। ऐसे में लोगों ने धूप सेंखने का भी आनंद लिया। घरों की छतों, चौक-चौराहों के किनारे तथा शहर के विभिन्न प्वाइंट्स पर लोग सुबह से खिली धूप सेंकते नजर आए। वहीं शहर में दो दिनों से कम रही आवाजाही के बाद शुक्रवार को लोगों की चहल-पहल दिखी। ऐसे में स्नो फॉल होते ही मैदानी राज्यों के सैलानी यहां पहुंच कर यहां बर्फ से लकदक पहाड़ों का दीदार कर खूब प्रफुल्लित महसूस करते हैं तथा नाच-गाकर तथा बर्फ में अठखेलियां कर के इन्जॉय करते हैं।

**6** बजे सबसे ज्यादा ठंड यानी तापमान माइनस दो प्रतिशत दर्ज किया गया

### नड्डी में लगा जाम

**हिमपात** के दौरान स्थानीय तथा बाहरी पर्यटकों की आवाजाही भी पर्यटन क्षेत्रों में ज्यादा नजर आई। इस दौरान वीरवार को जहां मैक्लोडगंज में जाम जैसी स्थिति बन आई तो वहीं शुक्रवार को नड्डी में भी जाम लगने की सूचना है। कुछ वाहनों के स्किड होने की भी जानकारी मिली है। हालांकि पुलिस में ऐसा कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है।

### माइनस दो पर पहुंचा पारा

**धर्मशाला** क्षेत्र में दिन का औसत तापमान छह डिग्री सेल्सियस रहा जबकि सुबह छह बजे सबसे ज्यादा ठंड यानी तापमान माइनस दो प्रतिशत दर्ज किया गया। इसके बाद तापमान में थोड़ा उछाल होता रहा तथा धूप खिलने के बाद तापमान में तपिश महसूस हुई। वहीं, जिला के हजारों किसानों को बारिश, बर्फबारी तथा ओलावृष्टि से बड़ी राहत मिली है।



बर्फ से ढकी धौलाधार की पहाड़ियां



नड्डी में घरों के बाहर गिरी बर्फ



मैक्लोडगंज

# सदवा में चोरों ने तोड़े चार दुकानों ने ताले

## पुलिस चौकी 25 मीटर दूरी होने के बाद भी शातिर बेखौफ, लाखों रुपए उड़ाए

**संजीव महाजन, नूरपुर**

नूरपुर की पंचायत सदवा में स्कूल के पास मेन चौक पर चोरों ने वीरवार रात को मौसम और सर्दी का फायदा उठाते हुए एक साथ चार दुकानों के ताले तोड़ कर लाखों रुपए की चोरी को अंजाम दिया है। चोरों नकदी के साथ दुकानों से समान चुराकर दुकानदारों को नुकसान पहुंचाया है। यह सभी दुकानें पुलिस चौकी से 20-25 मीटर की दूरी पर है।

पुलिस चौकी तथा पुलिस द्वारा लगाए सीसीटीवी कैमरे होने के बावजूद चोर ने यहां निडरता देखते हुए बिना किसी भय के इतनी बड़ी घटना को अंजाम दिया है और इस पंचायत में इस तरह की इतनी बड़ी घटना पहली बार हुई है । दुकानदार नसीब सिंह ने कहा कि मैं सदवा में दुकान करता हूं मेरे पास दो दुकानें हैं। मुझे आज सुबह दुकान के मालिक का फोन आया कि आपकी दुकान में चोरी हो गई है जब में वहां गया तो मैंने देखा कि मेरे साढ़े चार लाख रुपए के गारमेंट तथा पच्चीस हजार रुपए ले गए हैं। वहीं एक अन्य दुकानदार ने कहा कि मेरे घर नूरपुर में है मेरी पत्नी सदवा में दुकान पर सिलाई का काम करती है। वहीं, चोर हमारे जो सूट सिलाई के लिए आए थे और हमारे पैसे भी ले गए हैं। हमारी पुलिस से गुजारिश है कि चोरों को जल्द से जल्द पकड़े। दुकानदार सुनील ने कहा कि हम सदवा में दुकान करते हैं। रात को चोरी हुई है मेरे कम से लगभग 45 हजार रुपए के हार कुछ लेडिज स्वेटर, पेंट शर्ट भी ले गए हैं। मेरा कम से कम डेढ़ लाख रुपए का नुकसान हुआ है। (अनंत ज्ञान)





चोरी हुई दुकान में बिखरा सम्मान।

### प्रशासन से मदद की लगाई गुहार

**पंचायत** प्रधान पवन कुमार ने कहा कि हमारी सदवा पंचायत में कम से कम आठ-दस लाख की चोरी हो गई है। मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि इन सभी दुकानदारों की आर्थिक मदद की जाए और जल्द से जल्द चोरों का पता लगाया जाए। बीडीसी सदस्य राकेश कुमार कूक्की ने कहा कि रात को जो सदवा में चोरी का मामला हुआ है। इससे लोगों में खौफ की स्थिति पैदा हो गई है। मैं प्रशासन से कहना चाहता हूं कि जिस तरह यह लोग सात-आठ लाख का नुकसान बता रहे हैं, तो इनकी मदद की जाए।

# ऑल इंडिया इंटर जोनल वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा सीयू

**कपिल पंडित, धर्मशाला**

खेल नगरी धर्मशाला में एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता की मेजबानी हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय करेगा। वहीं, फरवरी से शुरू होगा और नौ फरवरी को प्रतियोगिता का समापन होगा। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए देश भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों से 320 के करीब महिला खिलाड़ी हिस्सा लेंगी। हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय ऑल इंडिया इंटर जोनल वेट लिफ्टिंग (महिला) प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। इस प्रतियोगिता का आयोजन सात फरवरी से इंडोर स्टेडियम धर्मशाला में होगा।

इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए सीयू प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रतियोगिता में मैनेजमेंट और 320 खिलाड़ियों सहित करीब 450 लोग धर्मशाला पहुंचेंगे। सीयू प्रशासन प्रतियोगिता में आने वाले खिलाड़ियों सहित अन्य लोगों के ठहरने की व्यवस्था करने में जुट गया है। जबकि प्रतियोगिता को लेकर अन्य तैयारियां भी जोरों-शोरों से शुरू कर दी हैं। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर मुख्यातिथि क्रेंदीय विश्वविद्यालय के उपकुलपति उपस्थिति रहेंगे और समापन अवसर कॉमनवेल्थ गोल्ड मेडलिस्ट विकास ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

वहीं, कुलसचिव, एचपीसीयू प्रो. सुमन शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय सात से नौ फरवरी तक इंडोर स्टेडियम धर्मशाला में ऑल इंडिया इंटर जोनल वेट लिफ्टिंग (महिला) प्रतियोगिता की मेजबानी करने जा रहा है। इस प्रतियोगिता में देश भर से विभिन्न विश्वविद्यालयों से 320 के करीब महिला वेटलिफ्टर खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इन खेलों के सफल आयोजन के लिए सीयू प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। (अनंत ज्ञान)

# धर्मशाला डाक मंडल में मनाया 140वां डाक जीवन बीमा दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

अधीक्षक डाकघर धर्मशाला मंडल रविंद्र कुमार शर्मा ने जानकारी दी कि धर्मशाला डाक मंडल के विभिन्न डाकघरों में 140वां डाक जीवन बीमा दिवस मनाया गया। इसमें सभी डाक कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

उन्होंने बताया कि इस उपलक्ष्य पर धर्मशाला डाक मंडल में 829 लोगों ने 21 करोड़ा 34 लाख रुपए मूल्य का डाक जीवन बीमा करवाया। वहीं, डाक जीवन बीमा के जिन ग्राहकों की पॉलिसी पूर्ण हो गई थी, उन्हें परिपक्वता भुगतान भी किया गया।

उन्होंने जानकारी दी कि डाक जीवन बीमा का शुभारंभ पहली फरवरी, 1884 को डाक विभाग के कर्मचारियों के लिए एक कल्याण योजना के रूप में किया गया था। तत्पश्चात इसे धीरे-धीरे सभी सरकारी तथा अन्य संस्थानों के लिए लागू कर दिया गया। उन्होंने बताया कि यह योजना अन्य सभी प्रकार से लाभदायक व सुरक्षित है। उन्होंने लोगों से अपील कि डाक जीवन बीमा करवाने हेतु किसी भी नजदीकी डाकघर में संपर्क करें। उन्होंने बताया कि भारतीय डाक विभाग केंद्रीय एवं राज्य सरकार कर्मचारियों, अनुसूचिबद्ध राष्ट्रीय एवं व्यावसायिक बैंकों, केंद्रीय एवं राज्य सरकार के पीएसयू, भारतीय सेना व अर्धसैनिक बलों, सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त वित्तीय संस्थानों, स्थानीय निकायों, विश्वविद्यालयों, केंद्र राज्य सरकार के अनुबंधित कर्मचारियों, सरकार से सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों, क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटीस, ऐसे संयुक्त उपक्रम जिनमें सरकार या पीएसयू की कम से कम दस प्रतिशत राशि लगी हो, मान्यता प्राप्त संस्थानों के कर्मचारी, सभी प्रोफेशनल डिग्री होल्डर, सभी स्नातक व डिप्लोमा धारक को डाक जीवन बीमा कवर प्रदान करता है।



धर्मशाला डाक मंडल में 140वां डाक जीवन बीमा दिवस मनाते हुए सदस्य।

# क्विज प्रतियोगिता में गंगा सदन फर्स्ट

**राकेश डोगरा, डरोह**



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल कौना में सड़क सुरक्षा क्लब के माध्यम से सड़क सुरक्षा माह के उपलक्ष्य में अंतर-सदनीय क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में गंगा सदन प्रथम, यमुना सदन द्वितीय व सरस्वती सदन तृतीय स्थान पर रहे।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रणदीप सिंह गुलेरिया ने विजेता टीम को बधाई देते हुए सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा विषय पर अपने विचार साझा किए। विद्यालय के प्राध्यापक विजय सिंह राणा ने सड़क को सुरक्षा के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण यातायात नियमों का काम पालन न करना है और हम थोड़ी सी जागरूकता तथा यातायात नियमों का पालन करके सड़क दुर्घटनाओं एवं उससे होने वाली मौतों की संख्या को कम कर सकते हैं। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक यशपाल, जोगिंद्र सिंह, संजय कुमार, वीरेंद्र सिंह व विनोद कुमार भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



धर्मशाला। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिला लोक संपर्क विभाग धर्मशाला के कलाकारों ने जरोट और धाड़ पंचायत में लोगों का लोक गीतों के एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम में दल के प्रमुख जीतेंद्र कुमार, जोगेंद्र सिंह, सुरिंद्र कुमार, पंकज, मुनीर नियाजी, सीमा थापा, प्रियांशी, निम्मो चौधरी, नेहा कुमारी और पूनम ने लोगों का मनोरंजन किया।

**काम की बात** | महाशिवरात्रि के पर्व पर नगर पंचायत के बाशिंदों को मिलेगी सौगात, केंद्र का काम जोरों पर

# बैजनाथ-पपरोला को जल्द मिलेगा कूड़ा निष्पादन क्रेंद

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

पिछले कई सालों से बैजनाथ पपरोला नगर पंचायत के बसींदों के लिए परेशानी का सबब रहा कूड़ा निष्पादन का मसला अब हल होने जा है।

महाशिवरात्रि के पर्व पर नगर पंचायत के बाशिंदों को कूड़ा निष्पादन केंद्र मिलने वाला है। बैजनाथ पपरोला नगर पंचायत का गठन जनवरी 2016 को हुआ था । उस समय से ही कूड़ा निष्पादन केंद्र की यह मांग उठने आरंभ हो गई थी। पर हर बार यह कार्रवाई सरकारी कागजों से आगे नहीं बढ़ पाती थी और लोगों के लिए समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही थी। जब कभी विभाग द्वारा विशेष प्रयास करके कूंड़ा निष्पादन के मसले को हल करने के कदम उठाए भी जाते थे तो स्थानीय लोगों के विरोध की वजह से यह समस्या कभी भी हल नहीं हो पाती थी।

इसका परिणाम यह था कि कई सालों तक विनबा नदी के किनारे ही अस्थायी रूप से बनाई गई डंपिंग साइट पर कूड़े को फेंका जाता रहा पर पिछले दिनों विनबा नदी के किनारे कूड़ा फेंके जाने का मसाला इतना गंभीर हो गया कि लोग सड़कों पर उतर आए। कुछ सामाजिक संगठनों का कहना था कि इस कूड़े की वजह से विनबा नदी का पवित्र जल दूषित हो रहा है। यहां तक की यह मसला अदालत तक भी जा पहुंचा। इस बीच उपमंडल अधिकारी नागरिक ने कड़ा संज्ञान लेते हुए यह कह दिया कि अब विनबा नदी के किनारे कूड़ा नहीं फेंका जाएगा । (अनंत ज्ञान)





बैजनाथ पपरोला नगर पंचायत में बन रहा कूड़ा निष्पादन केंद्र। जिसका काम जोरों पर चल रहा है।



**मुख्य** संसदीय सचिव एवं स्थानीय विधायक किशोरी लाल का कहना है कि इस कूड़ा निष्पादन केंद्र में लगभग तीन करोड़ के करीब खर्च किए जा रहा है तथा यह लगभग 25 कनाल भूमि पर बन रहा है इसके बनने से बैजनाथ पपरोला नगर पंचायत के बाशिंदों की बहुत बड़ी समस्या हल होने वाली है ।

**- किशोरी लाल, विधायक, बैजनाथ**



**यह** कूड़ा निष्पादन केंद्र बन जाने से आने वाले 15, 20 वर्षों तक लोगों को फायदा होने वाला है । उन्होंने बताया कि युद्ध स्तर पर इसका काम चला हुआ है और जल्द ही यह पूरा हो जाएगा। उन्हें उम्मीद है कि शिवरात्रि महोत्सव तक यह काम पूरा हो जाएगा ।

**-नगर पंचायत सचिव, आदित्य चौहान**

# चंबा में पेंशनर्स ने रैली निकाली

## पेंशनर्स वेलफेयर संघ ने विभिन्न संगठनों के साथ मिलकर जताया विरोध

**अनंत ज्ञान, चंबा**


कार्यवाहक एसी टू डीसी को ज्ञापन सौंपते हुए पेंशनर्स संघ के पदाधिकारी व सदस्य।

चंबा में हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर संघ ने विभिन्न संगठनों के साथ मिलकर रैली निकाली और एक ज्ञापन कार्यवाहक एसी टू डीसी चंबा को सौंपा। इस दौरान एसोसिएशन ने परिधि गृह चंबा से उपायुक्त कार्यालय तक रोष रैली निकाली। संघ पदाधिकारियों ने इस दौरान राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भारतीय राज्य पेंशनर्स वेलफेयर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. डीके सोनी ने बताया कि पेंशनर अपनी मांगों को लेकर कई वर्षों से आवाज बुलंद कर रहे हैं, लेकिन उनकी मांगों को अभी तक पूरा नहीं किया जा सका है। इससे पेंशनरों में काफी रोष है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि इस सरकार ने कर्मचारियों व पेंशनरों को न ही दिवाली न 25 जनवरी को उनकी देयराशि की किसी भी तरह से कोई घोषणा नहीं की है। उन्होंने बताया की महासंघ के पालमपुर में 17 दिसंबर को आयोजित सम्मेलन में 11 अन्य संगठनों ने भाग लिया था। उसमें पेंशनरों की प्रमुख मांगों को लेकर सरकार को 26 दिसंबर को पंजीकृत पत्र भेजा गया था। जिसमें एक महीने का नोटिस दिया गया था। जिसकी अवधि 16 जनवरी को पूरी हो गई है, लेकिन सरकार ने उस पर कोई कार्रवाई नहीं की। जिसके चलते अब महासंघ ने पूरे प्रदेश में जिलाधीश के माध्यम से मुख्य सचिव को ज्ञापन भेजा है। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन की शुरूआत है यदि सरकार का यही रवैया रहा तो यह आंदोलन और भी उग्र परिस्थितियों को ओर बढ़ सकता है। इस मौके पर प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर संघ के राज्य व जिला संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

## पैदल ही डलहौजी पहुंच गए सैलानी

**डलहौजी।** प्रसिद्ध पर्यटन नगरी डलहौजी में भारी बर्फबारी देखने को मिली। सोशल मीडिया पर तस्वीरों और शॉट वीडियो की मानो बाढ़ ही आ गई। जिससे आकर्षित होकर बाहरी राज्यों से लोगों ने बर्फबारी का आनंद उठाने के लिए डलहौजी का रुख किया परंतु भारी बर्फबारी के चलते बनीखेत डलहौजी मुख्य मार्ग बंद रहा। जिससे सैलानी डलहौजी न पहुंच कर बनीखेत में ही रुक गए। रास्ते में रुके छोटे बड़े वाहनों से यातायात पूरी तरह से अवरुद्ध रहा जिसे खोलने के लिए लोग निर्माण विभाग एवं स्थानीय प्रशासन के अच्छे खासे पसीने भी छूटते दिखाई दिए। हालांकि कई सैलानी बर्फ का आनंद लेते हुए पैदल ही डलहौजी पहुंच गए और जहां सुभाष चौक, गांधी चौक, बारहपत्थर होते हुए लक्कड़ मंडी, डायनकुंड कालाटॉप में पड़ी बर्फबारी का खूब आनंद उठाया।

# कड़ाके की ठंड में घंटों घरों के बाहर ही खड़े रहे लोग

## मोहल्ला कश्मीरी वासियों को आज भी सता रहा भूस्खलन का डर

**एमएम डैनियल, चंबा**


मोहल्ला कश्मीरी का भूस्खलन स्थल।


पीड़ित परिवारों से बातचीत करते राजस्व विभाग के कर्मचारी।

ऋतुओं संग वक्त गुजरता व बदलता चला जा रहा है, लेकिन आखिर कौन मोहल्ला कश्मीरी वासियों के दर्द का मर्ज बनेगा। यह बात भूस्खलन का दंश झेले रहे मोहल्ला कश्मीरीवासी के हर पीड़ित परिवार के मुख पर है। जिला के चौगान वार्ड अधीन मोहल्ला कश्मीरी वासियों को 53 वर्षों से चले आ रहे भूस्खलन दंश से निजात दिलवाने वाला कोई नहीं मिल पाया है। गत दिनों दो दिन से हो रही बारिश ने वार्ड के लोगों की रातों की नींद उड़ा दी है। जिसका ताजा उदाहरण शुक्रवार सुबह सवेरे करीब चार बजे कड़ाके की ठंड में भूस्खलन के मुहाने पर खड़े छह परिवारों के सदस्यों को बच्चों के साथ घंटों घरों के बाहर समय व्यतीत करना पड़ा है।

गौर हो कि एक हजार वर्ष पूरे कर चुके चंबा शहर के एक मुहाने पर भूस्खलन के रूप में खड़ी आफत लंबे अरसे बाद भी नहीं टल पाई है। वर्ष 1971 में चौगान वार्ड में भूस्खलन का दौर शुरू हुआ। जिसकी जदोजहद में वार्ड के कई मकान आने सहित एक बड़ा हिस्सा भूमि का जमींदोज हो गया। जिसे देख तत्काल राजनेताओं व जिला प्रशासन ने वार्ड का सर्वेक्षण कर इसे संरक्षण तक करवा वार्ड को संवेदनशील घोषित किया। वहीं डाकघर-संग्राहलय मार्ग पर भीतर के भाग तक खतरे का निशान तक अंकित किया गया।

यहां उस दौरान हुए भारी भूस्खलन को देखते हुए वार्ड वासियों को मकान छोड़ सुरक्षित स्थान पर रहने के निर्देश भी दिए गए, लेकिन आवास अवस्था न हो पाने के चलते भूस्खलन प्वाइंट के नजदीक रहे वार्ड वासी वहीं रहे। जबकि प्रशासन, नगर परिषद व लोनिवि तक ने अलग-अलग समय पर भूस्खलन के प्रति नाममात्र कदम उठाते हुए हल्की ब्रेस्ट वाल, जाली लगाने के अतिरिक्त आज दिन कोई कार्य नहीं किया।

जबकि पिछले 53 वर्षों से लगातार सूखे व बारिश के दिनों में वार्ड कश्मीरी यानि चौगान वार्ड दो में भूमि कटाव का दौर जारी है। जिसने मौजूदा समय में करीब छह मकानों को भूस्खलन के कगार पर खड़ा कर दिया है। मोहल्ला कश्मीरी में ताजा भूस्खलन की खबर की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन द्वारा तहसीलदार चंबा की अगुआई में राजस्व व वार्ड पार्षद दल से तुरंत मौका करवाया गया। जिसमें तहसीलदार चंबा द्वारा मौके पर पाया गया कि बरसात के पश्चात ताजा भूस्खलन से मोहल्ला कश्मीरी वासियों के छह परिवारों के मकानों को ओर भी खतरा बढ़ गया है। (अनंत ज्ञान)

### लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने को चेताया

मोहल्ला कश्मीरी में भूस्खलन के मुहाने पर खड़े पीड़ित छह परिवारों में रमेश चंद, विक्टर मसीह, जॉन मसीह, प्रवीण आनंद, परवेज डैनियल व मुन्नवर वेग मिर्जा के मकान शामिल है। भूस्खलन के दंश से पीड़ित परिवारों में रमेश चंद, सैम, जॉन मसीह, परवेज डैनियल, विशाल, प्रवीण, प्रिया, गायत्री व ऊषा का कहना है कि वार्ड के साथ हो रहे भूस्खलन को रोकने के लिए प्रशासन और नेता आश्वासनों के सिवाय कुछ नहीं कर पाए है। जबकि बारिश सहित सूखे मौसम में भी भूस्खलन होने सहित लगातार भूमि कटाव हो रहा है। जिसमें गत दिनों में हुई बारिश से ताजा भूस्खलन होने सहित दीवारों में अब दरारें पड़ना आरंभ हो गई हैं। अब तो स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि मकानों और भूस्खलन प्वाइंट में महज चार से छह फुट की दूरी का अंतर शेष बचा है। जिसमें वार्ड चौगान दो में स्थित दर्जनों मकान इसकी कभी भी भेंट चढ़ सकते है। सरकार व प्रशासन मात्र सर्वे एवं औपचारिकताओं तक ही सीमित दिख रहे है। जिसके चलते अब हड़ताल पर बैठने से लेकर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करना ही पीड़ित परिवारों के लिए अंतिम विकल्प रह गया है।



एसडीएम चंबा के आदेशानुसार वार्ड कश्मीरी मोहल्ला में भूस्खलन होने की सूचना प्राप्त होने पर राजस्व टीम ने प्रभावित स्थल का मौका किया। मौके पर भी वहां भूस्खलन हुआ। पीड़ित परिवारों के पटवारी व कानूनगो द्वारा बयान सहित रिपोर्ट तैयार कर ली है। जिसे उच्च अधिकारियों को सौंपने सहित संरक्षण के जल्द से जल्द कदम उठाए जाएंगे।

**-संदीप कुमार, तहसीलदार, चंबा।**

### भूस्खलन स्थल को संरक्षण देने के लिए सर्वेक्षण करवा लिया है



अरुण शर्मा एसडीएम चंबा का कहना है कि वार्ड चौगान में मोहल्ला कश्मीरी में स्थित भूस्खलन स्थल को संरक्षण देने के लिए सर्वेक्षण करवा लिया गया। लोक निर्माण विभाग चंबा द्वारा डीपीआर रिपोर्ट का कार्य प्रगति पर है। वहीं ताजा भूस्खलन के तहत तहसीलदार चंबा की अगुआई में टीम गठित कर उन्हें मौका करने के आदेश दिए है। जबकि इसमें कोई दो राय नहीं है कि मोहल्ला कश्मीरी संवेदनशील परिस्थिति से गुजर रहा है। जहां तक रही लोकसभा चुनाव बहिष्कार की बात तो लोकतंत्र में हर नागरिक को भाग्यदारी अवश्य निभानी चाहिए यह तमाम पीड़ित परिवारों से अनुरोध रहेगा। जिसमें प्रशासन हरसंभव सहायता के लिए पीड़ित परिवारों के साथ है। वहीं सरकार के निर्देशानुसार भूस्खलन व आपदा से प्रभावित परिवारों को रहने के लिए खतरा महसूस होने पर वह किराये के मकान पर रहने के लिए एसडीएम कार्यालय में आवदेन कर सकते है। जिसका खर्च सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### 46 ट्रांसफार्मर में 41 किए बहाल


बिजली सप्लाई को बहाल करते बिजली बोर्ड के कनिष्ठ अभियंता व कर्मचारी

**भरमौर।** पिछले दिनों हुई भरमौर में भारी बारिश और बर्फबारी के कारण बिजली बोर्ड अनुभाग गरोला में लगभग सभी जगह बिजली सप्लाई पहुंचा दी है। जानकारी के अनुसार उपमंडल भरमौर के अंतर्गत आने वाले अनुभाग गरोला में 46 ट्रांसफार्मर में से विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद 41 ट्रांसफार्मर से बिजली आपूर्ति शुरू कर दी है। कनिष्ठ अभियंता दिनेश कुमार ने बताया कि अब सिर्फ पांच ट्रांसफार्मर ही बंद हैं। जिसे शीघ्र ही चालू कर दिया जाएगा। शुक्रवार को विभाग के कनिष्ठ अभियंता व कर्मचारियों ने दिन-रात एक करके भारी बर्फ के बीच अनुभा गरोला में 41 ट्रांसफार्मर से बिजली की सप्लाई सुचारू कर दी है। कनिष्ठ अभियंता दिनश ठाकुर ने कहा है कि बचे हुए ट्रांसफार्मर में से जल्द ही विद्युत सप्लाई शुरू कर दी जाएगी। बहरहाल दिन-रात एक करके इतनी जल्दी इतनी ट्रांसफार्मर से बिजली सप्लाई शुरू करने पर लोगों ने बोर्ड का आभार व्यक्त किया है।

### बर्फबारी से होटल कारोबारी खुश

**चुवाड़ी।** हिमाचल में हुई बर्फबारी के बाद अब भारी मात्रा में टूरिस्ट बाहरी राज्यों से हिमाचल का रुख कर रहे हैं। जिसके चलते कारोबार भी एक बार फिर से पटरी पर आ चुका है जहां व्यापारियों को नए साल पर निराशा ही हाथ लगी थी तो वहीं अब फरवरी के पहले सप्ताह में ही सैलानियों ने जोत और चुवाड़ी का रुख करना शुरू कर दिया है। जोत में होटल व्यापारियों से बात की तो उनका कहना है कि वीरवार को हुई बर्फबारी से भारी मात्रा में टूरिस्ट बाहरी राज्यों से जोत में आए हैं। टूरिस्ट को लंबे समय से बर्फबारी का इंतजार था। रोजाना भारी मात्रा में लोग जोत का रुख कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे व्यापार में बढ़ावा होगा।

### होली-उतराला सड़क के लिए सौंपा ज्ञापन

**भरमौर।** हिमाचल प्रदेश स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक के निदेशक व जिला परिषद सदस्य



ललित ठाकुर भी होली-उतराला सड़क निर्माण के पक्ष में स्थानीय लोगों के हक में उतर आए हैं। होली-उतराल सड़क निर्माण के लिए काम युद्ध स्तर पर शुरू हो इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को ज्ञापन भी सौंपा है। ज्ञापन में ललित ठाकुर ने कहा है कि जनजातीय क्षेत्र होली के लोगों की वर्षो पुरानी मांग को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने कहा है कि जिला चंबा को दूसरे जिला व क्षेत्र से जोड़ने के लिए यहां एकमात्र ही सड़क विकल्प है। आपातकालीन में इस सड़क के खराब हो जाने के कारण यहां पर लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता हैं। लिहाजा जिला चंबा को दूसरे जिलों और राज्यों से जोड़ने के लिए वैकल्पिक सड़कों का निर्माण यहां पर अति आवश्यक है। लिहाजा होली-उतराला व दुरकुंड भागसु टनल का निर्माण सबसे बेहतर विकल्प होगा। जिसके कारण जिला चंबा दूसरे क्षेत्र से वैकल्पिक रास्ते से जुड़ जाएगा। जिसके कारण यहां पर पर्यटन व्यवसाय को तो बढ़ावा मिलेगा ही साथ ही लोगों की आर्थिकी भी मजबूत होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है कि इसके साथ ही दुरकुंड से भागसू टनल का निर्माण भी प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाए। जिसके कारण धर्मशाला से चंबा की दूरी मात्र एक घंटे में पूरी हो जाएगी।

# भरमौर और होली में फंसी एचआरटीसी की बसें

**आरके रांगड़ा, चंबा**

जिला में बारिश व बर्फबारी के कहर ने हिमाचाल प्रदेश पथ परिवहन निगम को आर्थिकी व अन्य मुश्किलों से घेर लिया है। जिला में अचानक मौसम के करवट बदलने से एचआरटीसी चंबा की भरमौर में तीन बसें फंसी रही, तो खजियार और होली में फंसी बसों को मौसम सुधरने के बाद ही वहां से निकाला जा सकेगा। इसके अलावा चंबा-भरमौर मार्ग पर ल्हासे गिरने से जगह-जगह भरमौर मार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए बंद रहा।

चंबा-चुवाड़ी वाया जोत मार्ग तथा चंबा-डलहौजी वाया खजियार मार्ग पर ताजा बर्फ गिरी होने से मार्ग यातायात के लिए पूर्ण रूप से बाधित रहा। हालांकि शुक्रवार को मौसम खुलने से एचआरटीसी की बसें एक बार फिर से पटरी पर आ गई थी परंतु अभी भी पहाड़ों में पानी रिसा होने से किसी सड़क मार्ग पर ल्हासा गिरने से सड़क मार्ग के बंद होने की पूरी संभावना रही।



जिसके चलते लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

उधर, इस संदर्भ में एचआरटीसी चंबा क्षेत्रीय प्रबंधक शुगल सिंह का कहना है कि एचआरटीसी की सेवा मौसम के हालात पर ही निर्भर करती है। जिला के जनजातीय सहित अन्य कुछ क्षेत्रों में बर्फबारी व भूस्खलन के चलते करीब 13 बसें फंस गई है। जिन्हें मौसम ठीक होते ही चालकों को निकालने सहित अधिक खराब मौसम की सूरत में वाहन एवं अपने को सुरक्षित स्थान पर महफूज रखने के निर्देश जारी कर दिए है। आगामी दो दिनों तक मौसम खराब रहने के अर्लट को देखते हुए चालकों-परिचालकों को मौसम व सड़कों अनुरूप ही बसें चलाने के निर्देश जारी किए है। (अनंत ज्ञान)

# पठानकोट-भरमौर नेशनल हाई-वे चार घंटे बंद, वाहनों की लगी कतारें

**ओपी शर्मा, भरमौर**


धरवाला में लैंड स्लाइड होने के कारण लगा लंबा जाम।

पिछले तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश व बर्फबारी के कारण जगह-जगह लैंडस्लाइड होने के चलते पठानकोट-भरमौर नेशनल हाईवे शुक्रवार को भी करीब चार घंटे बंद रहा। सुबह ही धरवाला के समीप चट्टाने गिरने के कारण यहां पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रही। जानकारी के अनुसार पठानकोट-भरमौर राष्ट्रीय उच्च मार्ग मैहला, धरवाला दुनाली गैहरा, लूना वह खड़ामुख तक कई जगह लैंडस्लाइड होने के चलते बंद रहा।

विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद तकरीबन 11 बजे के बाद भरमौर के खड़ामख व लाहल तक गाड़ियों की आवाजाही शुरू करवा दी। लाहल के आगे सड़क पर बर्फ से फिसलन होने के कारण इस मार्ग पर वहां चलना खतरे से खाली नहीं है। लिहाजा इसे खोलने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। बर्फबारी के कारण पीडब्ल्यूडी मंडल भरमौर की दो दर्जन से अधिक सड़कें बंद हैं। आधा दर्जन सड़कों को विभाग ने यातायात के लिए बहाल कर दिया है। हालांकि विभाग ने इन सड़कों को यातायात के लिए बहाल करने के लिए युद्ध स्तर पर काम शुरू कर दिया है।

जिसके लिए लोक निर्माण विभाग ने जगह-जगह मशीनरी भेजकर जल्द से जल्द सड़कों को यातायात के लिए बहाल करने के लिए मशीनरी तैनात कर दी है। अधिशाषी अभियंता मीत शर्मा ने बताया कि बर्फबारी के कारण कुछ सड़के बंद हुई हैं जिनको खोलने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। बर्फ बारी के बाद मौसम के साफ होने से एकाएक ठंड बढ़ जाने के कारण यहां पानी की पाइपें जमना शुरू हो गई है, तो वहीं पर कई जगह भारी बर्फबारी होने के कारण बिजली के ट्रांसफार्मर भी बंद हो गए हैं। हालांकि भरमौर प्रशासन द्वारा सब जगह बिजली और पानी की व्यवस्था को सुचारु करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य शुरू कर दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

## बेसहारा गोवंश के लिए पशुचारे का किया प्रबंध

**डलहौजी।** ताजा हिमपात जहां एक तरफ बागवानों एवं होटल कारोबारियों के लिए खुशी की लहर लेकर आया है तो वहीं इसके विपरीत बेसहारा गोवंश के लिए मुसीबत बना है। इसी मुसीबत को देखते हुए बनीखेत के कुछ युवाओं ने भारी हिमपात के चलते गोवंश को एकत्रित कर बनीखेत वार्ड नंबर छह में निर्मित गोशाला में पहुंचाया और उनके लिए पशुचारे और पानी का प्रावधान अमित शर्मा, द्रुपद पठानिया और अभी चौहान के सहयोग से किया गया। अमित शर्मा ने बताया कि बनीखेत में लंबे समय से बेसहारा पशु देखे जा रहे हैं जो की आसपास के गांव वासियों द्वारा बनीखेत में छोड़े गए हैं इस बारे में उन्होंने एक विशेष अभियान भी चलाया था कि जिनके यह मवेशी हैं उनके घर पहुंच जाएं किंतु इन लावारिस मवेशियों को लेकर कोई भी आगे नहीं आया। अमित शर्मा ने कहा कि बेसहारा गोवंश की मदद के लिए सभी आगे आएं।

# चुराह में सुविधाओं को बहाल करने में जुटे विभिन्न विभाग

**आजम डार, तीसा**

बर्फबारी के बाद खिली धूप से पहाड़ चांदी की तरह चमक उठे है। तो वहीं बर्फबारी से प्रभावित हुए चुराह में जन जीवन व्यवस्थाओं को बहाल करने में बिजली बोर्ड, लोक निर्माण विभाग व एचआरटीसी ने ताकत झोंक दी है ताकि लोगों को मूलभूत सुविधाओं से जोड़ कर रखा जा सके।

गौर हो कि शुक्रवार को मौसम के सामान्य होते ही बिजली बोर्ड और लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी व्यवस्थाओं को बहाल करने में जुट गए हैं। बिजली बोर्ड कर्मी बिजली की टूटी लाइनों व बंद पड़े ट्रांसफार्मरों को शुरू करने में फील्ड में डटे नजर आए।

वहीं लोक निर्माण तीसा के अधिकारियों से लेकर लेबर क्लास चुराह में स्थित मुख्यचंबा-तीसा सहित संपर्क मार्गों को खोलने में मशक्कत करते हुए नजर आए। जबकि बर्फबारी के बीच चुराह में

**बारिश और बर्फबारी के बाद जनजीवन हुआ अस्त व्यस्त**

तीसा मुख्य रूट सहित अन्य कई रूटों पर एचआरटीसी की बसों को बर्फ से निकालने में निगम के चालक-परिचालक भी जुटे नजर आए। अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग तीसा जोगिंद्र कुमार का कहना है कि चुराह बुंदेड़ी, तेरेला, टेपा, आयल, भराडा इन रास्तों को छोड़कर लगभग चुराह के सभी मार्ग बहाल कर दिए गए हैं मौसम साफ रहने की स्थिति में इन मार्गों को भी जल्द बहाल कर दिया जाएगा।

एचआरटीसी चंबा के क्षेत्रीय प्रबंधक शुगल कुमार का कहना है की सरकारी बसों को चंबा मुख्यालय बुला लिया गया है। चंबा सनवाल रूट की बस जो शक्तिनाला में फंसी है रोड बहाल होने के बाद चंबा बुला लिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# बनीखेत में थमे गाड़ियों के पहिये

## बर्फ के कारण फिसलन बढ़ी, आगे नहीं जा सके वाहन

**मुकेश कुमार, डलहौजी**


शुक्रवार सुबह बर्फ में फंसी कार को धक्का लगाते लोग।

भरमौर-पठानकोट राष्ट्रीय मार्ग एनएच 154 ए पर उस समय भारी जाम की स्थिति पैदा हो गई जब बर्फ के कारण फिसलन से गाड़ियां आगे न बढ़ सकीं और वहीं फंस गई। जिसके कारण मार्ग के दोनों तरफ भारी जाम की स्थिति पैदा हो गई और सैकड़ों गाड़ियां मार्ग के दोनों तरफ खड़ी रही।

बताते चलें कि बीते कई घंटे से लगातार हो रही बर्फबारी के कारण शुक्रवार सुबह जब सूरज निकला तो दोनों तरफ गाड़ियां चलना शुरू हुई और बर्फ पर पड़े कोहरे की फिसलन पर गाड़ियां आगे न बढ़ पाई और जहां थी वहीं फंस गई। इस बारे में लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता ने बताया कि लोक निर्माण विभाग की लेबर मार्ग बहाली के लिए कमर कसे हुए हैं और जल्द ही रोड बहाली कर दी जाएगी। बता दें कि बाद दोपहर लोक निर्माण विभाग द्वारा मार्ग को सुचारु रूप से बहाल कर भी दिया गया। बर्फबारी के बाद अचानक मौसम साफ हो जाने के कारण जो कोहरा पड़ता है उससे बनीखेत व इसके आसपास के क्षेत्र में बर्फ और ज्यादा कठोर और पानी भी जम जाता है जिससे गाड़ियों के टायर घूमने की बजाय फिसलने लगते हैं। इस स्थिति से निपटने के लिए या तो टायरों पर चेन वाले कवर चढ़ाएं जाएं ताकि टायर बर्फ में अपनी पकड़ बना सके और वाहन को आगे बढ़ा सके। शुक्रवार को पर्यटकों की गाड़ियों के पहिये भी उन्हें डलहौजी पहुंचने से नहीं रोक सके ज्यादातर पर्यटक पैदल ही डलहौजी पहुंचकर बर्फ में मस्ती करते दिखे। (अनंत ज्ञान)

**अनदेखी** विद्युत परियोजनाओं के प्रभावितों को आज तक नहीं मिली सुविधाएं

# तीन दशक से अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे प्रभावित

**एमएम डैनियल, चंबा**

जिला चंबा में विद्युत परियोजनाओं के निर्माण से बेशक विकास को एक नई गति मिली है, लेकिन परियोजना क्षेत्रों से जुड़े विस्थापित साढ़े तीन दशक बीत जाने के बाद आज भी मौलिक अधिकारों से लेकर राहत राशि पॉलसी लागू करने की मांग उठा रहे है। यह हाल जिला में स्थित किसी एक परियोजना का नहीं बल्कि समस्त विद्युत परियोजनाओं में कहीं न कहीं कोई न कोई विवाद अधिकारों की जंग के लिए उपज रहा है। जो कि सरकार से लेकर जिला प्रशासन की परियोजना निर्माण से जुड़ी की गई अलग-अलग समय की अनियमितताओं को सिद्ध करती है।

गौर हो कि चमेरा चरण एक जलविद्युत 540 मेघावाट परियोजना जलमग्न क्षेत्र 971 हेक्टेयर के निर्माण के लिए वर्ष 1989 में करीब 1422 परिवारों ने खुशी-खुशी विकास के लिए अपने घरों एवं अपनी पुश्तैनी जमीनों को परियोजना के नाम कर दिया, लेकिन इनकी व्यथा यह है कि बदले में इनके पुर्नवास व रोजगार की योजना राजनीति, नौकरशाही व भाई-भतीजावाद की भेंट चढ़ गई। यही कारण है कि लगभग साढ़े तीन दशक से चमेरा चरण एक विद्युत परियोजना के प्रभावित अपने हक की लड़ाई जारी रखे हुए है। चमेरा एक जल विद्युत परियोजना का निर्माण अस्सी के दशक के शुरूआती वर्ष में बिना सर्वे व प्रभावितों के लिए बिना कोई पुख्ता योजना तैयार प्रारंभ हुआ था। इसके बाद वर्ष 1985 में एनएचपीसी, जिला प्रशासन और राज्य सरकार की एक संयुक्त बैठक हुई जिसमें इस परियोजना के प्रभावितों की विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश जारी हुए।

### अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरेंगे



नरेंद्र सिंह संबयाल, उपाध्यक्ष चमेरा एक परियोजना प्रभावित एवं कल्याण समिति का कहना है कि चमेरा एक परियोजना प्रभावित एवं कल्याण समिति का गठन परियोजना द्वारा विस्थापितों के साथ किए जा रहे अन्याय के लिए किया गया। समिति द्वारा तीन दशकों से अधिक समय से सरकार व जिला प्रशासन के अधिकारियों को कई रिपोर्ट पेश की जा चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद विस्थापितों को उनका अधिकार नहीं मिल रहा। जबकि सरकारी नियमों के तहत ऐसे परियोजना प्रभावितों का पुर्नावास एवं रोजगार दिया जाना तय था। जिनकी 50 फीसदी या इससे अधिक संपत्ति परियोजना की भेंट चढ़ी हो, लेकिन जहां इस परियोजना की आड़ में लगभग 863 लोगों को अवैध रूप से रोजगार दिया गया। जिसकी जांच तक नहीं की जा रही है। यदि यह ही आलम रहा तो विस्थापित अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरने से भी अब गुरेज नहीं करेंगे।

**न केंद्र न राज्य सरकार और न ही प्रशासन कर रहा सुनवाई**

निर्माण शुरू होने और पहली बैठक के बीच चार वर्ष के समय में अधिकतर प्रभावितों का हक छिन चुका था।

जबकि कुछ एक का सर्वे रिपोर्ट तैयार होने के बाद जाता रहा। सर्वे कमेटी ने 400 ऐसे लोगों की सूची तैयार की जिनकी पचास फीसदी या इससे अधिक संपत्ति परियोजना की भेंट चढ़ चुकी थी। जल्द ही सर्वे कमेटी की यह कार्रवाई विवादों में घिर गई। सर्वे कमेटी द्वारा तैयार सूची में आरोप लगे कि इस सूची को बंद कमरे में बैठ कर तैयार किया गया है।

जबकि वास्तविकता से इसका कोई संबंध नहीं है। समय बीतने के साथ हद तो तब हो गई जब परियोजना के जलाशय में पानी भरने से पलेई, टिपरा, चकलू, मनहोत, थड़ी, राजनगर, मुलाण और भनौता गांवों के लोगों को अपनी जान बचाकर अपने-अपने गांव से भागना पड़ा। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### डडौर सोसायटी ने मनाया स्थापना दिवस


गैर कृषि एवं ऋण सोसायटी के स्थापना दिवस पर उपस्थित शेयरधारक।

**नेरचौक।** गैर कृषि एवं ऋण सोसायटी डडौर ने अपना स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया। स्थापना दिवस के अवसर पर सोसायटी के पदाधिकारी एवं सदस्यों सहित शेयर धारकों ने भाग लिया। समिति के संस्थापक देवी रूप सैनी ने बताया कि सोसायटी ने दस वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। सोसायटी के माध्यम से शेयर धारकों एवं दूसरे कस्टमरों को व्यक्तिगत लोन, मिड टर्म लोन, वाहन लोन तथा मकान बनाने के लिए लोन दिए जाते हैं। लगभग एक हजार से ज्यादा शेयर धारक बल्ह वैली सोसायटी से जुड़ चुके हैं तथा निरंतर प्रयास जारी रखते हुए सोसायटी सभी शेयर धारकों को लाभांश का 10 प्रतिशत दे रही है। इस वर्ष लगभग 13 करोड़ रुपए का लेनदेन हुआ तथा लगभग नौ लाख पचार हजार का शुद्ध लाभ अर्जित किया गया। समिति के कुशल संचालन के लिए उन्हें प्रथम पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। यह सब सोसायटी के संस्थापक समिति के सदस्य एवं शेयर धारकों के प्रयास से संभव हुआ इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर समिति संचालन में विशेष सहयोग प्रदान करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित भी किया गया।

### अंतरिम बजट से महिलाएं बनेंगी आत्मनिर्भर

**सरकाघाट।** केंद्र सरकार द्वारा जो अंतरिम बजट जारी किया है उसकी ग्रयोह वार्ड से जिला परिषद सदस्य वंदना गुलेरिया ने सराहना करते हुए कहा कि जो अंतरिम बजट वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेश किया है वह बजट आम आदमी का बजट है और गरीब लोगों के लिए लाभदायक सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि इस बजट से महिलाओं को भी बल मिलेगा और महिलाएं आत्मनिर्भर बनेगी। उन्होंने कहा कि यह बजट बहुत ही महत्वपूर्ण है इसमें हर वर्ग का विशेष ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट आने वाले भारतवर्ष की दशा व दिशा को दर्शाता है। यह बजट सराहनीय है। उन्होंने कहा कि इसके साथ-साथ एक करोड़ घरों में इस योजना के माध्यम से बिजली की सुविधा आने वाले समय में 300 यूनिट बिजली फ्री मिलेगी।

### सरकाघाट स्कूल का मॉडल सराहा


सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के दौरान सरकाघाट स्कूल के मॉडल को देखते हुए उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री।

**सरकाघाट।** सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को ग्राम पंचायत रखोटा के प्रांगण में किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों ने अपने-अपने स्टॉल में प्रदर्शनी लगाई। उपमुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग की प्रदर्शनी में लगाए सरकाघाट स्कूल के मॉडल की खूब प्रशंसा की। इस दौरान सांसद प्रतिभा सिंह ने भी बच्चों को बधाई दी। स्कूल की छात्राओं श्वेता कुमारी, कृतिका कुमारी, रिया कुमारी, प्रिति कुमारी, स्वास्तिक, चिराग और आर्यन ने अपने मॉडल के बारे में उपमुख्यमंत्री को अवगत कराया। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेश पठानिया, प्रवक्ता बायोलॉजी विजय कुमार, गैर शिक्षक महासंघ के जिला प्रधान राजेश राव उपस्थित रहे।

### पेंशनरों की मांगों की हो रही अनदेखी


ज्ञापन सौंपने के पश्चात उपायुक्त कार्यालय के बाहर पेंशनर सामूहिक चित्र में।

**मंडी।** हिमाचल पेंशनर्स फेडरेशन व भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ द्वारा शुक्रवार को जिला प्रशासन मंडी के माध्यम से मुख्य सचिव हिमाचल प्रदेश सरकार को मांगों को लेकर एक ज्ञापन प्रेषित किया गया। इस दौरान फेडरेशन के प्रदेशाध्यक्ष हिम्मत राम शर्मा ने कहा कि जिस तरह से सरकार उनकी मांगों को अनदेखा कर रही हैं उससे भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ व अन्य पेंशनर्स संगठनों में भारी रोष हैं। उन्होंने कहा कि लगता है कि सरकार जानबूझकर उनकी मांगों को अनदेखा कर रही हैं। यदि सरकार उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं करती हैं तो फिर आने वाले समय मे उग्र आंदोलन व क्रमिक अनशन पर बैठने को पेंशनर्स मजबूर होंगे।

### किसी और के नाम पर काम कर रहे बाहरी मजदूर

**सरकाघाट।** धर्मपुर में मनरेगा कानून की चुने हुए प्रतिनिधि व पंचायत कर्मचारी धज्जियां उड़ा रहे हैं। यह बात प्रेस विज्ञप्ति में कुलदीप सिंह चम्बयाल पूर्व अध्यक्ष पंचायत समिति धर्मपुर ने कही। उन्होंने कहा कि मनरेगा कानून की धज्जियां चुने हुए प्रतिनिधि, कर्मचारी व अधिकारी मिलकर उड़ा रहे हैं। मनरेगा के कार्य में बाहरी मजदूर मतलब बिहार, उत्तर प्रदेश से संबंधित या जिसके पास मनरेगा का जॉब कार्ड न हो कार्य नहीं कर सकते हैं, लेकिन देखने में आ रहा है कि पंचायतों में एक नए ऐजेंडे के साथ जो पैसा स्थानीय लोगों को मिलना था प्रवासी या गैर पंजीकृत मजदूरों को मिल रहा है। पंचायत के लोग जिसका कार्य स्वीकृत हुआ है उसको बोलते हैं आप खुद ही पांच, छह मनरेगा मजदूरों के नाम दो और मस्टररोल पंचायत उनका निकल देगी और आप कार्य बाहरी मजदूरों से करवा लो और मनरेगा मजदूरों से पैसे लेने की जिम्मेदारी भी आपकी मतलब जिसका कार्य स्वीकृत हुआ है उसकी होगी।

# कसाण में 50 समस्याएं निपटाईं

## 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम का लोगों ने उठाया लाभ, सीपीएस राम कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि की शिरकत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सदर मंडी विधानसभा की ग्राम पंचायत कसान में मुख्य संसदीय सचिव राम कुमार की अध्यक्षता में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीर, सदयाणा, निचला लोट, सेहली, बग्गी तुंगल, साई कसान, सदोह, तरनोह और कोटली पंचायतों के लोग समस्याओं के समाधान के लिए आए थे।

इस मौके 50 से अधिक समस्याएं आई थी। कार्यक्रम से पहले इन पंचायतों में आयोजित शिविरों में आठ शिकायतें और 13 मांगें लोगों ने प्रस्तुत की थीं, जिनमें से अधिकांश का निपटारा पहले ही कर दिया गया था। जबकि कुछ समस्याओं और मांगों का निपटारा 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम में मुख्य संसदीय सचिव ने किया। कार्यक्रम में अधिकांश समस्याएं


जनसमस्याएं सुनने के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते सीपीएस राम कुमार।

लोक निर्माण, जल शक्ति, विभाग व एचआरटीसी से संबंधित रहीं। उन्होंने मंडी से वाया कोटली बन रहे मंडी से हमीरपुर नेशनल हाईवे के निर्माण से 50 मीटर के दायरे में टूटे हुए सभी रास्तों का पुनर्निर्माण करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने इस अवसर एक मामले में अधिकारियों को नौतोड़ के तबादले के मामले को सरकार को भेजने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने एचआरटीसी के अधिकारियों को लोगों की मांग के अनुरूप बसों की समयसारिणी में बदलाव को भी कहा। उन्होंने बताया कि नाबार्ड के माध्यम से इस क्षेत्र में 36.17 करोड़ रुपए सड़कों के कार्य, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में 56 करोड़ और सीआरएफ से 1.74 करोड़ रुपए कार्य किए जा रहे हैं। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य व मंडी सदर से कांग्रेस प्रत्याशी रही चंपा ठाकुर ने भी लोगों को संबोधित किया और सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों से अवगत करवाया। स्थानीय पंचायत कसान की प्रधान भिंतरा देवी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस मौके पर ब्लॉक कमेटी के अध्यक्ष योगेश पटियाल, कार्यकारी अध्यक्ष परमानंद, जिला महामंत्री चमन लाल, राम लाल शर्मा, ब्लॉक महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष नंदा देवी, एसडीएम सदर ओम कांत ठाकुर, एसडीएम कोटली असीम सूद सहित अन्य विभागों के अधिकारी और अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

**कहा, मंडी में बनने वाले थाना-पलौण विद्युत प्रोजेक्ट का इसी माह लगेगा टेंडर**

### कसाण में बनेगा बड़ा हॉल

राम कुमार ने बताया कि सदर मंडी में बनने वाले थाना-पलौण विद्युत प्रोजेक्ट का इसी माह टेंडर लग जाएगा। पिछले माह इसकी एफआरए क्लीयरेंस हो गई है। इस प्रोजेक्ट को बनने से हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कसाण में एक बड़ा हॉल बनाने के लिए उपायुक्त के माध्यम से 10 लाख रुपए स्वीकृत करने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि मंडी सदर विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपए के कार्य किए जा रहे हैं।

### मंडी में 44 सड़कें अभी भी बंद

**मंडी।** जिले में हुई बर्फबारी के दौरान बंद हुई 54 सड़कों में से 10 सड़कें लोक निर्माण विभाग द्वारा बहाल कर दी गई हैं। वहीं जिले भर में 44 सड़कें अभी भी बाधित हैं। सब डिवीजन सराज में 18, सब डिवीजन थलौट में 18, सब डिवीजन करसोग में पांच, सब डिवीजन सुंदरनगर में तीन सड़कें बाधित हैं। उधर, 354 ट्रांसफार्मर अवरुद्ध पाए गए हैं। सब डिवीजन सुंदरनगर में 18, सब-डिवीजन करसोग में 36, सब-डिवीजन मंडी में तीन, सब-डिवीजन गौहर में 244, सब-डिवीजन जोगिंद्रनगर में 53 ट्रांसफार्मर बंद है। वहीं सब -डिवीजन थलौट में 20, सब -डिवीजन सुंदरनगर में 13 बंद हैं। वहीं डीसी मंडी अपूर्व देवगन ने कहा कि मौसम साफ होते ही सभी सड़कें बहाल कर दी जाएंगी और एक टीम सड़कों की स्थिति की रिपोर्ट भी तैयार करेगी, जिससे लोगों का सहयोग लिया जाएगा।

### उपमुख्यमंत्री मुकेश के कार्यक्रम में पत्रकारों को किया गया दरकिनार

**सरकाघाट।** सरकार की किसी भी योजना और प्रचार प्रसार को लेकर मीडिया सेतु की भूमिका निभाता है, परंतु अभी भी प्रदेश कांग्रेस सरकार में ऐसे अधिकारी बैठे हैं जो नहीं चाहते कि सरकार की किसी भी योजना का जनता तक प्रचार-प्रसार हो सके। ऐसा कुछ ही घटित हुआ है सरकाघाट में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के कार्यक्रम में, जहां उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और सांसद प्रतिभा सिंह के साथ तीन बड़ी योजनाओं के शिलान्यास के साथ-साथ सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता की परंतु इस कार्यक्रम को लेकर सरकाघाट के पत्रकारों को उन्हीं के तीन-तीन विभागों के अलावा लोक संपर्क विभाग तक ने आमंत्रण करना जरूरी नहीं समझा। किसी भी आला अधिकारी तक ने सरकार के कार्यक्रम को प्रचार प्रसार मिले इसके लिए कोई भी सूचना तक प्रकाशित करवाई। जबकि भाजपा के समय ऐसे इंवेंट को एक बड़े कार्यक्रम की तरह पेश किया जाता रहा है। सरकाघाट पत्रकार संघ के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान, उपाध्यक्ष राजेंद्र महाजन, वरिष्ठ पत्रकार पवन प्रेमी, भूताशन शर्मा, विजय ठाकुर, सुनील शर्मा, रितेश चौहान ने इसकी शिकायत उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री को व्हाट्सऐप पर भेजी है।

### अरे वाह! क्या नजारा है


ज्यूणी वैली ढुंगाथर पैराग्लाइडिंग साइट पर पड़ी 20 इंच बर्फ। धूप निकलने पर कुछ यूं दिखा ज्यूणी वैली का खूबसूरत नजारा।

## साक्षी वर्मा ने संभाली मंडी जिला पुलिस की कमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**कानून व्यवस्था बनाए रखना पहली प्राथमिकता**

प्रदेश सरकार ने बुधवार को पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया है। जिसमें मंडी जिला पुलिस की कमान शुक्रवार को महिला आईपीएस साक्षी वर्मा ने संभाली है। शुक्रवार को मंडी पुलिस ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दी। मीडिया से अनौपचारिक बातचीत के दौरान उन्होंने कहा की मंडी जिले में कानून व्यवस्था को बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।



उन्होंने कहा कि समाज में बढ़ते नशे के खिलाफ भी एक विशेष अभियान चलाया जाएगा और इस बारे में लोगों से भी संवाद स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा की किसी भी समस्या का हल करने के लिए जनता का सहयोग महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि अपनी और कानून से संबंधित शहर की समस्याओं को प्रमुखता के साथ रखें। मंडी पुलिस द्वारा जनता को भरपूर सहयोग दिया जाएगा। बता दें कि साक्षी वर्मा 2014 बैच की आईएएस अधिकारी है और कुल्लू से पूर्व किन्नौर जिले में भी बतौर एसपी अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। एसपी बनने से पहले साक्षी वर्मा मंडी जिले के सुंदरनगर में प्रोबेशनर आईपीएस अधिकारी व शिमला में एसएसपी भी रह चुकी हैं। मंडी जिले को तीसरी बार यह सौभाग्य मिला है जब एक महिला आईपीएस अधिकारी के हाथों में कानूनी व्यवस्था की कमान होगी। इससे पहले सौम्या सांबशिवन मंडी एसपी रहीं और उनसे पूर्व आईपीएस अधिकारी शालिनी अग्निहोत्री मंडी जिले में बतौर एसपी अपनी सेवाएं दे चुकी हैं।

## जेंचु नौण के पास व्यापारियों ने की अवैध खुदाई, नगर निगम ने मौके पर बंद करवाई

### बिना अनुमति के शुरू कर दिया था डंगा लगाने का काम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

नगर निगम क्षेत्र में कोई न कोई मामला गरमाया ही रहता हैं चाहे वो स्वच्छता को लेकर हो या फिर अनाधिकृत रूप से किसी भी छोटे व्यापारी का किसी जगह पर कब्जा करने की बात हो। शुक्रवार को नगर निगम मंडी के जेंचु नौण क्षेत्र में गुजराती व्यापारियों द्वारा रास्ते के साथ में अनाधिकृत रूप से खुदाई की जा रही थी और डंगा लगाया जा रहा था। जानकारी के अनुसार गुजराती व्यापारियों द्वारा वहां पर एक मूर्ति की स्थापना की गई थी जोकि बीती बरसात में फ्लैश फ्लड के कारण बह गई थी।

जिसे उन्होंने दोबारा स्थापित करने के लिए खुदाई कर डंगा लगाने का काम बीना अनुमति के शुरू कर दिया। उक्त जगह से नगर निगम क्षेत्र का रास्ता भी जाता है जिससे स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसकी जानकारी जब नगर निगम को मिली तो निगम की टीम द्वारा तुरंत प्रभाव से इस कार्य को बंद करवा दिया गया, उक्त व्यक्तियों को नगर निगम कार्यालय में पेश होने के लिए बुलाया गया और उन्हें नगर निगम आयुक्त एचएस राणा ने उन्हें चेतावनी दी है कि आगे अगर उक्त जगह पर खुदाई का कार्य किया तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।


जेंचु नौण में अवैध खुदाई करते लोग।

## बारिश में सड़क बन जाती तालाब

### मंडी के सांबल में लापरवाही से किया गया सड़क निर्माण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाई-वे पर मंडी जिला के सांबल में सड़क का निर्माण कुछ ऐसी लापरवाही से किया गया है कि यहां पर जरा सी बारिश होने पर ही सड़क तालाब में बदल जाती है। दोनों तरफ सड़क ऊंचाई पर है और एक हिस्सा गहराई में बनाया गया है। जैसे ही बारिश होती है तो दोनों तरफ का पानी बहता हुआ एक स्थान पर आकर जमा हो जाता है जिससे सड़क तालाब बन जाती है।

यहां सड़क पर बड़े-बड़े गढ्डे पड़े हैं। जब यह सड़क तालाब बन जाती है तो इन गढ्डों का भी कोई पता नहीं चलता और गाड़ियों को इसकी वजह से भारी नुकसान झेलना पड़ता है। स्थानीय निवासी सौरभ गुलेरिया ने इस समस्या की शिकायत जिला प्रशासन, एनएचएआई और संबंधित निर्माता कंपनी केएमसी से की, लेकिन किसी ने भी इसकी कोई सुनवाई नहीं की। यहां पर एक ऐसा स्पॉट बनाया गया है जो आए दिन हादसों को न्योता दे रहा है।


चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाई-वे पर सांबल में तालाब बनी सड़क से गुजरती कार।

जब मौसम साफ होता है तो गाड़ियां स्पीड के साथ गुजरती हैं, लेकिन जैसे ही यहां पर पहुंचती है तो अचानक उतराई के बाद जोर के जंप के साथ आगे बढ़ती हैं जिस कारण यहां कई हादसे भी हो गए हैं। इन्होंने जिला प्रशासन, एनएचएआई और केएमसी कंपनी से इस स्पॉट को जल्द से जल्द सुधारने की गुहार लगाई है और इसे समतल बनाते हुए यहां पानी की निकासी का उचित प्रावधान करने की मांग उठाई है।

## जेबीटी के 1161 पदों की काउंसलिंग का परिणाम जल्द घोषित किया जाए

### एलिमेंटरी प्रशिक्षित अध्यापक संघ ने ज्ञापन सौंप उठाई मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

एलिमेंटरी प्रशिक्षित अध्यापक संघ ने मांग उठाई है कि बीते वर्ष नवंबर महीने में 1161 जेबीटी पद भरने के लिए जो काउंसलिंग हुई है, उसका परिणाम जल्द से जल्द घोषित किया जाए। एलिमेंटरी प्रशिक्षित अध्यापक संघ का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को संघ की कार्यकारी अध्यक्ष कमलेश कपूर की अगुआई में उपनिदेशक कार्यालय में अधीक्षक ग्रेड वन दिनेश कथानिया से मिला व उन्हें एक ज्ञापन सौंपा।

इस ज्ञापन में मांग उठाई गई कि नवंबर महीने में जेबीटी के 1161 पदों के लिए काउंसलिंग हुई थी, मगर तीन महीने बाद भी अभी तक इसका परिणाम घोषित नहीं किया गया है। मांग की गई कि यह परिणाम जल्द से जल्द घोषित किया जाए। बेरोजगार एलिमेंटरी प्रशिक्षित अध्यापक संघ ने प्रदेश सरकार, शिक्षा विभाग, मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री व निदेशक शिक्षा से भी आग्रह किया कि स्कूलों में खाली चल रहे जेबीटी शिक्षकों के पदों को बैचवाइज आधार पर भर्ती करके जल्द से जल्द भरा जाए। इस मौके पर एलिमेंटरी प्रशिक्षित अध्यापक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष कमलेश कपूर के अलावा निशा देवी, रेशमा देवी, मंजू कुमारी, चंपा कुमारी, चंपा देवी, रीनू देवी, सरोज कुमारी, मनोज कुमार, संजय कुमार व अन्य मौजूद रहे।


अधीक्षक ग्रेड वन दिनेश कथानिया को ज्ञापन सौंपते बेरोजगार एलिमेंटरी प्रशिक्षित अध्यापक संघ के पदाधिकारी।

**जागरूकता** सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विश्व वेटलैंड दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

## रिवालसर में छात्रों को बताया झीलों का महत्व

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

विश्व वेटलैंड दिवस के अवसर पर हिमाचल प्रदेश राज्य वेटलैंड प्राधिकरण की ओर से राज्य स्तरीय समारोह शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रिवालसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य वेटलैंड प्राधिकरण के संयुक्त सचिव डॉ. सुरेश चंद अत्री ने शिमला से ऑनलाइन माध्यम से की, जबकि स्थानीय स्कूल के प्रधानाचार्य अनिल कुमार मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर डॉ. सुरेश चंद अत्री ने बताया कि विश्व वेटलैंड दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेश के अनेक स्थानों पर इस दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य सरकारी एजेंसियों, गैर सरकारी संस्थाओं तथा सामुदायिक जनसमूहों की सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने तथा वेटलैंड के संरक्षण और उसके व्यापक उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कार्य करना है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में रिवालसर वेटलैंड्स को अंतरराष्ट्रीय दर्जा प्रदान करने के लिए राज्य वेटलैंड प्राधिकरण प्रयास करेगा। उन्होंने बताया कि रिवालसर वेटलैंड के संरक्षण व संवर्धन के लिए वन विभाग मंडी से एक प्लान तैयार करने का आग्रह किया गया है। डॉ. अत्री ने बताया कि इस दिवस से पूर्व 27 जनवरी से पहली फरवरी तक रिवालसर तथा उसके आस-पास के क्षेत्र में एक अभियान चलाया गया जिसमें क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। अभियान के दौरान स्कूली विद्यार्थियों द्वारा क्षेत्र के लोगों को वेटलैंड के महत्व बारे जानकारी प्रदान कर उन्हें जागरूक किया गया। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश राज्य वेटलैंड प्राधिकरण के वैज्ञानिक रवि शर्मा ने भी अपने विचार रखे तथा उपस्थित लोगों को झीलों का प्रकृति में क्या महत्व है के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को वेटलैंड मित्र की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में रिवालसर तथा आस-पास के स्कूलों के लगभग 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया।



चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थी सामूहिक चित्र में।

**रिवालसर वेटलैंड को अंतरराष्ट्रीय दर्जा प्रदान करने के प्रयास जारीः डॉ.अत्री**

## न्यूज ब्रीफ

### तोरुल एस रवीश ने संभाला डीसी कुल्लू का कार्यभार



**कुल्लू।** वर्ष 2016 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईए एस) अधिकारी तोरुल एस रवीश ने शुक्रवार को उपायुक्त कुल्लू के तौर पर अपना कार्यभार संभाल लिया है। इससे पहले उन्होंने करीब एक साल तक उपायुक्त किन्नौर रही हैं, जबकि उससे पहले वह विशेष सचिव हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग का कार्यभार संभाल रही थी। हरियाणा से संबंध रखने वाली तोरुल एस रवीश ने अपनी शिक्षा सोलन और चंडीगढ़ में हासिल की है। प्रोबेशन के दौरान तोरुल एस रवीश जिला सोलन में सहायक आयुक्त भी रही हैं। इसके बाद एसडीएम (उपमंडल दंडाधिकारी) अंब व अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भी अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। कुल्लू में कार्यभार संभालने के बाद तोरुल एस रवीश ने शुक्रवार को जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि वह शीघ्र ही सभी विभागीय अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक करेंगी। पर्यटन तथा बागवानी कुल्लू जिले की आर्थिकी का आधार हैं, इनके विकास के लिए प्रयास किए जाएंगे। इसके साथ ही सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं तथा सुख आश्रय योजना को भी बेहतर तरीके के अमलीजामा पहनाने के भी प्रयास किए जाएंगे।

### एल्कोहलिक एनोनिमस संस्था शराब की लत से दिलाएगी छुटकारा

**मनाली।** हिमाचल में एल्कोहलिक एनोनिमस संस्था, शराब की लत से ग्रसित लोगों को बिना किसी दवाई और शुल्क के शराब की लत से छुटकारा दिलाएगी। संस्था ने कहा कि हम शराब के खिलाफ नहीं हैं और न ही हम किसी जाति या धर्म का प्रचार करते हैं। संस्था द्वारा पहली बार मनाली में चार दिवसीय शिविर आयोजित किया है जिसके शुभारंभ अवसर प्रेस को संबोधित करते हुए संस्था के चेयरमैन पब्लिक इनफॉर्मेशन दीपक ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य शराबीपन जैसी बीमारी से सदस्यों को छुटकारा दिलाना है। संस्था के महासचिव राजीव ने बताया कि संस्था का गठन 1935 में यूएसए हुआ था इसके संस्थापक भी शराब की लत से परेशान थे और आज एल्कोहलिक एनोनिमस संस्था 185 देशों में काम कर रही है और पूरे विश्व में संस्था के 40 लाख से भी ज्यादा, जबकि भारत में 40 हजार सोबर मेंबर्स हैं जो शराबीपन की लत से अब छुटकारा पा चुके हैं और एक बेहतर सामाजिक जीवन के रहे हैं। दीपक ने कहा कि हिमाचल के शिमला और धर्मशाला में भी संस्था की मीटिंग होती हैं जबकि हमीरपुर और सरकाघाट में भी संस्था के मेंबर्स हैं जो अभी शराबीपन जैसी बीमारी से जूझ रहे हैं परंतु जल्द ही इससे निजात पा लेंगे। राजीव ने बताया कि शराबीपन या लगातार बिना रुके शराब की लत एक घातक बीमारी घोषित कर चुकी है। इस अवसर पर देश भर से आए संस्था के लगभग 200 सदस्यों ने अपने जीवन के अनुभव साझा किए और बताया कि वे अब किस तरह से खुशहाल पारिवारिक जीवन जी रहे हैं।

### लाहौल की गाहर वैली में गोची उत्सव की धूम

**केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति की गाहर वैली में आज से देवता 18 नाग की पूजा-अर्चना के साथ ही गोची, उत्सव शुरू हो गया। बर्फबारी के बीच मनाया जाने वाला यह उत्सव घर में खुशियां आने का प्रतीक है। किसी भी घर में पुत्र प्राप्ति पर वर्ष में सूर्य उत्तरायण के समय यह उत्सव मनाया जाता है। शुक्रवार से गाहर घाटी के बिलिंग गांव में ईष्ट देव की पूजा-अर्चना के साथ यह उत्सव शुरू हो गया। इस घाटी के प्यूकर, करदंग, नमची, छेलिंग आदि सभी गांवों में गोची की धूम शुरू हो गई। लाहौल-स्पीति के स्थानीय निवासी और इतिहासकार मोहन लाल रेलिंगपा ने बताया कि गोची स्थानीय भाषा का शब्द है जिसका मतलब है शाही खानपान। उन्होंने कहा कि जिस तरह सूर्य उत्तरायण होता है पुराने समय में उसी के प्रतीक स्वरूप पुत्र प्राप्ति को भी वंश बृद्धि का उत्तरायण माना जाता था। वंश में जब भी पुत्र प्राप्ति होती थी तो सूर्य उत्तरायण के समय और घाटी में बर्फबारी के चलते आने वाले समय में फसलों के लिए खुशी स्वरूप ही यह उत्सव मनाया जाता था । घाटी के लोग तब से लेकर इस सांस्कृतिक परम्परा का निर्वहन करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब समय बदलने के साथ साथ घाटी के प्यूकर गांवों में बेटियों के जन्म पर भी गोची का आयोजन किया जाने लगा है।

# धूप खिलने से चांदी की तरह खिल उठे पहाड़

## राहत के साथ-साथ बारिश व बर्फबारी ने बढ़ाई दिक्कतें, उदयपुर से अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल तक सड़क फोर बाई फोर वाहनों के लिए बहाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू/केलांग**

कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिला में बारिश और बर्फबारी से जहां किसान बागवानों और पर्यटन कारोबारियों के चेहरे खिल गए हैं वहीं, दूसरी ओर भारी बर्फबारी से दिक्कतें भी बढ़ गई हैं। दोनों जिलों में हालांकि शुक्रवार को मौसम साफ होने के बाद बर्फ से ढकी पहाड़ियां और अन्य क्षेत्र जहां बर्फबारी हुई है चांदी से चमक उठे, लेकिन बर्फबारी के बीच आवाजाही और विद्युत बाधित होने, पेयजल पाइपें टूटने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

उधर, कुल्लू जिला में जहां एचआरटीसी के 14 बस रूट बाधित हैं वहीं, लाहौल में लोक निर्माण विभाग की सभी 134 सड़कें बंद हैं। ऐसे में लोगों की आवाजाही पूरी तरह से ठप हो गई है। वहीं बिजली के करीब भी करीब 700 ट्रांसफार्मर बंद होने से कई इलाकों में ब्लैकआउट की स्थिति बनी है। आउटर सिराज का जिला मुख्यालय कुल्लू से संपर्क कटा हुआ है।

वहीं, प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सोलंगनाला पर्यटकों के लिए बहाल हो गया है। भारी बर्फबारी होने से सोलांग नाला में तीन फीट बर्फ की मोटी चादर बिछ गई है। सप्ताहंत में आने वाले पर्यटक यहां बर्फ का खूब आनंद लेंगे, हालांकि मनाली से फोर व्हील ड्राइव वाहनों को ही जाने की अनुमति रही, लेकिन शनिवार को सभी छोटे-बड़े वाहन सोलंगनाला तक जा सकेंगे। सोलंग के साथ साथ पर्यटक जल्द ही साढ़े तीन फीट बर्फ से ढकी अटल टनल के दीदार भी कर सकेंगे।

उधर, सीमा सड़क संगठन की 94 आरसीसी ने उदयपुर से अटल टनल रोहतांग के नार्थ पोर्टल तक सड़क को सिंगल लेन फोर बाई फोर वाहनों के लिए शुक्रवार दोपहर को बहाल कर दिया है।

गौर रहे कि गत मंगलवार शाम को हुई बर्फबारी के बाद लाहौल का कुल्लू से संपर्क कट गया था, लेकिन शुक्रवार दोपहर बाद सीमा सड़क संगठन की 94 आरसीसी ने उदयपुर से अटल टनल रोहतांग के नार्थ पोर्टल तक सड़क फोर बाई फोर वाहनों के लिए बहाल कर दी। वहीं, शुक्रवार सुबह धूप खिलते ही बीआरओ मनाली दारचा सड़क बहाली में जुटा गया है। बीआरओ की मानें तो जल्द ही लाहौल के सभी मुख्य मार्गों को बहाल कर लेगा।

एसडीएम मनाली रमण शर्मा ने कहा कि हिमस्खलन को लेकर प्रशासन सर्तक है और हालात पर नजर रखे हुए है। उधर, पुलिस अधीक्षक जिला लाहौल एवं स्पीति मयंक चौधरी ने जिले में एटीआर नॉर्थ पोर्टल, कोकसर, सिस्सू, मनाली-दारचा मार्ग का निरीक्षण किया गया। उन्होंने यातायात व्यवस्था से संबंधित सभी समस्यायों एवं जिले में आ रहे पर्यटकों एवं आमजन की सुरक्षा से संबंधित स्थिति का जायजा लिया।

जिला में एटीआर नॉर्थ पोर्टल से दारचा मार्ग को बहाल करने हेतु जिला पुलिस की टीम ने पूरे समर्पण से कार्य किया। जिला पुलिस अधीक्षक ने जनता से अपील की है कि अनावश्यक यात्रा करने से बचे एवं बढ़ती ठंड के चलते बचाव करें। जिला पुलिस आपकी सेवा एवं सुरक्षा में सदैव तत्पर हैं।लिहाजा, कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिला में शुक्रवार को जहां मौसम साफ रहा और पर्यटन स्थलों में पर्यटकों के बर्फ में खूब मस्ती की वहीं, लोगों की दिक्कतें भी बढ़ गई हैं।






लाहौल-स्पीति के रालिंग गांव के सामने की पहाड़ियों पर बिछी बर्फ की चांदी जो कि धूप खिलते ही चमक उठी है।




### बर्फबारी से हिमस्खलन का भी खतरा बढ़ा

दूसरी ओर बर्फबारी से हिमस्खलन का भी खतरा बढ़ा गया है। प्रशासन की मानें तो हिमस्खलन को लेकर सतर्क हैं और हालात पर नजर रखे हुए हैं। बीआरओ चीफ इंजीनियर कर्नल विकास गुलिया ने बताया कि अटल टनल की बहाली शुरू कर दी है। बीआरओ जल्द ही सड़क को बहाल कर देगा।

### रोहतांग दर्रे में छह फीट तक पड़ी बर्फ

उधर, रोहतांग दर्रा में छह फीट बर्फ दर्ज की गई है, जबकि अटल टनल रोहतांग के साउथ पोर्टल में साढ़े चार, नॉर्थ पोर्टल में डेढ़, सोलंगनाला में तीन, जलोड़ी दर्रा में तीन और केलांग में एक फीट बर्फ दर्ज की गई है। वहीं, जिला कुल्लू के निचले इलाकों तक आधा फीट बर्फ हुई है। इसके अलावा मणिकर्ण घाटी के पुरातन गांव मलाणा सहित जिला के अन्य क्षेत्रों में भी काफी बर्फबारी हुई है, जिससे जनजीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त है।

### मनाली में जन जीवन अस्त व्यस्त

**बर्फबारी** से गिरे पेड़ों ने गाड़ियों को भारी नुकसान किया है, वहीं चार जगह बिजली की तारें व पोल भी तोड़ दिए हैं। ब्यास पुल व थाने के पास पेड़ टूटने से हालांकि कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन लगभग गाड़ियों को नुकसान पहुंचा था। बर्फबारी से पानी आपूर्ति भी बाधित हो गई है। पानी व बिजली न होने से लोगों सहित पर्यटकों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा है। बर्फबारी से सर्किट हाउस के समीप, ब्यास पुल के पास, मनाली थाने के पास व छियाल व कन्याल के बीच पेड़ टूटने से बिजली विभाग को भारी नुकसान हुआ है। विद्युत विभाग की मानें तो तारें व पोल क्षतिग्रस्त होने के साथ-साथ ट्रांसफार्मर को भी नुकसान हुआ है। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जगह-जगह पेड़ गिरने से तारें व पोल टूट गए हैं। दूसरी ओर जल शक्ति विभाग की मानें तो बर्फबारी से प्रभावित हुई जल आपूर्ति आज बहाल हो जाएगी। पीडब्ल्यूडी विभाग सड़कों से बर्फ हटाने में जुटा हुआ है। बर्फबारी से अस्त-व्यस्त हुआ जनजीवन धूप खिलते ही पटरी पर लौटने लगा है। विद्युत विभाग मनाली उपमंडल-दो के सहायक अभियंता सुनील कालिया व उपमंडल दो के सहायक अभियंता ने मोर्चा संभालते हुए कार्य शुरू किया है।

## स्व. ईश्वरी शर्मा की स्मृति पर प्रदान किया जाएगा लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सहकारिता के युग पुरुष एवं भुट्टिको शॉल की आत्मा स्व. वेदराम ठाकुर के नाम से दिए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय/राष्ट्रीय पुरस्कार की चयन समिति की बैठक शुक्रवार को भुट्टिको के सभागार में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता सोसायटी कर अध्यक्ष सत्य प्रकाश ठाकुर ने की जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में दिए जाने वाले पुरस्कारों के बारे में विस्तृत चर्चा हुई।

बैठक में सर्वप्रथम लोक कला एवं संस्कृति के लिए जीवन भर समर्पित रहे ईश्वरी शर्मा जो इस चयन समिति के सदस्य थे, उनके निधन पर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। बैठक में पुरस्कार चयन समिति के सदस्यों में सम्मिलित अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वौद्विक विचारक विद्वान व पूर्व कुलपति जीवी पंत कृषि विश्वविद्यालय पंतनगर, चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर, ब्रह्मस्वरूप ठाकुर पूर्व उपाध्यक्ष हिमबुनकर, डॉ. सूरत ठाकुर साहित्यकार एवं संस्कृतिविद, हीरा लाल ठाकुर पूर्व राजस्व अधिकारी, रोहित ठाकुर उपाध्यक्ष भुट्टिको, मोहर सिह उपाध्यक्ष भुट्टिको, आशीष शर्मा संवाददाता दूरदर्शन समाचार, विजय सिह ठाकुर मुख्य महाप्रबंधक भुट्टिको सदस्य सचिव आदि उपस्थित रहे।

बैठक में विभिन्न विधाओं के लिए प्रदान किए जाने वाले ठाकुर वेदराम राष्ट्रीय पुरस्कार को राष्ट्रीय/अंर्तराष्ट्रीय पुरस्कार का नाम करण करने बारे स्वीकृति प्रदान की गई तथा लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड स्व. ईश्वरी शर्मा की स्मृति में चलाने बारे सहमति बनी। इन पुरस्कारों के चयन बारे जो नाम बैठक में सामने आए उन पर प्रारंभिक चर्चा की गई तथा निर्णय लिया गया कि अलग-अलग विधाओं के लिए पहले उपसमिति में इनकी पूरी जांच कर इनका पैनल तैयार करके पुन: चयन समिति बैठक में लाई जाए, ताकि इस पर उचित निर्णय लेकर पुरस्कारों की अंतिम घोषणा की जा सके।

21 अप्रैल को स्व. वेदराम ठाकुर की स्मृति में अवार्ड समारोह आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाली हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा।



स्व. वेदराम ठाकुर की स्मृति में अवॉर्ड समारोह के सफल आयोजन को लेकर आयोजित बैठक के दौरान आयोजन समिति के पदाधिकारी।

## सूत्रधार डांसिंग डैफोडिल्स सीजन-12 का ग्रैंड फिनाले कल



सूत्रधार डांसिंग डैफोडिल्स सीजन-12 का ग्रैंड फिनाले कल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू के सरवरी स्थित सूत्रधार भवन में 45 दिनों से आयोजित हो रही नृत्य कार्यशाला सूत्रधार डांसिंग डैफोडिल्स सीजन-12 का समापन रविवार को ग्रैंड फिनाले के रूप में होगा। इस कार्यक्रम का आयोजन सूत्रधार के सभागार में किया जाएगा। इस मौके पर कार्यशाला में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले चार वर्ष से 16 वर्ष तक की आयु के सभी बच्चे अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

सूत्रधार संस्था के अध्यक्ष दिनेश सेन ने बताया कि संस्था द्वारा अपने उद्देश्यों के अनुरूप निरंतर रूप से कार्य करते हुए गत एक दशक से बाल प्रतिभाओं की ऊर्जा को सकारात्मक कार्यों की ओर अग्रसर करने के उद्देश्य से इस डांसिंग डैफोडिल्स कार्यशाला का आयोजन हर वर्ष किया जाता है। इसी कड़ी में इस बार भी 45 दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।

इस कार्यशाला में प्रशिक्षक सूरज व भारती द्वारा बच्चों को बॉलीवुड, हिप-हॉप, कंटेंपरेरी, सालसा तथा फ्री स्टाइल इत्यादि नृत्यों की बारीकियां सिखाई गईं और इन्हीं बच्चों द्वारा ग्रैंड फिनाले में एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी जाएंगीं। उन्होंने बताया कि बच्चों को हिपहॉप, कंटेंपरेरी, सेमी क्लासिकल, फोक व बॉलीवुड डांस सहित अन्य नृत्य विधाओं के साथ-साथ शौर्यकला कराटे का भी प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही इस कार्यशाला में भाग लेने वाले सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे।

## केंद्रीय बजट से देश के हर वर्ग को मिलेगा लाभ : अमित सूद

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**



प्रदेश भाजपा के मीडिया सहप्रभारी अमित सूद ने कहा है कि केंद्र सरकार के द्वारा जो आम बजट पेश किया गया उससे पूरे देश में जनता के बीच केंद्र सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि इस बजट में सबका साथ, सबका विकास की जो बातें हैं वह सब पूरी हुई है। ऐसे में केंद्र सरकार के द्वारा जो बजट पेश किया गया है उससे पूरे देश की जनता को काफी फायदा होगा और विशेष तौर पर गरीब वर्ग सबसे ज्यादा लाभान्वित होगा।

इस योजना में प्रधानमंत्री के द्वारा देश के चार प्रमुख वर्ग गरीब, महिलाएं, युवा एवं किसान को ऊपर उठाने के लिए ध्यान दिया गया है और बीते 10 सालों के दौरान 25 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर आने में मदद की गई है। अमित सूद ने बताया कि पीएम सम्मान निधि के तहत 78 लाख फेरीवालों को ऋण सहायता मिली और दो लाख तीन लाख फेरीवालों को तीसरी बार ऋण मिला है। इलेक्ट्रॉनिक नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट के तहत एक हजार 362 मंडियों को एकीकृत किया गया। जिसमें तीन लाख करोड़ रुपए की खरीद के साथ एक करोड़ आठ लाख किसानों को सेवाएं उपलब्ध करवाई गई।

अमित सूद ने बताया कि नारी शक्ति योजना के तहत 30 करोड़ मुद्रा योजना ऋण महिलाओं को दिए गए और उच्च शिक्षा में महिलाओं का नामांकन 28 फीसदी बढ़ा। इसके अलावा पीएम आवास योजना ग्रामीण के तहत तीन करोड़ मकान का लक्ष्य जल्द हासिल किया जाएगा और आगामी पांच सालों में दो करोड़ अतिरिक्त मकान का लक्ष्य भी लिया गया है। वहीं मकान की छत पर सौर ऊर्जा प्रणाली लगाने के लिए एक करोड़ परिवार हर महीने 300 यूनिट तक बिजली निशुल्क प्राप्त कर सकेंगे और हर परिवार को सालाना 15000 से 18000 रुपए की बचत होगी। आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य सेवा सुरक्षा में सभी आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका को भी शामिल किया जाएगा। इसके अलावा किसान संपदा योजना से 36 लाख किसान लाभान्वित हुए हैं और रोजगार के 10 लाख अवसर का भी सृजन हुआ है। इसके अलावा वित्त वर्ष 2023-24 के लिए राजकोषीय घाटे का संशोधित अनुमान भी 5.8 प्रतिशत है।

उन्होंने बताया कि उधारी से कुल प्राप्तियां और कुल व्यय 30 करोड़ 80 लाख रुपए और 47 करोड़ 66 लाख रुपए रहने का अनुमान है। इसके अलावा कर प्राप्ति 26 लाख दो करोड रुपए रहने का अनुमान है। राज्यों के भूमिगत व्यय के लिए 50 वर्ष के ब्याज मुक्त ऋण योजना और कुल एक करोड़ तीन लाख रुपए के परिव्यय के साथ इस साल भी जारी रहेगी। वहीं साल 2024-25 में राजकीय उच्च घाटा जीडीपी का 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वहीं साल 2024-25 के दौरान डेटेड सिक्योरिटी के जरिए सकल एवं शुद्ध उधारी क्रमश: 14 लाख करोड़ रुपए और 11 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है।

**जिम्मेदारी** हिमाचल में पहली बार एसपी पत्नी ने अपने एसपी पति को सौंपा चार्ज

## डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने संभाली एसपी कुल्लू की कमान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

जिला कुल्लू के नए पुलिस अधीक्षक डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने शुक्रवार को पदभार संभाल लिया है। पूर्व पुलिस अधीक्षक कुल्लू साक्षी वर्मा कार्तिकेयन ने कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन को जिला के हालातों एवं कानून व्यवस्था संबंधी आवश्यक जानकारी देने के पश्चात कार्यभार सौंपा। इस मौके पर एसपी कुल्लू कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने बताया कि शुक्रवार को कुल्लू पुलिस ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दी। मीडिया से अनौपचारिक बातचीत के दौरान उन्होंने कहा की कुल्लू जिला को नशामुक्त करना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी।

उन्होंने कहा कि कुल्लू जिला देश दुनिया मे प्रसिद्ध है और हर साल यहां लाखों की संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं, ऐसे में पर्यटकों को सुरक्षित माहौल देना और यातायात को सुचारू रखने के लिए हरसंभव कार्य किया जाए। जिला में सुरक्षा व्यवस्था में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। वहीं, जिला की महिलाएं, युवतियां व बाहरी राज्यों से भी आने वाले सैलानियों की सुरक्षा का भी पुलिस विशेष ध्यान रखेंगी, जिसके लिए उन्होंने जनता से भी पुलिस के सहयोग की अपील की है। लिहाजा, एसपी साक्षी वर्मा के बाद अब डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद ने एसपी कुल्लू की कमान संभाली है और जिला में नशे को जड़ से खत्म करने, कानून व्यवस्था, महिलाओं और सैलानियों की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकताएं रहेंगी। (अनंत ज्ञान)



डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन एसपी का कार्यभार सौंपती हुई पूर्व पुलिस अधीक्षक कुल्लू साक्षी वर्मा कार्तिकेयन ।

### एसपी पत्नी ने एसपी पति को सौंपा कार्यभार

**गौर** रहे कि कुल्लू की पूर्व एसपी साक्षी वर्मा नए एसपी कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन की धर्मपत्नी हैं और हिमाचल में पहली बार ऐसा हुआ है कि पुलिस अधीक्षक पत्नी ने अपने पुलिस अधीक्षक पति को कार्यभार सौंपा है। गौर रहे कि हिमाचल प्रदेश में सुक्खू सरकार ने आईपीएस अफसरों के तबादले किए हैं। इन तबादलों में पति पत्नी आईपीएस दंपति डॉक्टर गोकुलचंद्रन और एसपी साक्षी वर्मा का भी तबादला किया गया है। कुल्लू की एसपी साक्षी वर्मा को मंडी जिला में तैनाती दी गई है, जबकि बिलासपुर के एसपी गोकुलचंद्रन को कुल्लू भेजा गया है।

### 2014 बैच के आईएएस अधिकारी हैं डॉ. कार्तिकेयन

**भारतीय** पुलिस सेवा में 2014 बैच के अधिकारी कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन को बिलासपुर से कुल्लू एसपी बनाया गया है। इससे पहले वह ऊना के एसपी भी रहे हैं। कार्तिकेयन केरल कैडर से थे और पांच साल वहां सेवाएं देने के बाद उन्होंने हिमाचल कैडर चुना।

## जनवरी माह में मनाली विस क्षेत्र में दिव्यांगता पुनर्वास आकलन शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

रेडक्रॉस कुल्लू द्वारा संचालित आदर्श जिला दिव्यांगता पुनर्वास केंद्र कुल्लू के माध्यम से जनवरी माह में विकास खंड नग्गर की ग्राम पंचायत चंसारी, सेउगी, बंदल, चतानी तथा बैंची में दिव्यांगता पुनर्वास आंकलन शिविरों का आयोजन किया गया।

सहायक आयुक्त उपायुक्त एवं नोडल अधिकारी डीडीआरसी कुल्लू शशि पाल नेगी ने जानकारी देते हुए बताया कि इन शिविरों में 114 व्यक्तियों ने भाग लिया, जिनमें 32 ऐसे दिव्यांगजन पाए गए जिनकी दिव्यांगता का आकलन मेडिकल बोर्ड द्वारा हो चुका है तथा उनकी पात्रता अनुसार पुनर्वास आवश्यकताओं का आकलन करते हुए 12 दिव्यांगों को सहायक उपकरण जैसे व्हील चेयर, बैसाखियां, छड़ियां, कृत्रिम अंग, सुनने की मशीन इत्यादि उपलब्ध करवाने के लिए मौके पर केस तैयार किए गए।

### शिविरों में 114 व्यक्तियों ने लिया भाग, 51 नए दिव्यांगजनों की हुई पहचान

शिविरों में 24 व्यक्तियों की सुनने की क्षमता का आकलन किया गया तथा उन्हें माह के पहले शनिवार या अंतिम शनिवार को जिला दिव्यांगता पुनर्वास केंद्र में आयोजन होने वाले मेडिकल बोर्ड के सम्मुख प्रस्तुत होने का सुझाव दिया गया। इसके अतिरिक्त शिविरों में 51 नए दिव्यांगजनों की पहचान की गई तथा उन्हें भी दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने की विस्तृत जानकारी दी गई दी गई, ताकि वे सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभ प्राप्त कर सकें। उपरोक्त शिविरों में विकलांगता की शीघ्र पहचान करने, विकलांगता की रोकथाम बारे तथा सरकार द्वारा दिव्यांगजनों को दी जा रही विभिन्न सुविधाओं। योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इन शिविरों में दिव्यांगजनों को स्वयं रोजगार स्थापित करने के लिए जिला में उपलब्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा ऋण सुविधा प्राप्त करने की भी जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में स्थापित शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र के माध्यम से बच्चों के विकास में आ रही देरी बारे उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी देते हुए आशा/ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा स्थानीय स्कूल के अध्यापकों के सहयोग से दो बच्चे चिन्हित किए गए। जिन्हें विभिन्न थेरेपी देकर उनकी विकलांगता को कम करने के शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र में रेफर किया गया। इन शिविरों में स्थानीय निवासी, संबंधित पंचायतों के प्रधान, पंचायत सदस्यों, आशा वर्करों, आंगनबाड़ी वर्करों तथा अन्य लोगों ने भी भाग लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### उपभोक्ता 10 तक जमा करवाएं बिजली बिल

**हमीरपुर।** शहर के विद्युत उपमंडल-दो के उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जमा करवाने के लिए 10 फरवरी तक का समय दिया गया है। एसडीओ सौरभ राय ने कहा कि उपमंडल के जिन विद्युत उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिलों का भुगतान नहीं किया है, वे इनका भुगतान 10 फरवरी तक उपमंडल कार्यालय के काउंटर पर या ऑनलाइन माध्यम से कर दें। उन्होंने बताया कि इस तिथि तक बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन पूर्व सूचना के बगैर ही काट दिए जाएंगे।

### स्टूडेंट्स को पर्यावरण के प्रति किया जागरूक



प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चे सामूहिक चित्र में।

**बड़ा।** उपमंडल नादौन के दुर्गा सिंह स्मारक सीसे विद्यालय बड़ा में पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए बच्चों को 'बैटलैंड मित्र' पर शपथ और आदरभूमि का महत्व समझाया गया। प्रिंसिपल अंजना कौंडल ने इस दौरान स्टूडेंट्स को पर्यावरण एवं प्रकृति के प्रति जागरूक करते हुए समान दृष्टिकोण को बनाए रखने के लिए प्रदेश सरकार और शिक्षा विभाग के निर्देशनुसार विद्यालय के बच्चों को विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर विज्ञान शिक्षिका सविता कुमारी, समस्त अध्यापक गण एवं बीएड प्रशिक्षकु अध्यापक भी विशेष रूप से उपस्थित थे। विद्यालय में इस दौरान विभिन्न गतिविधियां जैसे भाषण प्रतियोगिता, नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगितायें भी करवाई गई।

### महिलाओं के लिए लगाया प्रशिक्षण शिविर

**सुजानपुर।** विकासखंड सुजानपुर के तहत आने वाली पंचायतों टिहरा, चबूतरा, चलोह, चमियाना जोल, वेरी, बघेडा, पटलादर, रोपा आदि पंचायतों से संबंधित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। इसका आयोजन पीएमएफएमई केंद्र सरकार की योजना के तहत खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को विकसित कर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किया गया, जिसमें 214 लाभार्थियों को तीन दिन में प्रशिक्षण दिया गया और महिलाओं को खाद्य पदार्थों से बने उत्पादों बारे में प्रशिक्षित किया गया।

### मनसाई पंचायत की सड़क की मांग हुई पूरी

**धनेटा।** उपमंडल नादौन के मनसाई पंचायत के सदोह गांव के लोगों की 25 वर्षों से चली आ रही सदोह से जंडाणा सड़क की मांग को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह द्वारा पूरी कर देने पर खुशी का माहौल है। राजीव गांधी सुधार सदोह के प्रधान कैप्टन मंनसाराम ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री ने इस सड़क निर्माण कार्य के लिए नौ लाख के बजट का प्रावधान किया है। इस सड़क निर्माण कार्य से जंडाणा पहुंचने के लिए 20 किलोमीटर का सफर कम हो जाएगा।

### आधार अपडेट करने में अनपढ़ लोगों को हो रही परेशानी

**टौणीदेवी।** बीते कुछ माह से लोक मित्र केंद्रों में कम पढ़े-लिखे लोगों या अनपढ़ लोगों को अपना आधार अपडेट करने में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है की आधार कार्ड पर जन्मतिथि अपडेट करने के लिए सरकार की ओर से पासपोर्ट मैट्रिक सर्टिफिकेट, पंचायत से जन्म प्रमाणपत्र या सरकारी पहचान पत्र को मान्य किया गया है, लेकिन जो लोग न तो मैट्रिक पढ़े हुए हैं और न उनके पास पासपोर्ट है, न कोई सरकारी पहचान पत्र है और पंचायत में भी जन्मतिथि अलग है वह अपना आधार अपडेट नहीं करवा पा रहे हैं। पुराने समय में सेवानिवृत्त सैनिकों द्वारा अपना या अपनी पत्नी का नाम या जन्मतिथि अगर आर्मी रिकॉर्ड में गलत दर्ज कराई है तो उसे ठीक करवाने के लिए आर्मी हैडक्वॉटर आधार अपडेट करने के लिए कहता है और आधार उपरोक्त दस्तावेजों के बिना अपडेट नहीं हो रहा है।ऐसे में कई लोग पेंशन सुविधा से वंचित रह रहे हैं। पूर्व सेवा की विधवाओं आशा देवी विद्या देवी, कमला देवी, सावित्रीदेवी व अन्य कई महिलाओं की मांग है कि सरकार आधार कार्ड में अंकित जन्मतिथि को बदलने के लिए शपथ पत्र को मान्य करें ताकि उनका आधार अपडेट हो सके। इस बारे बीडीओ हेमराज अत्री से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि पंचायत सचिव अपनी मर्जी से जन्मतिथि नहीं बदल सकते, इसलिए अगर किसी को समस्या आ रही है तो वह एसडीएम के पास उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं।

### भगवती स्कूल के बच्चों ने लोगों को किया जागरूक

**नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में स्टूडेंट्स और प्रिंसीपल सहित स्कूल स्टाफ ने विश्व आर्द्रभूमि दिवस पर शपथ ली गई। विज्ञान अध्यापिका शीतल ने विश्व आर्द्रभूमि दिवस के उपलक्ष्य पर स्टूडेंट्स को भाषण के माध्यम से जागरूक करते हुए कहा कि आज के दिन साल 1971 के दौरान ईरान के रामसर में वेटलैंड कन्वेंशन को अपनाया था, इसके वाद साल 1977 से दुनियाभर में हर हाल 2 फरवरी का दिन वर्ल्ड वेटलैंड डे के रूप में मनाए जाने की शुरूआत हुई। 2024 के इस दिवस की थीम '' आर्द्रभूमि और मानव कल्याण'' है। आर्द्रभूमि संरक्षण की दिशा में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए बच्चों में चित्रकला और स्लोगन प्रतियोगिता करवाई गई। प्रिंसीपल आरती कटोच ने अध्यापकों को विश्व आर्द्रभूमि दिवस पर शपथ दिलाई और बताया की हम आर्द्रभूमि को ठोस और तरल कचरे से मुक्त रखेंगे, जागरूकता फैलांएगे और दूसरों को इस प्रयास में शामिल होने के लिए प्रेरित करेंगे।

### कस्बा बड़ा में दंगल मेला सात को

**बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा में महावीर दंगल कमेटी धरोड़ (चमराल) की आज विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक कमेटी के प्रधान सुदर्शन जरियाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कमेटी के सदस्यों के अतिरिक्त क्षेत्र के कई गणमान्य उपस्थित रहे। इस दौरान कमेटी द्वारा सात फरवरी को कस्बा बड़ा के धरोड़ (चमराल) में होने वाले दंगल मेले पर विचार-विमर्श किया। कमेटी ने यह फैसला लिया कि दंगल मेले का शुभारंभ शोभायात्रा निकाल कर किया जाएगा। यह शोभायात्रा 10 बजे अंदारा से शुरू होगी एवं कस्बा बड़ा के बाजार से होती हुई अखाड़ा स्थल तक 12 बजे पहुंचेगी। शोभायात्रा में दंगल कमेटी के सदस्यों के अतिरिक्त क्षेत्र के गणमान्य एवम वद्धिजीवी वर्ग विशेष रूप से शामिल होंगे। दंगल कमेटी के महासचिव परमजीत डोगरा ने बताया कि इस बार कमेटी द्वारा विजेता पहलवान को 51000 रुपए व हनुमान की गदा और उपविजेता पहलवान को 41000 रुपए एवं गागर देकर सम्मानित किया जाएगा। डोगरा ने बताया कि दंगल मेले में मुख्य आकर्षण छोटी माली होगी, जिसमें विजेता को 5100 रुपए एवं उपविजेता को 3100 रुपए इनाम राशि दी जाएगी।

# हमीरपुर नगर परिषद ने खुले में कूड़ा फेंकने वालों पर कसा शिकंजा

## शहर में किराए पर रह रहे लोग सफाई कर्मचारियों को नहीं दे रहे हैं कूड़ा

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**




नगर परिषद हमीरपुर

नगर परिषद हमीरपुर ने लगभग तीन वर्ष पहले शहर से कूड़ा उठाने की मुहिम शुरू की थी, लेकिन अब यह मुहिम सफल नजर होती नहीं दिख रही है। शहर के विभिन्न वार्डों में किराए पर रह रहे लोग सफाई कर्मचारियों को कूड़ा नहीं दे रहे हैं।

नगर परिषद घर से कूड़ा उठाने के प्रति माह 50 रुपए दस पैसे बचाने के चक्कर में अंधेरे का फायदा उठाकर सड़क के किनारे चुपके से कूड़ा फेंक रहे हैं। इस बारे में नगर परिषद को भी शिकायतें मिल रही थी जिस पर कार्रवाई करते हुए नगर परिषद ने ऐसे लोगों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है, हालांकि नगर परिषद ने खुले में कूड़ा फेंकने वालों पर जुर्माना करने का प्रावधान किया है लेकिन ऐसे लोगों का पता लगाना मुश्किल हो रहा है। (अनंत ज्ञान)

> अगर खुले में कोई कूड़ा फेंकता या जलाता नजर आया तो उसे पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी और उसकी मौके पर चालान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऐसा मामला सामने आया है कि लोग खुले में कूड़ा इकट्ठा कर उसे आग लग रहे हैं। जिससे पर्यावरण दूषित हो रहा है। उन्होंने लोगों से भी अपील की है कि पर्यावरण को साफ सुथरा रखने के लिए हमारा सहयोग करें।
> -अजमेर सिंह ठाकुर, अधिकारी नगर परिषद हमीरपुर

# भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



एसी हमीरपुर से मिले भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के पदाधिकारी और सदस्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ द्वारा अपनी मांगों को लेकर एसी हमीरपुर के माध्यम से सरकार को ज्ञापन सौंपा है। इस मौके पर काफी संख्या में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम ठाकुर ने बताया कि प्रदेश का सेवानिवृत्ति और सरकारी कर्मचारी मौजूदा सरकार से खफा चल रहा है।

उन्होंने बताया कि लंबे समय से उनकी मांगें थी जिन्हें अभी तक प्रदेश की सूक्खू सरकार द्वारा पूरा नहीं किया गया है। पुरुषोत्तम ठाकुर ने बताया कि 17 दिसंबर को भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ का एक राज्य स्तरीय सम्मेलन पालमपुर में आयोजित किया गया था। इस दौरान सरकार को सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपनी मांगों को मनवाने का समय दिया गया था। एक माह बीत जाने के बावजूद सरकार ने उनकी मांगों को नहीं माना है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने मांगें नहीं मानीं तो वे सड़कों पर उतरकर सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करेंगे।

# जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर स्टूडेंट्स को करें जागरूक



हमीरपुर के सीएमओ कार्यालय में आयोजित शिविर में भाग लेते मुख्यातिथि व प्रतिभागी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

स्वास्थ्य विभाग हमीरपुर द्वारा राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम एवं तंबाकू निषेध अधिनियम 2003 विषय पर जिले के स्वास्थ्य अधिकारियों, कम्युनिटी हेल्थ आफिसर, स्वास्थ्य पर्यवेक्षकों तथा ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजरों के लिए एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएमओ डॉ. आरके अग्निहोत्री ने की।

इस प्रशिक्षण में दो चरणों में 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय जगोता, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राकेश ठाकुर ने राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम एवं तंबाकू निषेध अधिनियम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रतिभागियों को दी। उन्होंने प्रतिभागियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्रों में शिक्षण संस्थानों तथा समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करें।

इसके लिए पंचायत प्रतिनिधियों एवं स्वयंसेवी संस्थानों का व्यापक स्तर पर सहयोग सुनिश्चित करें तथा तंबाकू नियंत्रण के लिए इन संस्थानों में सभी आवश्यक साइन बोर्ड इन संस्थानों के सहयोग से लगवाना सुनिश्चित करें। सीएमओ ने संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को तंबाकू उपयोग से बचाने के साथ-साथ उन्हें जंक फूड से बचाना भी नितांत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों में पोषण, स्वच्छता, नशा निवारण व पौष्टिक आहार विषय पर समय-समय पर जागरूकता गतिविधियों का आयोजन करें और वांछित लक्ष्य पूर्ति के लिए बच्चों के शिक्षकों एवं अभिभावकों के साथ समन्वय स्थापित करें। इस मौके पर सूचना शिक्षा संप्रेषण अधिकारी सुरेश शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित थे

# योगासन जीवन का आधार व कला : डॉ. राम अवतार

**हमीरपुर।** योग का मतलब जोड़ना है, जिसे अपना कर मनुष्य स्वस्थ रह सकता है। यह बात सीपीयू-पीएसआई-सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन व करियर प्वांइट यूनिवर्सिटी के प्रो. डॉ. राम अवतार ने बिहार के डॉ. राजेंद्र प्रशाद सेंट्रल कृषि यूनिवर्सिटी में एक कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि संबोधित करते हुए कही। 30 दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथि व कुलपति ने दीप प्रज्वलित कर की। डॉ. राम अवतार ने प्रदीक्षारंभ को स्टूडेंट्स के जीवन का अहम कड़ी बताया।

उन्होंने कहा कि नागरिकों के अपने कर्तव्यपालन से विकसित भारत की परिकल्पना को पूरा किया जा सकता है। योगासन को जीवन का आधार व कला बताते हुए विलुप्त होते संस्कार को बढ़ावा देने की जरूरत पर अपनी बातों को रखा। वहीं गुरुकुल शिक्षा एवं पेड़-पौधे से जुड़े विषय पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स को पुरस्कृत भी किया गया।

# शैक्षणिक टूअर से बच्चों के ज्ञान में हो रही वृद्धि : अभिषेक राणा



सर्व कल्याणकारी संस्था के सदस्यों के साथ अमृतसर टूर पर जाने वाले मेधावी स्टूडेंट्स।

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सर्व कल्याणकारी संस्था ने मेधावी और प्रतिभावान स्टूडेंट्स को प्रोत्साहित करने के लिए अमृतसर टूअर का आयोजन किया। इस टूअर में सुजानपुर कॉलेज के 30 मेधावी स्टूडेंट्स शामिल हुए।

संस्था के अध्यक्ष अभिषेक राणा ने कहा कि सर्व कल्याणकारी संस्था युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए समर्पित है। इसी कड़ी में हमने यह टूअर आयोजित किया है ताकि स्टूडेंट्स अमृतसर के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के स्थानों को देख सकें और प्रेरणा प्राप्त कर सकें। टूअर के दौरान स्टूडेंट्स ने गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी का दौरा किया, जहां उन्होंने विश्वविद्यालय के पुस्तकालय और निर्वाचिका सभा में भाग लिया। पुस्तकालय में पांच लाख 35 हजार 238 किताबें हैं, जिनमें मुख्य रूप से विभिन्न पांडुलिपियों, थीसिस और दुर्लभ पुस्तकें शामिल हैं।

निर्वाचिका सभा में स्टूडेंट्स ने स्टार्टअप इंडिया कार्यक्रम में भाग लिया। इस सभा में नीदरलैंड से आए वरिष्ठ विशेषज्ञ मिक वाल्विस्क ने स्टूडेंट्स के हिमाचली वेशभूषा की सराहना की और उन्हें प्रोत्साहित किया। अभिषेक राणा ने बताया कि संस्था द्वारा आगामी कार्यक्रम भी इसी तरह आयोजित किए जाएंगे। सर्व कल्याणकारी संस्था द्वारा आयोजित यह टूअर मेधावी स्टूडेंट्स के लिए प्रेरणादायक रहा। इससे उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

# डायमंड इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल पट्टा ने जीते 52 गोल्ड मेडल

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि इस बार भोरंज उपमंडल के अंतर्गत पड़ने वाले पट्टा कस्बे में स्थित डायमड इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में सोने की बारिश हुई है, क्योंकि इस बार स्टूडेंट्स ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में 52 गोल्ड मेडल हासिल किए हैं।

प्रधानाचार्या शीतला शर्मा ने बताया कि साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा अक्तूबर से लेकर दिसंबर माह तक आयोजित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में तीसरी से लेकर दसवीं तक के बच्चों ने 52 गोल्ड मेडल हासिल किए हैं, जो कि स्कूल प्रबंधन तथा अभिभावकों के लिए बहुत ही गर्व की बात है।

प्रधानाचार्या ने सभी विजेताओं को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की तथा सभी बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

# सड़क किनारे दुकान लगाने पर दो पक्षों में विवाद

**आरके चौधरी, रंगस**

हमीरपुर-नादौन नेशनल हाई-वे पर जोलसप्पड़ स्थित त्रिशा कॉलेज ने नेरी वाया सोरड़ जाने वाली सड़क पर मोबाइल दुकान लगाने को लेकर दो पक्षों में विवाद पैदा हो गया है, जिसके चलते दोनों ने इसकी शिकायत सीएम हेल्प लाइन 1100 नंबर पर कर दी है। जानकारी के अनुसार एक पक्ष का कहना है कि यह मोबाइल दुकान गलत लगाई गई है, जो पहले यहां दुकान लगाता था, वह व्यक्ति अब बीमार है।

उसकी जगह दूसरा व्यक्ति यहां पर अपनी गाड़ी में सामान रखकर बेच रहा है, जिसकी

**गाली-गलौज भी किया और जान से मारने की धमकियां भी दी**

उनके नाम की कोई परमिशन भी नहीं है। इसके चलते उन्हें काफी नुकसान हो रहा है। उन्होंने लाखों रुपए खर्च कर सड़क के किनारे पक्की दुकानें बनाई हैं, जिसके चलते उन्होंने बैंकों से लोन भी लिया है, बैंक की किस्तें समय पर न जाने के चलते उन्हें नोटिस भी आ रहे हैं।

उनका कहना है कि अगर इसी तरह हर कोई व्यक्ति सड़क किनारे दुकानें लगाता रहेगा, तो उन्हें मजबूरन अपनी दुकानें बंद करनी पड़ेगी। उन्होंने जिला प्रशासन से सड़क किनारे लगी दुकानों को तुरंत हटाने की मांग की है। उन्होंने इसकी शिकायत सीएम हेल्प लाइन 1100 नंबर पर भी की है। वहीं दुकान लगाने वाले व्यक्ति का कहना है कि वे पहले दुकान लगाने वाले व्यक्ति के कहने पर ही उसका सामान बेच रहे हैं, क्योंकि बीमारी के चलते वह घर पर ही है और उसके पास काफी सामान था, जो शीघ्र ही एक्सपायर हो जाएगा और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। उनका कहना है कि उनके साथ यहां पर गाली-गलौज भी किया गया है और उन्हें जान से मारने की धमकियां भी दी गई हैं। उन्होंने भी इस बारे सीएम हेल्प लाइन पर इसकी शिकायत दर्ज करवाई है। (अनंत ज्ञान)

# सठवीं में सड़क किनारे शव बरामद

**बिझड़ी।** सठवीं पंचायत के स्थानीय गांव के विनीश कुमार पुत्र विधि चंद का शव शुक्रवार को सड़क किनारे मिला। मृतक पेशे से ट्रैक्टर चालक था और नशे का आदि भी बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने सड़क किनारे शव पड़े देखा तो पुलिस को सूचना दी। मृतक की पत्नी उसे छोड़कर चली गई है। इस संदर्भ एसएचओ बड़सर प्रवीण राणा ने बताया कि सड़क किनारे एक व्यक्ति का पड़े होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर डेड बॉडी परिजनों को सौंप दी है।

# स्वस्थ रहने के लिए करें पौष्टिक आहार का सेवन

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

महिला एवं बाल विकास विभाग के अधीन आने वाले आंगनबाड़ी केंद्र जाहू कलां में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा महिलाओं को पौष्टिक आहार के बारे में जागरूक किया गया।

इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम के प्रमुख डॉ. सचिन में महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि मनुष्य लापरवाही के कारण बीमारियों को शिकार हो रहे हैं। समय में बदलाब के कारण खानपान में बदलाब हुआ है। अधिक जंक फूड को प्रयोग करना स्वास्थ्य के लिए सबसे हानिकारक है। उन्होंने कहा कि मानव शरीर को स्वस्थ्य एवं क्रियाशील बने रहने के उचित



बच्चों की जांच करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

पोषण की आवश्यकता होती है। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया बच्चों का विशेष ध्यान रखें। इस अवसर पर जाहू कलां आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सावित्री रांगड़ा, आशा वर्कर सुनीता बेगम, सोनिका, किरन, कशिश, माया देवी, आरबी, भावेश, कनिका, आयान, जानवी, वंश गौत्तम व अन्य उपस्थित रहे।

# गरीब, महिला, युवा व किसान के उत्थान के लिए समर्पित है बजट

**सुजानपुर।** केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया अंतरिम बजट सर्वांगीण, सर्वस्पर्शी, सर्व समावेशी व विकासोन्मुखी बजट है। सुजानपुर भाजपा नेता प्रकाश संडयाल ने कहा कि ने कहा कि इस बजट में मोदी सरकार का मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास चरितार्थ होता है। समाज के हर वर्ग व देश के कोने-कोने के विकास के लिए इस बजट में प्रावधान किए गए है। इस बजट में समावेशी विकास व ग्रोथ पर ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट गरीब, महिला, युवा व किसान के उत्थान के लिए समर्पित है।

# सरकार ने इंतकाल और तकसीम के मामलों में जीता लोगों का दिल : प्रेम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



प्रेम कौशल

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा है कि हिमाचल में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन के तहत वैसे तो कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं, लेकिन इंतकाल और तकसीम से संबंधित जितने बड़े स्तर पर मामले निपटाए गए हैं, वह प्रदेशवासियों के लिए बेहद राहत भरी सुविधा लेकर आए हैं।

उन्होंने कहा कि इंतकाल और तकसीम के लगभग 90,000 और 7000 मामलों के निपटारे से वर्षों से कार्यालयों के चक्कर काट रहे प्रदेशवासियों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा कि आरंभ में प्रदेश के विपक्षी नेताओं ने मुख्यमंत्री को हल्के में लेते हुए उनके विषय में कई प्रकार की गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणियां कीं। उन्होंने तमाम आलोचनाओं को नजरांदाज करते हुए साहस, संयम और दूरदर्शिता से कार्य कर भाजपाइयों के दुष्प्रचार को न केवल गलत साबित किया, अपितु भाजपा नेताओं की जनविरोधी कार्यप्रणाली को भी सफलतापूर्वक जनता में बेनकाब किया।

13 माह के छोटे से कार्यकाल में मुख्यमंत्री ने जहां एक ओर प्रदेश को मजबूत, मानवीय संवेदनाओं को समर्पित और प्रदेश को स्वावलंबी बनाने की मंशा से दूरदर्शी नेतृत्व प्रदान कर जनता के दिलों में अपनी गहरी छाप छोड़ने में सफलता प्राप्त की। वहीं भाजपा की सत्ता तथा इसके नेताओं की हिमाचल विरोधी मानसिकता को उजागर कर उन्हें कटघरे में खड़ा कर बैकफुट पर धकेलने में भी सफल हुए। कौशल ने कहा कि भाजपा नेता सरकार एवं मुख्यमंत्री के विषय में कई प्रकार की बयानबाजियां करने में मशगूल हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी चारों लोकसभा सीटें जीत कर प्रदेश में विजय के क्रम को जारी रखेगी।

**सम्मान** पहाड़ी संगीत प्रतियोगिता की विजेताओं को पूर्व मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

# फुर्सत में बच्चों को बताएं पहाड़ी संस्कृति

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने कहा है कि फुर्सत के वक्त बच्चों को टीवी और मोबाइल फोन दिखाने की बजाय उन्हें अपनी पहाड़ी संस्कृति की जानकारी देना बेहतर उपाय है। पहाड़ी संस्कृति सबसे अच्छी है। एक समय था जब प्रदेश से अन्यत्र जाने पर किसी के द्वारा पहाड़ी कहलाए जाने पर शर्म महसूस की जाती थी, लेकिन आज वक्त बदला है, आज पहाड़ी गीत भी गर्व के साथ गाए जा रहे हैं ।

शुक्रवार को हमीरपुर के गसोता में भाजपा द्वारा आयोजित पहाड़ी संगीत प्रतियोगिता में भाग ले रही महिलाओं को संबोधित करते हुए धूमल ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि जब हम छोटे थे, तब हम घर पर पढ़ाई लिखाई और घर के कामों से बचे हुए समय में अपने बड़े बुजुर्गों से कहानी सुना करते थे।

धूमल ने कहा कि हमारी पहाड़ी संस्कृति में हमारे जीवन के कई शुभ कार्यों हेतु हर मुहूर्त हर घड़ी से जुड़ा एक लोकगीत होता है जैसे सुहाग घोड़ियां इत्यादि। हमारी पारंपरिक विरासत को आगे बढ़ाने का काम मातृशक्ति के जिम्मे है। बहुत अच्छा लगता है जब हम देखते हैं आज भी गांव-गांव में महिला शक्ति हमारी पारंपरिक विरासत को संभाले हुए हैं।



पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल महिलाओं के कार्यक्रम में शिरकत करते हुए।

उन्होंने कहा कि हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर ने पहाड़ी संगीत प्रतियोगिता के माध्यम से एक बहुत अच्छी पहल समाज में शुरू की है। इससे सभी लोगों को हमारी पहाड़ी संस्कृति से रू-ब-रू होने का अवसर तो मिलेगा ही साथ में मातृशक्ति को मंच मिलेगा जहां वह अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे। (अनंत ज्ञान)

### काले बिल्ले लगाए डॉक्टर्स का आंदोलन 16वें दिन भी जारी, एसो. बोली-

# खाली पदों को डेपुटेशन के जुगाड़ से चलाना मरीजों के साथ नाइंसाफी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



डॉ सुरेंद्र सिंह डोगरा।

स्वास्थ्य विभाग में मांगों को लेकर डॉक्टर्स का काले बिल्ले लगाकर जारी रोष प्रदर्शन 16वें दिन में प्रवेश कर गया। डॉक्टर्स एसोसिएशन का कहना है कि सरकार को उनके रोष को देखते हुए और देरी नहीं करनी चाहिए, क्योंकि मरीज के हित में यह न्याय संगत नहीं है। उनका कहना है कि खाली पदों को डेपुटेशन के जुगाड़ से चलाना भी मरीजों के साथ नाइंसाफी है। संगठन के प्रमुख डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा का कहना है कि एमबीबीएस की पढ़ाई करके रोजगार की तलाश में जो डॉक्टर जनता की सेवा कर रहे हैं उनकी मांगों को प्रदेश के मुख्यमंत्री को तत्काल मान लेना चाहिए, क्योंकि उनके गृह जिला में ही कई रिक्त स्थानों पर डेपुटेशन के माध्यम से काम चलाऊ व्यवस्था मरीजों के हित की नहीं है।

उनका कहना है चिकित्सा अधिकारियों के बड़ी तादाद में पद खाली चल रहे हैं। इन्हें लंबे समय तक रिक्त नहीं रखा जा सकता। उन्होंने कहा कि एक ब्लॉक के चिकित्सक दूसरे ब्लॉक में जाकर सेवाएं दे रहे हैं। इससे स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा रही है। उन्होंने कहा है कि स्वास्थ्य विभाग में चिकित्सकों की कई वर्षों से पदोन्नति नहीं हुई है। पदोन्नति के लिए बहुत ही कम स्वीकृत पद हैं। 50 फीसदी से ज्यादा पदों पर पदोन्नति नहीं हो पाई है, जो पदोन्नति का इंतजार कर रहे हैं, उनकी सेवानिवृत्ति हो रही है।

संघ की यह भी मांग है कि प्रदेश की एड्स कंट्रोल सोसायटी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर का चार्ज भी एमबीबीएस चिकित्सकों को ही दिया जाए, क्योंकि उन्होंने ही इस संदर्भ में वर्षों गहन अध्ययन किया होता है। एमबीबीएस पोस्ट से अन्य विभाग के लोगों को हटाया जाए और उनके अपने विभागों में पद स्वीकृत किए जाएं। राज्य के विभिन्न जिलों में भी अन्य विभागों से प्रोग्राम ऑफिसर्स की नियुक्तियां की जा रही हैं। जिसके चलते एमबीबीएस चिकित्सकों के पदों में भारी गिरावट हो रही है। संघ के सभी सदस्यों का कहना है कि प्रोग्राम ऑफिसर की न्यूनतम योग्यता एमबीबीएस ही हो।

## विवेक चहल ने संभाला एसपी का कार्यभार, बिलासपुर में पुलिस विजिबिलिटी रहेगी प्राथमिकता, एसपी ने बताई अपनी योजनाएं

# चौकी, थानों में नहीं फील्ड में रहेगी पुलिस

- नशे को लेकर भी पुलिस प्रशासन सख्ती से करेगी कार्य, बिलासपुर की स्टेट्स रिपोर्ट को करेंगे स्टडी
- 2018 बैच के हैं आईपीएस, हरियाणा के जींद जिले से संबंध रखते हैं विवेक चहल

**शुभम राही, बिलासपुर**

बिलासपुर जिले में अब पुलिस चौकी थानों में कम, बल्कि फील्ड में अधिक नजर आएगी। लोगों के साथ आपसी समन्वय सहित भाईचारा का संदेश अब बिलासपुर पुलिस देगी।

यह बात शुक्रवार को बिलासपुर में नवनियुक्त एसपी विवेक चहल ने कही। एसपी विवेक चहल ने कहा कि लोगों और पुलिस में हमेशा काफी गैप देखा गया है, लेकिन अब इस गैप को दूर करने और पुलिस और लोगों के बीच में आपसी समन्वय स्थापित करने के लिए यह पहल शुरू की जाएगी, जिसके लिए पुलिस अधीक्षक ने आते ही यह आदेश पूरे जिले के चौकी, थानों में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को जारी कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार मूलतया हरियाणा के जींद जिले से संबंध रखने वाले 2018 बैच के भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी के रूप में विवेक चहल ने पुलिस में ज्वाइन किया था।

इससे पहले वह सोलन के नालागढ़, मंडी में एएसपीय, पुलिस प्रशिक्षण केंद्र जुन्गा व किन्नौर जिले में बतौर अपनी पुलिस अधीक्षक सेवाएं दे चुके हैं। शुक्रवार को उन्होंने अपना कार्यभार संभाला और जिले के सभी डीएसपी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक भी की। मीडिया से बातचीत करते हुए एसपी विवेक चहल ने बताया कि बिलासपुर में किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर ट्रैफिक व्यवस्था पर भी उनकी पूरी नजर रहेगी। बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटक कुल्लू, मनाली जाने से पहले बिलासपुर से प्रवेश करते हैं। ऐसे में बिलासपुर मुख्यद्वार माना जाता है, ऐसे में सही व्यवस्थित ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई उचित कदम उठाए जाएंगे, ताकि यहां से जाने वाले पर्यटकों को कोई दिक्कत न हो और नियमों की अवहेलना करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### जिला वासियों से अपील, पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर करें कार्य

एसपी ने बताया कि बिलासपुर जिले में नशे को लेकर भी पुलिस प्रशासन सख्ती से कार्य करेगी, जिसके लिए बिलासपुर जिले की स्टेट्स रिपोर्ट को वह स्टडी करेंगे। शहर और जिले में नशा माफियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस पूरे प्लान के साथ कार्य करेगी। नशेड़ियों पर सख्त कार्रवाई करना भी उनकी प्रथम प्राथमिकता रहेगी। बिलासपुर जिले में शांति और लोग पुलिस का पूरा सहयोग करें, इसके लिए भी उन्होंने जिला वासियों से अपील की है कि वह पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर कार्य करें। उनके नजदीकी अगर कुछ भी संदिग्ध गतिविधि होती है, तो तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दें।



### बॉर्डर एरिया पर पुलिस प्रशासन की रहेगी पूरी नजर

एसपी विवेक चहल का कहना है कि टूरिस्ट सीजन के लिए बिलासपुर और पंजाब की सीमा गड़मौड़ा सहित अन्य स्थानों पर नाके लगाए जाएंगे। बार्डर एरिया में पुलिस प्रशासन की हर गतिविधि पर पूरी नजर रहेगी।

# मंत्री राजेश धर्माणी ने परिवार सहित नयना देवी में टेका माथा



मंदिर न्यास की ओर से मंत्री को माता जी का प्रसाद और तस्वीर भेंट करते हुए।

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी**

विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी जी मंदिर में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने परिवार सहित शीश नवाया।

उन्होंने प्राचीन हवन कुंड में आहुतियां भी डालीं। पुजारी प्रदीप शर्मा ने विधिवत रूप से उनसे पूजा-अर्चना करवाई। मंदिर न्यास की ओर से मंत्री और उनके परिजनों को माता जी का प्रसाद और तस्वीर भी भेंट की गई। दर्शन करने के बाद उन्होंने कहा कि जब भी कोई नया कार्यभार मिलता है, तो वह माता के दरबार में आशीर्वाद लेने के लिए पहुंचते हैं। लोगों की सुविधा के लिए कार्य और अपने जिले के क्षेत्र के विकास के लिए नए आयाम स्थापित कर सकूं, यही उनकी मन की इच्छा है और माता रानी के आशीर्वाद से वह पूरी होगी। इस मौके पर नगर परिषद की अध्यक्ष दिशा शर्मा, पार्षद प्रवेश शर्मा, पार्षद हरीश शर्मा और पुजारी अमन भी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### बिलासपुर नप में चार मनोनीत सदस्य नियुक्त

**बिलासपुर।** नगर परिषद बिलासपुर के लिए प्रदेश सरकार ने चार सदस्य मनोनीत करने की अधिसूचना जारी कर दी है। नगर परिषद वार्ड नंबर नौ के निवासी मुनीष शर्मा, वार्ड 10 से श्याम लाल पंवर, वार्ड 10 से साजिद खान और वार्ड 11 से बीना देवी को मनोनीत सदस्य नियुक्त किया है। फिलहाल इन पार्षदों की नियुक्ति के बाद शपथ ग्रहण करवाई जाएगी। इसके बाद यह पार्षद विधिवत रूप से नगर परिषद के कार्यों संबंधित बैठकों में अपने विचार प्रस्तुत कर पाएंगे। नगर परिषद बिलासपुर शहर के 11 वार्ड हैं, जिनमें कांग्रेस समर्थित अध्यक्ष और भाजपा समर्थित उपाध्यक्ष कार्यरत हैं।

### सीएम और पूर्व विधायक का जताया आभार

**बिलासपुर।** नगर परिषद बिलासपुर के नवनियुक्त नामंकित सदस्यों श्याम लाल पवंर सेवानिवृत्त अधिशाषी अभियंता, बीना राणा मनीष शर्मा व साजिद खान ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू व पूर्व विधायक तिलक राज शर्मा का आभार व धन्यवाद किया है। उक्त सभी नामंकित सदस्यों ने संयुक्त बयान जारी करके कहा कि नगर परिषद बिलासपुर शहर की एक सुदृढ़ संस्था है और बिलासपुर नगर के विकास और उत्थान के लिए वचनबद्ध है। नगर परिषद का नामंकित सदस्य पद पर नामंकित करके मुख्यमंत्री बिलासपुर नगर की विकासात्मक योजनाओं को आगे बढाने की जिम्मेदारी जो हमारे कंधों पर डाली है, वह हम अपनी पूरी निष्ठाए कर्तव्यपरायणता और पारदर्शिता से निभाएंगे। हमारी प्राथमिकता बिलासपुर नगर परिषद क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर और विकास की तरफ बढ़ाना है।

### जल शक्ति विभाग बिलासपुर में होगी भर्ती

**घुमारवीं।** जल शक्ति विभाग बिलासपुर डिविजन में 12 पैरा पंप ऑपरेटर, छह पैरा फिटर और 22 मल्टी पर्पज वर्कर्स के पद भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। विभाग ने 19 फरवरी तक इसके लिए आवेदन मांगे हैं। तीनों श्रेणियों के लिए अलग-अलग योग्यताएं निर्धारित की गई है। इन सभी पदों के लिए आयु सीमा 18 से 45 निर्धारित की गई है। पैरा पंप ऑपरेटर के लिए उम्मीदवार न्यूनतम 10वीं पास होना चाहिए। उम्मीदवार के मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई से इलेक्ट्रीशियन वायरमैन डीजल मैकेनिक मोटर मैकेनिक पंप ऑपरेटर कम मैकेनिक मैकेनिक मोटर व्हीकल पंप ऑपरेशन कम मैकेनिक पंप ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस का प्रमाणपत्र होना चाहिए।

# 'घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा' के तहत बच्चों के बीच करवाएंगे सर्वेक्षण

- नशे से बचाने के लिए जागरूकता अभियान प्रारंभ किया जाएगा
- स्टूडेंट्स के लिए पेंटिंग और भाषण प्रतियोगिता आयोजित करवाई जाएंगी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

ग्राम पंचायत दाबला में 'घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा' कार्यक्रम में संस्कार संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने कहा कि आज विदेशी ताकतों के इशारों पर हमारी युवा पीढ़ी को बर्बाद करने का षडयंत्र जो रचा जा रहा है, उसको बेनकाव करने की जिम्मेदारी आज हर नागरिक की है, ताकि हमारी युवा पीढ़ी और बच्चे सुरक्षित रहे सके और देश के निर्माण में अपना योगदान कर सकें।

संस्था 10 फरवरी से 'घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा' के तहत शिक्षण संस्थान में बच्चों के बीच एक सर्वेक्षण करवाएगी, जिसके माध्यम से स्टूडेंट्स को इस अभियान के साथ जुड़ने तथा अपने आप को नशे से बचाने के लिए जागरूकता अभियान प्रारंभ किया जाएगा। दिसंबर और जनवरी माह में घुमारवीं विकास खंड की 40 पंचायतों में संपर्क अभियान के अंतर्गत पंचायत प्रतिनिधियों के साथ मिलकर बैठकों से इस अभियान की शुरुआत की थी, जो निरंतर चल रही है। महेंद्र धर्माणी ने कहा कि संस्कार सोसायटी घुमारवीं उपमंडल के सभी शिक्षण संस्थानों में छात्रों के बीच में जागरूकता करने के लिए 50000 फॉर्म के मध्यान से अभियान चलाएगी। संस्था के लोग इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न संस्थानों में जाकर अध्यापकों के मध्यान से छात्रों को जोड़ने का काम करेंगे तथा इस अभियान को आगे बढ़ाएंगे।

इसके अतिरिक्त स्टूडेंट्स के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता, स्लोगन राइटिंग और भाषण प्रतियोगिता आयोजित करवाई जाएंगी, ताकि हमारी युवा पीढ़ी अपने आप को नशे से दूर रखकर तथा अपने आस पास फैली इस बुराई को खत्म करने में सहयोग कर सके। इस मौके पर बीडीसी सदस्य रवि कौशल, पूर्व प्रधान चिंतराम लखनपाल, देव दत्त शर्मा , राजेश ठाकुर, दिल्ला राम, वार्ड सदस्य अनिशा, कैप्टन हंस राज, प्रेम लाल, राजन आदि उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर पलटने से चालक की दबकर मौत

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

भराड़ी थाना के तहत आने वाली बरोटा पंचायत के तहत छतर गांव के नजदीक ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत हो गई। हादसा शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे हुआ। मृतक की पहचान 49 वर्षीय कामदेव गांव बरोटा के तौर पर हुई है। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोग मौके पर इकट्ठा हो गए, जिन्होंने कड़ी मशक्त के बाद चालक को ट्रैक्टर के नीचे से बाहर निकाला। जानकारी के मुताबिक बरोटा गांव का कमलदेव अपने ट्रैक्टर से लकड़ियां व अन्य सामान लाने के लिए छत्तर गांव की तरफ जा रहा था।

इसी दौरान छतर गांव से पीछे मोड पर ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया। ट्रैक्टर सड़क से नीचे खेतो में जा गिरा। इस दौरान चालक कमलदेव ट्रैक्टर के नीचे दब गया। मोके पर लोगों ने कड़ी मशकर से ट्रैक्टर के नीचे दबे कमलदेव को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। भराड़ी पुलिस कर्मी मोके पर पहुंचे, जिन्होंने मोके पर जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए घुमारवीं अस्पाल ले जाया गया। पोस्टमार्टम करवाकर शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। मृतक कमलदेव का बेटा चंडीगढ़ में पढ़ाई कर रहा है। एकाएका हुए इस हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। भराड़ी थाना प्रभारी देवानंद ने बताया कि ट्रैक्टर हादसे में चालक कमलदेव की मौत हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।



ट्रैक्टर पलटने से चालक की दबकर हुई मौत के मामले की पुष्टि करते पुलिस के अधिकारी।

### बाइक और पिकअप की टक्कर, बाइक सवार घायल

**घुमारवीं।** पुलिस थाना घुमारवीं के तहत बल्लू भगेड कस्बे के पास शुक्रवार को एक बाइक के पिकअप जीप के साथ टकराने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बाइक सवार केशव कुमार गांव डाकघर डूगली तहसील हमीरपुर सुबह अपने घर से बद्दी जा रहा था। जहां वह किसी कंपनी में नौकरी करता है, लेकिन जैसे ही बाइक लेकर वह बल्लू के पास पहुंचा तो बाइक पिकअप के साथ टकरा गई। स्थानीय लोगों की मदद से बाइक सवार को तुरंत सिविल अस्पताल घुमारवीं पहुंचाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार देने के बाद चिकित्सकों ने बाइक सवार को एम्स बिलासपुर रेफर कर दिया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार इस टक्कर में एक जोरदार धमाके की आवाज हुई आवाज सुनकर स्थानीय लोग घटनास्थल की तरफ दौड़े, तो देखा की बाइक सवार सड़क किनारे पड़ा था, जिसके बाद उन्होंने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना तुरंत पुलिस थाना घुमारवीं में दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस की ओर से मामले की जांच की जा रही है।



# 10 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी से आए बाहर : स्वदेश

- मोदी सरकार का अंतरिम बजट विकसित भारत का संकल्प पूरा करने की दिशा में उठाया गया कदम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी स्वदेश ठाकुर ने मोदी सरकार के अंतरिम बजट को विकसित भारत का संकल्प पूरा करने की दिशा में उठाया गया एक और महत्वपूर्ण कदम करार दिया है।

इस बजट में महिलाओं, युवाओं, गरीबों और किसानों पर विशेष ध्यान दिया गया है। हालांकि यह बजट लोकसभा चुनाव से ठीक पहले पेश किया गया है, लेकिन कोई भी घोषणा चुनावों को ध्यान में रखकर नहीं की गई है। इसके विपरीत कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल लोगों को गुमराह करने के लिए चुनावी बेला में झूठे वादे और घोषणाएं करने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि भाजपा के लिए देश और देशवासी सर्वोपर हैं, जबकि विपक्षी दल केवल वोट बैंक की राजनीति करते हैं। स्वदेश ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है और इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए वह शुरू से ही पूरी ताकत झोंक रहे हैं, पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। गरीब कल्याण योजना के तहत 34 लाख करोड़ रुपए पात्र लोगों के खाते में भेजे गए हैं। गरीबों का अपने घर का सपना साकार करने के लिए दो करोड़ मकान और बनाने का लक्ष्य रखा गया है। 11.80 करोड़ लोगों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिला है। एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने के बाद अब तीन करोड़ का लक्ष्य रखा गया है। आशा और आंगनबाड़ी वर्कर्स को भी आयुष्मान भारत से जोड़ा जाएगा।

# पेंटिंग में कंदरौर की पलक और साक्षी प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

विश्व वेटलैंड दिवस पर हिमकोस्टे के सौजन्य से बिलासपुर के गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला भर के 10 स्कूलों के 100 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम के शुभारंभ में बच्चों को पर्यावरण सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। वहीं, वेटलैंड के संरक्षण को लेकर एक क्विज और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने पर्यावरण पर आधारित सुंदर चित्र बनाए।

इस कार्यक्रम में सदर वन परिक्षेत्र के अधिकारी कमल किशोर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि अधीक्षक श्यामलाल लखन ने विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। गर्ल्स स्कूल की प्रधानाचार्य प्रिया पोसवाल ने स्वागत भाषण दिया व वेट डे लैंड के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्यातिथि सदर वन परिक्षेत्र के अधिकारी कमल किशोर ने वेट डे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि धरती को सुंदर रखने की दृष्टि से प्राकृतिक जल स्रोतों, नदी, नालों व झीलों के संरक्षण की दृष्टि से वेट डे आरंभ किया गया था।





विश्व वेटलैंड दिवस पर बिलासपुर में जिला स्तरीय समारोह में मौजूद स्टूडेंट्स व अन्य।

वर्तमान समय में आधुनिकता के युग में हम परंपरागत प्राकृतिक तौर पर जल स्रोतों, नदी, नालों के महत्व को नहीं समझ पा रहे हैं। देखने में आ रहा है बहुत से स्थानों पर उद्योगों से निकलने वाले रासायनिक पदार्थों से युक्त गंदे पानी को प्राकृतिक जल स्रोतों नदी -नालों व झीलों में डाला जा रहा है, जिससे जल में रहने वाले जीव समाप्त होने की कंगार पर पहुंच चुके हैं। अपनी -अपनी जगह पर सभी की पर्यावरण को बचाने के प्रति आवश्यकता है, चाहे वह जल में रहने वाले या स्थल पर रहने वाले जीव हों। वहीं, हिमकोस्ट की सूचना अधिकारी डॉक्टर रित्विक चौहान ने बताया कि सरकार प्रदेश की सभी वेटलैंड को संरक्षित करने पर जोर दे रही है।

### विश्व वेटलैंड दिवस पर 100 बच्चों ने लिया भाग

इसी कड़ी में प्रदेश भर में आज के दिन लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। बिलासपुर में गोबिंद सागर झील को वेटलैंड घोषित किया गया है, जिसमें कुछ वर्षों से प्रवासी पक्षियों का आना शुरू हुआ है। सरकार इन प्रवासी पक्षियों को संरक्षित करने का पूरा प्रयास कर रही है। आज के विश्व वेटलैंड दिवस पर जिले भर के 10 सरकारी और निजी स्कूलों के 100 बच्चों ने भाग लिया। पेंटिंग प्रतियोगिता के जूनियर विंग में पलक ठाकुर (सीनियर सेकेंडरी स्कूल,कंदरौर) को प्रथम, निलाह (आर्यन पब्लिक स्कूल, बिलासपुर) दितीय और आन्या (डीएवी बिलासपुर) तृतीय स्थान पर रही। जबकि सीनियर विंग में साक्षी ( सीनियर सेकेंडरी स्कूल कंदरौर) प्रथम, आरुषि ठाकुर (सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चांदपुर) द्वितीय और दिवांशु (क्रिसेंट पब्लिक स्कूल बिलासपुर) तृतीय स्थान पर रहे।

# भारत विश्व की तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल

- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की घोषणा का स्वागतः कटवाल

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने 2014 से पहले की देश की आर्थिक स्थिति पर श्वेत पत्र लाने संबंधी केंद्रीय वित्त मंत्री



निर्मला सीतारमण की घोषणा का स्वागत किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल एवं गतिशील नेतृत्व में पिछले 10 सालों में देश की अर्थव्यवस्था का चेहरा पूरी तरह से बदल गया है।

इससे भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हुआ है। देश की 2014 से पहले की आर्थिक स्थिति पर श्वेत पत्र आने से सभी देशवासियों को मोदी सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल में हुए आर्थिक बदलाव की सही जानकारी मिल सकेगी। जीतराम कटवाल ने कहा कि भाजपा के लिए देश और देशवासी सर्वोपरि हैं। मोदी सरकार ने आम चुनाव से ठीक पहले अंतरिम बजट पेश किया है, लेकिन इसमें कोई भी घोषणा चुनाव के मद्देनजर नहीं की गई है।

लोक-लुभावनी घोषणाएं और वादे करने के बजाए मोदी सरकार ने भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाते हुए देश के बुनियादी ढांचे में नई जान फूंकने के साथ ही नवाचार पर जोर दिया है। जीतराम कटवाल ने कहा कि कोई भी दस्तावेज एक संपूर्ण मार्गदर्शक के रूप में काम करता है। देश की अर्थव्यवस्था में मजबूती की रफ्तार भी बढ़ाएगा। निरंतरता के विश्वास से भरा हुआ समावेशी और प्रगतिशील बजट पेश करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी पूरी टीम बधाई की पात्र है।

**कवायद** चार करोड़ 91 लाख की डीपीआर तैयार कर सरकार को भेजी, स्वीकृति आने के बाद शुरू होगा कार्य

# घुमारवीं फायर स्टेशन को जल्द नसीब होगा अपना भवन

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

अग्निशमन विभाग के घुमारवीं फायर स्टेशन का भी अपना भवन होगा। इसके लिए घुमारवीं में कोर्ट रोड पर एक बीघा जमीन चिन्हित की गई है।

बकायदा विभाग की ओर से चार करोड़ 91 लाख रुपए की राशि की डीपीआर तैयार कर प्रदेश सरकार को स्वीकृति के लिए भेजी गई है। सरकार की ओर से जैसे ही इस डीपीआर को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। उसके बाद इस भवन के निर्माण को लेकर आगामी प्रक्रियाएं शुरू कर दी जाएंगी। उम्मीद है कि जल्द ही घुमारवीं फायर स्टेशन को अपना भवन नसीब होगा। फायर स्टेशन में जहां कर्मियों की तैनाती की जाती है। साथ ही दमकल वाहनों की पार्किंग के लिए भी आवश्यक भूमि की आवश्यकता रहती है। इसके अलावा फायर स्टेशन के कर्मियों के लिए ठहरने की व्यवस्था की जाती है। हालांकि अभी तक घुमारवीं में फायर स्टेशन अस्थायी भवन में ही चल रहा है, लेकिन विभाग की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं कि जल्द से जल्द इस स्टेशन को अपना भवन नसीब हो सके, ताकि यहां पर ड्यूटी करने वाले स्टेशन कर्मियों को भी सुविधा मिल सके। अग्रिशमन विभाग में तैनात कर्मियों की ड्यूटी 24 घंटे लगातार रहती है।

कभी भी कोई भी आग की घटना के अलावा अन्य घटना घटती है, तो इन फायर कर्मियों को मौके पर बुलाया जाता है। आपदा के समय इन कर्मियों की अहम भूमिका रहती है। इसके चलते इन्हें सुविधाएं मुहैया करवाई जानी चाहिए। आग की घटना में जहां यह कर्मी आग को नियंत्रित करते हैं। वहीं, साथ ही करोड़ों की संपत्ति को आग की भेंट चढ़ने से भी बचाते हैं। (अनंत ज्ञान)



घुमारवीं में अस्थायी भवन में चल रहा फायर स्टेशन । (फाइल फोटो)

> क्षेत्र में आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए घुमारवीं में अग्निशमन चौकी खोली गई थी, लेकिन अभी तक इस चौकी का सारा संचालन बचत भवन के कमरों से ही किया जा रहा था, जिससे काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था। काफी समय से कोशिश की जा रही थी कि चौकी को अपना भवन नसीब हो सके। अब सरकार की ओर से विभाग के नाम जमीन स्थानांतरित कर दी गई है, जिसके बाद डीपीआर बनाकर भेज दी गई है। उम्मीद है जल्द ही अग्निशमन विभाग को अपना भवन नसीब होगा।
>
> **अमृत लाल चौकी इंचार्ज, घुमारवीं।**

# घुटनों में दर्द, सर्वाइकल व अधरंग का निशुल्क किया जा रहा उपचार



दावला पंचायत में शुरू हुए दस दिवसीय निशुल्क चिकित्सा कैंप में मौजूद लोग।

**अनंत ज्ञान, दधोल**

सदर विधानसभा के अंतर्गत आने वाली दावला पंचायत के गांव दाड़ी के सामुदायिक भवन में प्रयास संस्था की ओर से दस दिवसीय निशुल्क थेरेपी का शुभारंभ हुआ, जिसमें डॉ. अनुप भट्ट द्वारा इस कैंप में जोड़ों में दर्द, घुटनों में दर्द, डिस्क प्रोब्लम, सर्वाइकल, अधरंग, व गैस्ट्रिक का निशुल्क उपचार किया जा रहा है। कैंप का आयोजन दो फरवरी से ग्यारह फरवरी तक चलेगा।

कैंप का उद्घाटन वयोवृद्ध बक्शी राम द्वारा किया गया। यह निशुल्क थेरेपी कैंप केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के सौजन्य के द्वारा प्रयास संस्था द्वारा चलाया जा रहा है। पहले दिन इस कैंन में 50 व्यक्तियों का चैकअप किया गया। इस कैंप को लगवाने में मुख्य सहयोग भाजपा महिला मोर्चा उपाध्यक्ष जिला बिलासपुर सुजाता शर्मा, महिमा मंडल एवं ग्राम सुधार समिति दाडी की ओर से किया गया।

# उच्च न्यायालय ने डीओ नोट पर हुए तबादले पर लगाई रोक

## विद्युत बोर्ड के अधिशाषी अभियंता राहुल पुरी ने हाई कोर्ट में दी थी चुनौती

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

- हाई कोर्ट पहले भी डीओ नोट पर तबादलों को कर चुका है निरस्त
- विद्युत मंडल गगरेट में कुल 455 स्वीकृत पद
- विभिन्न श्रेणियों के 244 पद चल रहे हैं रिक्त
- विद्युत मंडल का प्रति माह 30 से 35 करोड़ रुपए का है राजस्व

**हिमाचल** प्रदेश उच्च न्यायालय ने डीओ नोट पर प्रदेश विद्युत बोर्ड लिमिटेड के अधिशाषी अभियंता के प्रदेश सरकार द्वारा जारी किए गए तबादला आदेश पर न्यायालय के अगले आदेश तक रोक लगा दी है। विद्युत मंडल गगरेट में तैनात अधिशाषी अभियंता राहुल पुरी का प्रदेश सरकार ने हाल ही में हमीरपुर के लिए तबादला कर दिया था। जिसे अधिशाषी अभियंता ने उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी।

विद्युत मंडल गगरेट में तैनात अधिशाषी अभियंता राहुल पुरी का आठ माह पहले ही प्रदेश सरकार ने हमीरपुर से गगरेट के लिए तबादला किया था। इसके बाद अब फिर से एक डीओ नोट पर प्रदेश सरकार ने राहुल पुरी का हमीरपुर के लिए तबादला कर दिया और उनके स्थान पर हमीरपुर में तैनात




अधिशाषी अभियंता अमित कुमार को यहां तैनाती दी थी, जिस पर अमित कुमार ने यहां पदभार भी ग्रहण कर लिया था। प्रदेश सरकार के इन आदेशों को इंजीनियर राहुल पुरी ने प्रदेश उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। जिस पर उच्च न्यायालय ने न सिर्फ इन तबादला आदेशों पर रोक लगा दी है, बल्कि प्रदेश सरकार से भी तीन सप्ताह के भीतर इस पर जवाब तलब किया है। इससे पहले भी प्रदेश उच्च न्यायालय डीओ नोट पर किए गए कई तबादलों को निरस्त कर चुका है।

विद्युत मंडल गगरेट में 455 स्वीकृत पद हैं। इनमें से विभिन्न श्रेणियों के 244 पद रिक्त चल रहे हैं। बावजूद इसके विद्युत मंडल गगरेट प्रति माह तीस से 35 करोड़ रुपए का राजस्व एकत्रित कर रहा है। ऐसे में अधिशाषी अभियंता का तबादला कर देना हर किसी की समझ से परे था। लोगों में इस बात को लेकर भी रोष था कि विद्युत मंडल गगरेट में रिक्त चल रहे पदों को भरने के स्थान पर प्रदेश सरकार आखिर बेहतर कार्य कर रहे अधिकारियों के तबादले में क्यों ज्यादा दिलचस्पी दिखा रही है। अब प्रदेश सरकार द्वारा जवाब दायर करने के बाद ही इस मामले में अगली सुनवाई होगी।

## डीसी ने माता चिंतपूर्णी में टेका माथा



अंब। जिलाधीश राघव शर्मा का तबादला होने के बाद ऊना के नए जिलाधीश जतिन लाल ने शुक्रवार को चिंतापूर्णी के दरबार पहुंचकर मां की पावन पिंडी के दर्शन किए। इस मौके पर प्रशासन के तमाम अधिकारियों और मंदिर अधिकारी द्वारा उनका स्वागत किया गया। जतिन लाल ने मुख्य बैरियर से लेकर मंदिर भवन तक पैदल चलकर बाजार का निरीक्षण किया और चिंतपूर्णी पहुंचकर मां के पावन पिंडी स्वरूप के दर्शन करके हवन किया। इसके बाद उन्होंने अधिकारियों के साथ प्रशासन द्वारा की यात्रियों के लिए की जा रही व्यवस्था व विकास कार्यों को लेकर एक समीक्षा बैठक की।

## वार्षिक उत्सव में विधायक बबलू ने सूरी स्कूल में नवाजे बच्चे

# स्टूडेंट्स की नाटी, भांगड़ा और गिद्दा ने मोहा सबका मन



कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू को सम्मानित करता स्कूल का स्टाफ।

**अनंत ज्ञान, अंब**

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल सूरी में शुक्रवार को वार्षिक उत्सव मनाया गया। इस दौरान स्टूडेंट्स ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर पंडाल में बैठे अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने पढ़ाई के अलावा खेलों और स्कूल की अन्य गतिविधियों में मेधावी रहे स्टूडेंट्स को सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षा उपनिदेशक ऊना दवेंद्र चंदेल भी विशेषरूप से उपस्थित रहे। विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने स्टूडेंट्स को संबोधित भी किया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वहीं पहाड़ी नाटी, भांगड़ा और स्टूडेंट्स की गिद्दा की प्रस्तुति को देखकर पंडाल में बैठे अभिभावकों में एक अलग ही उत्साह नजर आया।

विधायक बबलू ने बच्चों को 11 हजार प्रोत्साहन राशि, प्राथमिक स्कूल सूरी में पानी की टंकी को एक लाख रुपए, हैंडपंप में मोटर के लिए एक लाख के साथ-साथ सूरी में निर्मित चैकडेम को खेतों की सिंचाई के लिए जल्द शुरू करवाने का आश्वासन दिया।

### कार्यक्रम में ये लोग रहे उपस्थित

**इस** मौके पर स्कूल प्रधानाचार्य अशोक कुमार, ब्लाक कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष सुदर्शन ठाकुर, बीस सूत्री कार्यक्रम समिति के सदस्य गुरदयाल सिंह, मंजीत भाटिया, यूथ कांग्रेस चिंतपूर्णी के उपाध्यक्ष राहुल सुर्याल, रजत पदक विजेता पैरा एथलीट सुनील कुमार, एसएमसी प्रधान मोनिका चोपड़ा, उपप्रधान बेरियां रुस्ताक मुहम्मद, प्रधान पोलियां मंजू वाला, एक्स सूबेदार कंवर सिंह व अवतार सिंह, पूर्व प्रधान सूरी सुरेंद्र सिंह व रण सिंह, प्रधान रिपोह निशा शर्मा, प्रधान लखदाता पीर कमेटी चैन सिंह, भगवान दास, शेर सिंह सहित विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्यों सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## नकारा कांग्रेसी अनुराग ठाकुर से मांग रहे हिसाब : अजय



**बंगाणा।** भारत सरकार में सूचना प्रसारण एवं युवा खेल सेवाओं के मंत्री एवं देश के लोकप्रिय नेता अनुराग सिंह ठाकुर को पांचवीं बार जिताने के लिए हमीरपुर लोकसभा का हर मतदाता उत्सुक है। इस बार अनुराग सिंह ठाकुर रिकॉर्ड मार्जन से जीतकर नया इतिहास बनाएंगे। ये शब्द राज्य ह्यूमन राइट विंग के अध्यक्ष एवं जिला ऊना भाजयुमो सचिव अजय ठाकुर ने जारी बयान में कहे।

## तहसीलदार शिखा पटियाल व नायब तहसीलदार प्रकाश चंद को किया सम्मानित



**गगरेट।** तहसील कार्यालय घनारी में तैनात तहसीलदार शिखा पटियाल व उपतहसील कार्यालय कलोह स्थित गगरेट में कार्यरत नायब तहसीलदार प्रकाश चंद का यहां से तबादला हो जाने पर शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश ग्रामीण राजस्व अधिकारी एवं कानूनगो संघ गगरेट इकाई ने इन अधिकारियों से सम्मान में विदाई पार्टी का आयोजन किया। इसमें एसडीएम गगरेट शशि पाल शर्मा ने भी शिरकत की। समारोह में दोनों अधिकारियों द्वारा यहां दी गई सराहनीय सेवाओं को सराहा गया और उन्हें टोपी, शाल व स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया गया।

**जिम्मेदारी** जतिन लाल ने संभाला उपायुक्त ऊना का कार्यभार, इससे पहले कौशल विकास निगम शिमला में थे प्रबंध निदेश

# युवाओं को नशे से दूर रखने पर रहेगा फोकस : डीसी

**राजेश शर्मा, ऊना**

**वर्ष** 2016 बैच के आईएएस अधिकारी जतिन लाल ने शुक्रवार को उपायुक्त ऊना का कार्यभार संभाल लिया। इससे पहले जतिन लाल कौशल विकास निगम शिमला में प्रबंध निदेशक के पद कार्यरत थे। कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व उन्होंने माता श्री चिंतपूर्णी में माथा भी टेका।

उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं, नीतियों व कार्यक्रमों को पारदर्शी तरीके से लागू करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जिला ऊना इंस्डट्री के लिए जाना जाता है, तो उनका मुख्य उद्देश्य रहेगा कि ज्यादा से ज्यादा उद्योगों को बढ़ावा दिया जाए, ताकि यहां के युवाओं को रोजगार के साधन उपलब्ध हो सके। इसके साथ-साथ जिला में बुनियादी ढांचे को भी विकसित किया जाए, ताकि जिला की परियाजनाओं को समयावधि में पूर्ण किया जा सके और युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सके।

जतिन लाल ने कहा कि उनका मुख्य फोकस युवाओं को नशे से दूर रखकर उन्हें खेलों, विभिन्न प्रतियोगिताओं व जिला की संस्कृति को बढ़ावा देना रहेगा ताकि युवा अपने आपको खेलों के माध्यम से फिट रख सके। इसके अलावा उनका लक्ष्य जिला के बच्चों को जेईई व यूपीएस प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए ज्यादा से ज्यादा प्रोत्साहित करना है ताकि उन्हें एक अच्छा प्लेटफॉर्म मिल सके तथा जिला, प्रदेश व देश का नाम रोशन कर सके। उन्होंने कहा कि जिला के बच्चों को पोषण के प्रति जागरूक व पर्याप्त संतुलित आहार, लिंगानुपात में सुधार व महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा दिया जाएगा।

इसके अतिरिक्त जतिन लाल ने कहा कि जिला ऊना के उत्तर भारत के प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में श्रद्धालुओं को बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करवाना और मंदिर न्यास को धार्मिक पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित करना भी मुख्य लक्ष्य रहेगा।

उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि जिला ऊना की जनता के लिए हमेशा जनसेवक के रूप में कार्य करूंगा तथा सातों दिन चौबीसों घंटे जिला के जनता की सेवा के लिए तत्पर रहेंगे। (अनंत ज्ञान)

### जानें अपने नए उपायुक्त के बारे में



**जैसा** उनकी सोशल मीडिया तथा अन्य मंच पर जानकारी के मुताबिक मोती नगर दिल्ली में नरेश कुमार लाल व कमलेश लाल के घर जन्मे जतिन लाल की प्रारंभिक शिक्षा मायापुरी दिल्ली स्थित न्यू इरा पब्लिक स्कूल से ग्रहण की। बीटेक की डिग्री उन्होंने इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी से प्राप्त की है। उन्होंने छह माह कॉल सेंटर में भी कार्य किया है। कॉल सेंटर में नौकरी के साथ-साथ पढ़ना भी शुरू कर दिया। पीएसयू में चयन हुआ और मिनिस्ट्री ऑफ इंडिया ब्रॉडकास्टिंग के तहत ब्रॉडकास्ट इंजीनियर कंसल्टेंट की नौकरी कर ली। चार साल नौकरी के दौरान सिविल सर्विस के बारे में पता चला, तो सिविल सर्विसेज का टेस्ट दिया और आफिस से भी रिजाइन दे दिया। यह सब उनके जीवन में जल्दबाजी में हुआ। रेलवे की परीक्षा जतिन लाल ने दी, जिसे उत्तीर्ण भी कर लिया और सर्विस भी मिल गई। तब परिवारवालों को भी भरोसा हो गया, लेकिन जतिन लाल ने सर्विस ज्वाइन नहीं की। इंडियन एडमिनिस्ट्रेशन सर्विस क्लीयर किया। उसके बाद मंसूरी में एक साल ट्रेनिंग हुई। बीडीओ और एसडीएम के बाद मंडी एडीसी का कार्यभार देखा। दिल्ली में तीन माह की ट्रेनिंग के दौरान अटैचमेंट असिस्टेंट सेक्रेटरी मिनिस्ट्री ऑफ स्पोर्ट्स में भी काम किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### बाबा बाल ने भजनों से किया श्रद्धालुओं को निहाल, ज्ञानानंद ने सुनाया महाभारत



**ऊना।** स्थानीय बाबा बाल आश्रम कोटला में चल रहे वार्षिक धार्मिक समारोह में दूसरे दिन शुक्रवार को बाबा बाल जी ने श्रद्धालुओं को अपने भजनों से निहाल किया। इसके बाद कथा वाचक ज्ञानानंद महाराज ने महाभारत का प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि गुरु और शिष्य की परंपरा का जो निरादर करता है उसका हश्र कौरवों जैसा होता है। दुर्योधन अधर्मी, जिद्दी और मूर्ख भी था। वह गांधारी और धृतराष्ट्र का पुत्र एवं कर्ण का मित्र था, परंतु वह अधिकतर बातें अपने मामा शकुनि की ही मानता था। दुर्योधन की जिद, अहंकार और लालच ने लोगों को यद्ध की आग में झोंक दिया था इसलिए दुर्योधन को महाभारत का खलनायक कहा जाता है। दुर्योधन अगर अपने गुरु के बताए गए मार्ग का अनुसरण करता तो शायद इतिहास कुछ और होता। इसलिए स्वार्थ के लिए अधर्म करने वाला व्यक्ति कभी मोक्ष प्राप्त नहीं करता।

### 10 से 25 फरवरी तक गगरेट-होशियारपुर एनएच पर रहेगा वन-वे ट्रैफिक

**ऊना।** जिला दंडाधिकारी राघव शर्मा ने आदेश जारी करते हुए बताया कि सीवरेज के कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए 10 से 25 फरवरी तक गगरेट-होशियारपुर एनएच का आधा भाग यातायात के लिए बंद रहेगा। उन्होंने बताया कि एनएच गगरेट-होशियारपुर रोड पर सीवरेज का कार्य दो स्थानों पर किया जाएगा, जिसमें लोक निर्माण विभाग रेस्ट हाऊस गगरेट पर नजदीक आरडी 65/300 और एचडीएफसी बैंक गगरेट के नजदीक आरडी/300 शामिल हैं। राघव शर्मा ने कहा कि इन दोनों स्थानों पर सीवरेज का कार्य करने के लिए एनएच को वन-वे यातायात के लिए प्रयोग किया जाएगा। उन्होंने बताया यह आदेश सीवरेज निर्माण कार्य को सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के लिए जारी किए हैं।

### स्वास्थ्य उपकेंद्र रामपुर के पुराने भवन की नीलामी 15 फरवरी को सुबह 11 बजे से

**ऊना।** जिला के स्वास्थ्य उपकेंद्र रामपुर के पुराने भवन, जिसमें केवल भवन सामग्री शामिल है, की नीलामी 15 फरवरी को प्रातः 11 बजे प्रस्तावित है। इस संबंध में जानकारी देते हुए खंड चिकित्सा अधिकारी बसदेहड़ा डॉ. रामपाल शर्मा ने बताया कि नीलामी से पूर्व बोलीदाता को 10 हजार रुपए सिक्योरिटी राशि के रूप में जमा करवाने होंगे। उन्होंने बताया कि बोलीदाता को भवन सामग्री का निपटारा 10 दिन के अंदर करना होगा तथा भूमि समतल करनी होगी। इसके अतिरिक्त चारदीवारी की बोली अलग से की जाएगी।

### जिला ऊना निजी बस ऑपरेटर वेलफेयर सोसायटी की कार्यकारिणी घोषित



निजी बस ऑपरेटर वेलफेयर सोसायटी के प्रधान महिंद्र मनकोटिया मोनू के साथ कार्यकारिणी के सदस्य।

**ऊना।** जिला ऊना निजी बस ऑपरेटर वेलफेयर सोसाइटी के प्रधान महिंद्र मनकोटिया मोनू ने शुक्रवार को अपने जिला निजी बस ऑपरेटर वेलफेयर सोसायटी की कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। कार्यकारिणी में जिला निजी बस ऑपरेटर वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष पवन ठाकुर, राजेश पराशर राजू और केवल कृष्ण शर्मा मुख्य सलाहकार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुकेश ठाकुर, महासचिव दिनेश कुमार सैनी, उपाध्यक्ष महेंद्र ढिल्लों, जगमोहन जैसवाल, विनोद ठाकुर, संजीव रायजादा, मनीष मनकोटिया, पंकज दत्ता, संजीव शर्मा संजू और संयुक्त सचिव राम प्रकाश शर्मा, सचिव रविंद्र कुमार रिंकू, खजांची रविंद्र कुमार ऋषि, मुख्य प्रवक्ता विशाल ठाकुर बब्बू प्रधान व सह प्रवक्ता संजीव ठाकुर संजू और संदीप शर्मा, कानूनी सलाहकार विनोद परमार और विजय जैसवाल और कार्यकारी सदस्यों में दवेंद्र सिंह, सुरेंद्र शर्मा, राजेंद्र सिंह, शशि शर्मा, विचित्र सिंह, राजकुमार, हरिओम वशिष्ठ, गुरनाम मनकोटिया, वरिंद्र मांड्याल, हेमराज शर्मा, अमन शर्मा को शामिल किया गया है।

### बंगाणा कॉलेज में शिक्षित युवा एवं आत्मनिर्भर भारत थीम के तहत एनएसएस शिविर शुरू



सात दिवसीय शिविर के शुभारंभ अवसर पर स्टूडेंट्स और कॉलेज का स्टाफ।

**बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा एनएसएस इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार व विशिष्ठ अतिथि पीटीए प्रधान सूरम सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर एनएसएस के प्रोग्राम ऑफिसर प्रो. सिकंदर नेगी ने कहा कि यह शिविर दो से आठ फरवरी तक शिक्षित युवा एवं आत्मनिर्भर भारत' थीम के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर पीटीए प्रधान सूरम सिंह, प्रो. कमलेश महाजन, एनएसएस कैप्टन विशाल सोनी, एनएसएस कैप्टन सपना, हैडबॉय तीक्ष्ण आर्य और हैडगर्ल सबिता आदि मौजूद रहे।

### एक वर्ष के कार्यकाल में कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने किए नए आयाम स्थापित

**बंगाणा।** कुटलैहड़ के कांग्रेस के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो किसी पहचान के मोहताज नहीं है। विधायक बनने से पूर्व भी भुट्टो निस्वार्थ कुटलैहड़ की जनता की सेवा करते आए हैं। अगर बीते 25 वर्षों के इतिहास को देखा जाए, तो भुट्टो बिना किसी लालच के कुटलैहड़ की जनता की सेवा करते आए हैं। अब विधायक बनने के बाद भुट्टो उसी सरलता स्वभाव से कुटलैहड़ की जनता की सेवा कर रहे हैं। भुट्टो की खास बात विधायक बनने के बाद यह है कि कुटलैहड़ की जनता की जो भी समस्या चाहे सड़क, रास्तों की हो या फिर आर्थिक सहायता की। एक तरफ आप अपनी समस्या पत्र विधायक भुट्टो को प्रदान करो और दस दिनों के भीतर आपकी समस्या चाहे बंगाणा प्रशासन हल करे या फिर सीएम राहत कोष से आर्थिक सहायता आनी हो। चाहे विधायक ने अपनी निजी आय या जेब से जनता की सहायता करनी हो। यही चर्चे आज कुटलैहड़ की जनता में विधायक देवेंद्र भुट्टो के हो रहे हैं। अगर विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो के एक वर्ष के कार्यकाल पर नजर दौड़ाई जाए, तो विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने अपने 14 माह के कार्यकाल में कुटलैहड़ के सभी सरकारी स्कूलों के लिए जो भी घोषणाएं की थी। वह सारी पूर्ण हुई हैं।

### अंब में एक्सिस बैंक की शाखा खुली

**अंब।** ऊना रोड अंब में एक्सिस बैंक की शाखा खुल गई है। निजी क्षेत्र में यह शाखा ऊना रोड पर कुठेड़ा खैरला पंचायत क्षेत्र में पड़ती है। शाखा प्रबंधक निखिल शर्मा ने बताया कि लोगों की इस क्षेत्र में निजी क्षेत्र के बैंक खोले जाने की जरुरत महसूस की थी। इस जरूरत को पूरा करने के उद्देश्य से यह बैंक शाखा खोली गई है। इस शाखा में लोगों को बैंक संबंधी हर सुविधा दी जा रही है।

### कलाकारों ने दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

**ऊना।** सूचना एवं जन संपर्क विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष प्रचार अभियान के तहत विभागीय सूचीबद्ध सांस्कृतिक दल पूर्वी कलामंच जलग्रां टब्बा ने झूडोवाल व खानपुर तथा आरके कलामंच चिंतपूर्णी ने ज्वाल व धर्मशाला महंतां खास में लोक संगीत व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को राज्य सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और पात्र लोगों को इन योजनाओं का लाभ लेने का आहवान किया। फोक मीडिया दलों के कलाकारों ने राजीव गांधी स्वरोज़गार स्टार्ट-अप योजना बारे जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सरकार ने प्रदेश के युवाओं के लिए 680 करोड़ रूपये से इस योजना के प्रथम चरण के तहत ई-टैक्सी योजना का शुभारम्भ किया है, ई-टैक्सी की खरीद पर 50 प्रतिशत सब्सिड़ी का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि इंदिरा गांधी बालिका सुरक्षा योजना के तहत एक बेटी के बाद परिवार नियोजना अपनाने पर प्रोत्साहन राशि 35 हज़ार रूपये से बढ़ाकर 2 लाख रूपये तथा दो बेटियों के बाद 25 हज़ार रूपये से बढ़ाकर एक लाख रूपये किया है। इस अवसर समस्त पंचायतों के प्रतिनिधियों सहित स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहें।

### वर्धमान इस्पात उद्योग बाथड़ी में मॉक ड्रिल आयोजित

**ऊना।** एसडीआरएफ एवं 14 वीं बटालियन एनडीआरएफ के सहयोग से शुक्रवार को दोपहर 12 बजे हरोली उपमंडल तहत बाथड़ी स्थित वर्धमान इस्पात उद्योग परिसर में आपदा प्रबंधन के विषय में एक मॉक ड्रिल आयोजित की गई। मॉक ड्रिल में आगजनी के साथ-साथ अन्य औद्योगिक आपदाओं की स्थिति को दर्शाते हुए राहत व बचाव कार्यों बारे व्यवहारिक अभ्यास किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकारण के सीइओ महेंद्र पाल गुर्जर ने कहा कि इस मॉक ड्रिल का मुख्य लक्ष्य और उद्देश्य औद्योगिक आपदा प्रबंधन के सम्बन्ध में जिले की आपातकालीन प्रतिक्रिया और मानक संचालन प्रक्रियाओं की समीक्षा करना तथा जिला स्तर पर विभिन्न विभागों के आपातकालीन सहायता कार्यों के बीच समन्वय को बढ़ाना, उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को उजागर करना था । इस अवसर पर मॉक ड्रिल में एनडीआरएफ के इंस्पेक्टर नफीस खान, हिप्र एसडीआरएफ के सब इंस्पेक्टर एसके ठाकुर, अग्निशमन अधिकारी नितिन धीमान, उद्योग विभाग के सहायक निदेशक सुरेंद्र नेगी, डीडीएमए से धीरज कुमार, वर्धमान इस्पात उद्योग बाथड़ी के प्रबंधको व श्रमिकों के अलावा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, पुलिस, अग्निशमन तथा हिमाचल होम गार्ड्स की 12 वीं बटालियन ऊना सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

### बंगाणा में भाजपा किसान मोर्चा की बैठक संपन्न



**बंगाणा।** कुटलैहड़ भाजपा किसान मोर्चा की बैठक मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा की अध्यक्षता में होटल रजत में संपन्न हुई। बैठक में राज्य भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता मदन राणा ने वरिष्ठ अथिति के रूप में शिरकत की। वहीं कार्यक्रम में चलो गांव की ओर कार्यक्रम के जिला के संयोजक बलराम बबलू एवं कुटलैहड़ के संयोजक सुभाष चंद भी मौजूद रहे। बैठक में भाजपा किसान मोर्चा द्वारा चलो गांव की ओर कार्यक्रम को अमलीजामा देने और सफल बनाने पर बल दिया गया। बैठक में कुटलैहड़ भाजपा बूथ के सभी अध्यक्ष एवं प्रभारी भी मौजूद रहे। भाजपा मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा ने सभी का बैठक में आने पीआर स्वागत किया और राज्य सरकार की नाकामियों को लेकर जमकर हमला बोला। इस मौके पर महामंत्री मास्टर रमेश शर्मा मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र रिंकू,राज कुमार प्रधान विजय शर्मा,देवराज राणा,राकेश कुमार के अलावा कई गणमान्य एवम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हर व्यक्ति को शांति अपने अंदर ही खोजनी पड़ती है। यह शांति बाहरी परिस्थितियों पर निर्भर नहीं होनी चाहिए। - अज्ञात



# सीतारमण के बजट में भविष्य की मजबूत नींव रखने की कोशिश

**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण के अंतरिम बजट में रोटी, कपड़ा और मकान के साथ सेहत और शिक्षा का विशेष रूप से ध्यान रखा है। बजट में भविष्य की मजबूत नींव रखने की कोशिश की है। सरकार ने आगामी वित्तीय वर्ष में बुनियादी ढांचे के खर्च को ग्यारह फीसदी तक बढ़ाने की योजना बनाई है, साथ ही राजकोषीय घाटे को भी काबू में रखा है। सरकार बढ़ते टैक्स कलेक्शन से उत्साहित दिखी। सरकार का लक्ष्य अगले वित्तीय वर्ष में बजट घाटे को कम करके पांच फीसदी तक लाना है। सीतारमण ने किसान, युवा, महिला और गरीबों को मदद का वादा किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन्हें चार जातियां बताते रहे हैं। बजट का आमजन से सीधा सरोकार होता है। बजट को देख यह संकेत मिल रहे हैं कि अब हर आम आदमी का घर का सपना पूरा हो जाएगा। सरकार मध्यम वर्ग के व्यक्तियों को अपना घर खरीदने या निर्माण कराने के लिए हाउसिंग फॉर मिडिल क्लास स्कीम लांच करेगी। इसके जरिए मध्यम वर्ग को घर खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का दायरा बढ़ाने की बात बजट में की है। सरकार इस स्कीम के तहत तीन करोड़ घरों के अपने लक्ष्य को पाने के करीब है। अगले पांच सालों के लिए दो करोड़ घरों का अतिरिक्त लक्ष्य तय किया है। आंगनबाड़ी को बढ़ावा देने पर फोकस किया है। सरकार सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण कार्यक्रमों में तेजी लाने का इरादा रखती है। इनके जरिए कुपोषण, प्रारंभिक बचपन देखभाल और विकास को बढ़ावा दिया जाएगा। सर्वाइकल कैंसर वैक्सीनेशन पर भी बड़ा प्लान तैयार किया है। नौ वर्ष से लेकर चौदह साल की लड़कियों के लिए सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण को बढ़ावा दिया जाएगा। आयुष्मान भारत का विस्तार होगा, जिसमें सभी आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को शामिल किया जाएगा। बकाया टैक्स डिमांड पर राहत दी गई है। सरकार के इस कदम से एक करोड़ टैक्स पेयर्स को फायदा होगा। मुफ्त बिजली की बड़ी योजना भी बनाई है। सरकार एक करोड़ घरों को छत पर सोलर रूफटॉप पैनल लगाने में सक्षम बनाएगी। इसके जरिए हर महीने तीन सौ यूनिट तक मुफ्त बिजली देने का लक्ष्य है। आंगनबाड़ी को फास्ट ट्रैक करने की तैयारी भी सरकार ने की है। उड़ान स्कीम के तहत हवाई अड्डों का नेटवर्क बढ़ाने पर जोर दिया है। पीएम गति शक्ति पर भी विशेष तौर पर फोकस किया गया है। केंद्र सरकार लॉजिस्टिक्स दक्षता बढ़ाने और लागत कम करने के लिए पीएम गति शक्ति के तहत तीन प्रमुख रेलवे कॉरिडोर कार्यक्रमों का कार्यान्वयन करेगी। युवा वोटर्स के लिए सरकार ने समग्र शिक्षा योजना के तहत साढ़े सैंतीस हजार करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। किसानों की बात करें तो खाद पर मिलने वाली सब्सिडी घटा दी गई है। आंगनबाड़ी वर्कर के बजट में भी कटौती की गई है। उन्होंने बजट में आम आदमी को राहत देने वाली कई घोषणाएं की हैं। टैक्स की दरों में भले ही कोई बदलाव नहीं किया है, लेकिन पच्चीस हजार रुपए तक की टैक्स डिमांड को वापस ले लिया है। इसी तरह जिला अस्पतालों में मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा की है। कुल मिलाकर यह बजट विकास को बढ़ावा देने वाला है।

# दशकों बाद देश के बजट में रक्षा क्षेत्र के साथ हुआ न्याय


आरके सिन्हा
(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)



**भारत** ने एक बार फिर शत्रुओं को साफ संकेत और सख्त संदेश दिया है कि वह अपनी सरहदों की निगहबानी करने में कभी भी पीछे नहीं रहेगा। भारत अपने रक्षा क्षेत्र को निरंतर मजबूत करता रहेगा। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा चुनाव से पहले वीरवार को मोदी सरकार के अंतरिम बजट को देश के सामने रखा। उन्होंने बजट प्रस्तावों में रक्षा क्षेत्र के लिए पिछले वित्त साल की तुलना में 11.1 फीसद अधिक धन की व्यवस्था की। यह राशि देश के जीडीपी के कुल 3.4 फीसद होगी। यह एक स्पष्ट और सख्त संदेश है कि चीन और पाकिस्तान जैसे दो घोषित शत्रुओं के साथ भारत कभी भी अपनी सीमाओं की रखवाली करने में कमजोर रहने वाला नहीं है। यह दोनों ही देश घनघोर रूप से धूर्त हैं। इनसे भारत कई बार जंग भी कर चुका है। अगर एक 1962 की जंग को छोड़ दिया जाए तो भारत ने हरेक बार इन्हें करारा जवाब भी दिया है।

1962 की जंग को हुए तो अब छह दशकों का लंबा वक्त हो गया है, उसके बाद चीन ने हमारी सीमाओं के अतिक्रमण करने की जब-जब कोशिश की तो उसे कसकर मार पड़ी। बुद्ध, महावीर और गांधी का भारत अपने पड़ोसियों से सौहार्दपूर्वक संबंध रखना जरूर चाहता है। वह अपने पड़ोसियों की क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान भी करता है। इतिहास साक्षी है कि भारत ने किसी देश में जाकर कभी भी हमला नहीं किया है, पर भारत भी अब किसी की धौंस में आने वाला नहीं है। इस बीच, रक्षा क्षेत्र को लेकर सबसे अच्छी बात यह हो रही है कि भारत रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने का संकल्प ले चुका है। नरेंद्र मोदी के केंद्र सरकार पर 2014 में सत्तासीन होने के बाद सरकार की कोशिश रही है कि हम अपनी रक्षा जरूरतों का उत्पादन खुद करें।

भारत सरकार की 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के अनुरूप और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में कई नीतिगत पहल की हैं और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) और स्टार्टअप सहित भारतीय उद्योग द्वारा रक्षा उपकरणों के स्वदेशी डिजाइन, विकास और निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए सुधार लाए हैं, जिससे आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला है। एक सुखद बात यह भी है कि टाटा, लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा और जिंदल जैसे मशहूर उद्योग समूह रक्षा उत्पादन में निवेश कर रहे हैं। टाटा समूह रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में लंबी छलांग लगाने की तैयार कर चुका है। टाटा मोटर्स, टाटा पावर और टाटा एडवांस्ड मैटीरियल्स रक्षा उत्पादन के काम में खासतौर पर बहुत एक्टिव हैं। भारत के सालाना लगभग दो लाख करोड़ के रक्षा बाजार में कब्जा करने में टाटा समूह एक बड़े प्लेयर के रूप में उभर रहा है।

भारत को दुश्मनों से पूरी तरह से सुरक्षित रखने के लिए रक्षा क्षेत्र में हर हालत में एक स्तर तक तो आत्मनिर्भर होना ही होगा। इस लिहाज से देश के निजी के ऊपर बहुत बड़ी जिम्मेदारी आ जाती है। दरअसल स्टॉकहोम इंटरनेशनल ने अपनी एक हालिया रिपोर्ट में बताया है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश है।

रिपोर्ट के अनुसार, साल 2013-17 और 2018-22 के बीच भारत की हथियार खरीद में 11 प्रतिशत की कमी आई है, बावजूद इसके भारत हथियारों का सबसे बड़ा खरीददार देश बना हुआ है। बीते पांच सालों में दुनिया में जितने हथियार खरीदे गए, उनमें से 11 प्रतिशत अकेले भारत ने खरीदे। सऊदी अरब (9.6 फीसदी) खरीद के साथ दूसरे स्थान पर है। वहीं, इनके बाद कतर (6.4 प्रतिशत), ऑस्ट्रेलिया (4.7 प्रतिशत) और चीन (4.7 प्रतिशत) का नंबर आता है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियारों का निर्यातक इसलिए बना क्योंकि वह चीन और पाकिस्तान जैसे देशों का पड़ोसी है।

चीन और पाकिस्तान को भारत का विकास कभी भी रास नहीं आता। यह दोनों मुल्क भारत को किसी न किसी तरह से क्षति पहुंचाने की फिराक में रहते हैं। इसलिए भारत के पास अपने रक्षा बजट को लगातार बढ़ाने के अलावा कोई चारा नहीं बचता। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस सोच के चलते ही अपने अंतरिम बजट में रक्षा क्षेत्र को दिल खोलकर धन दिया। कमजोर को तो दुनिया जीने का भी अधिकार देने के लिए राजी नहीं है। कहा गया है कि 'क्षमा शोभती उस भुजंग को जिसके पास गरल हो। उसको क्या जो दंतहीन, विषहीन, विनीत, सरल हो।'

भारत की तरफ से पूरे विश्व को यह संदेश जाते रहना चाहिए कि हम रक्षा क्षेत्र को मजबूत करते हुए अपने अन्य क्षेत्रों की भी अनदेखी नहीं करेंगे। यह भी गौरतलब है कि भारत रक्षा निर्यात के क्षेत्र में एक बड़ी ताकत बनने जा रहा है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक पिछले नौ साल में देश में रक्षा निर्यात में 23 गुना की बढ़ोतरी हुई है। फिलहाल 100 से अधिक कंपनियों के जरिए देश में रक्षा क्षेत्र से जुड़ा सामान का उत्पादन हो रहा है। इन्हें 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत बनाया जा रहा है। देश रक्षा क्षेत्र में न केवल आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है, बल्कि दूसरे देशों को भी निर्यात कर रहा है। विगत वित्त साल भारत ने 16 हजार करोड़ रुपए का निर्यात किया है, जिसमें सैन्य हार्डवेयर यानी गोला-बारूद और हथियार शामिल हैं। यह पिछले साल से करीबन तीन हजार करोड़ रुपए अधिक है और पिछले नौ वर्षों में सबसे अधिक और 2014 से 23 गुना है।

अब जानेंगे कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट 2024 क्यों पेश किया? इससे पहले केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने वर्ष 2019 में अंतरिम बजट पेश किया था, तो अंतरिम बजट क्या है और इसे 2024 में पूर्ण बजट के बजाय क्यों पेश किया जा रहा है। अंतरिम बजट क्या होता है? दरअसल जिस साल देश में लोकसभा चुनाव होने होते हैं, उस वर्ष के दौरान मौजूदा सरकार पूर्ण बजट पेश नहीं कर सकती है। इसी वजह से वित्तमंत्री अंतरिम बजट पेश करते हैं जो अल्पकाल के लिए सरकार के खर्चों और राजस्व की रूपरेखा तय करते हैं। अंतरिम बजट तब तक के लिए होता है, जब तक देश में नई सरकार चुनी नहीं जाती। यह तो मानकर चलिए, जब देश का पूर्ण बजट पेश होगा, तब भी रक्षा क्षेत्र के साथ न्याय ही होगा।

नजरिया

# बजट में भारत की दशा और दिशा सुधरी हुई दिखाई देती है


सुरेश हिंदुस्तानी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

**केंद्र** सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल का अंतरिम बजट प्रस्तुत कर दिया है। इस बजट में हालांकि कोई व्यापक परिवर्तन नहीं किया है, लेकिन जिस प्रकार पिछले बजट के कारण भारत की दशा और दिशा सुधरी हुई दिखाई देती है, वैसी ही राह का अनुसरण इस बार के बजट में किया गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले बजटों के माध्यम से भारत ने अर्थव्यवस्था के मामले में नए कीर्तिमान बनाते हुए एक वैश्विक आयाम स्थापित किया है। इसकी चर्चा पूरे देश में तो है ही, साथ विश्व के अनेक देश भारत के इन आर्थिक कदमों की प्रशंसा कर रहे हैं। इस बजट में केंद्र सरकार ने उन बातों पर पुन: फोकस किया, जो भारत की गरीब जनता के लिए प्रगति का द्वार खोलती है।

केंद्र सरकार भारत की जनता को जातियों के आधार पर नहीं देखती। उसकी नजर में देश में केवल चार ही जातियां हैं, जिसमें किसान, युवा, महिला एवं गरीब ही आते हैं। यह किसी भी जाति का क्यों न हो, इसके लिए इस बजट में भी ध्यान रखा गया है। वास्तव में जिस देश में यह चार वर्ग सशक्त हो जाएं तो उस देश को प्रगति की राह पर जाने से कोई नहीं रोक सकता। मोदी सरकार के कार्यकाल में भारत ने विकास के रास्ते पर दौड़ लगाई है। इस देश में अब तक करोड़ों वास्तविक गरीबों को आवास मिला है। इसके पूर्व सरकारी सुविधा से निर्मित आवासों में बंदरबांट होता रहा है। केंद्र की मोदी सरकार ने इसमें पारदर्शी तरीके से कार्य करते हुए उन्हीं गरीबों को आवास उपलब्ध कराए, जिनको वास्तव में जरूरत थी। यह आवास हर वर्ग को उपलब्ध कराए, फिर चाहे वह हिन्दू हो अथवा मुसलमान। आज भारत की जो मजबूत छवि विश्व के देशों में दिखाई दे रही है, वह वर्तमान केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण ही संभव हो सका है। भारत फिर से उसी राह पर उसी राह पर मजबूती के साथ कदम बढ़ा रहा है, जो विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए कहा सकता है। यही कदम भारत को विश्व गुरु के सिंहासन पर आसीन करने वाला होगा।

## अंदाज-ए-बयां

मेरा जमाना

*मुझे वे पगडंडियों*
*अब दिखती नहीं*
*जिन पर मैं चला*
*करता था।*
*मुझे वो आम के बाग*
*अब नहीं मिलते*
*जिन्हें देख नन्हे फूल*
*मचलते थे।*
*मुझे वे नदियां*
*अब नहीं मिलतीं*
*जिनमें बाल गोपाल नहाया*
*करते थे।*
*मुझे वो सुकून की नींद*
*अब नहीं मिलती*
*जो मां की गोद में*
*आया करती थी।*


डॉ.राजीव डोगरा
(युवा कवि व लेखक)
पता-गांव जनयानकड़
पिन कोड -176038
कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश

# सिंथेटिक ड्रग्स की तलब के शौकीन युवा वर्ग को उपहार में मिल रहा एचआईवी


लेखक : ठाकुर तारा
समाजशास्त्री, सुंदरनगर
जिला मंडी

**हिमाचल प्रदेश** का युवा वर्ग आज इतनी कम उम्र में हताश और निराश नजर आ रहा है, जितना पहले कभी नहीं था। समाज ने जिस तरह से तीव्रगामी रूप से तरक्की की है, उसी तरह आज की युवा पीढ़ी तरह तरह से नए शौक अपनाकर निरंतर आगे बढ़ रही है। आज के युवा वर्ग की मानसिकता बदल चुकी है। इन्होंने नित नव प्रयोग अपने जीवन में करने शुरू कर दिए हैं। घर से ही माता-पिता अपने लाडलों को खुला मंच प्रदान कर रहे हैं व आज के वर्तमान समय में वह आधुनिकता को ध्यान में रख, उन्हें बदलते परिवेश के अनुसार चलने की ओर प्रेरित कर रहे हैं।

आज का समाज स्वच्छंद व पहले की अपेक्षा सुविधाजनक स्थिति में है। स्कूल, कॉलेज, विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों में युवा व युवतियां सह शिक्षा ग्रहण करने के साथ-साथ खूब एंजॉय कर जीवन को खुलकर जीना चाहते हैं। उनमें पहले की बजाय धैर्य की कमी है। यह कम समय में बहुत बड़ा मुकाम हासिल करना चाहते हैं। इस बड़ी चाहत ने ही उन्हें अंधा बना दिया है। मानसिक विकास के साथ-साथ इस उम्र में ही उनके अंदर अच्छी व बुरी आदतें विकसित होती हैं। आज पड़ोसी राज्य पंजाब के बाद देवभूमि हिमाचल में सिंथेटिक ड्रग्स ने अपने पांव बहुत तेजी से पसारे हैं। यह भी कहा गया है कि आज के समाज को अगर पूर्णतया बर्बाद करना है, तो उसकी युवा नस्ल को कुछ मत करो, सिर्फ नशे का आदी बना दो, वह खुद-ब-खुद अपने अस्तित्व को खत्म कर देगी।

पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के हालिया सर्वेक्षण व जांच परिणाम की रिपोर्ट चौंकाने वाली है। इस सर्वे के अनुसार देवभूमि के युवा जो महज 25 से 30 वर्ष की आयु के बीच के हैं, सामूहिक रूप से सिंथेटिक ड्रग्स से युक्त सिरिंज को भरकर साझा करने की वजह से इसमें से कुल 34 युवा एचआईवी जैसी घातक लाइलाज बीमारी से ग्रसित पाए गए हैं। यह देवभूमि और वीरभूमि के लिए शर्मनाक बात है। इसके साथ-साथ इन युवाओं के शरीर के वजन में 10 प्रतिशत तक की कमी आई है। साथ में बुखार, क्षयरोग, सांस लेने में तकलीफ जैसी बीमारियों के शिकार भी हुए हैं। यह लक्षण घातक हैं, जो आगे चलकर एचआईवी एवं यौन संचारी रोगों के वाहक के रूप में परिलक्षित होकर इन्हें उपहार में मिलने वाले हैं। युवा जोश, जवानी में अपने चरम पर होता है। हम किस तरह के समाज का निर्माण कर रहे हैं, जो आने वाले समय में बीमारू शक्ति क्षीणता की ओर उन्मुख हो रहा है। यह हिमाचल के लिए चिंताजनक विषय है।

बहुत से अभिभावकों को अपने बच्चों के सहयोगी समूह या मित्र मंडली के क्रियाकलापों के बारे में सतही जानकारी में अनभिज्ञता होती है। उन्हें जब बच्चे की नशे की आदत का पता चलता है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है, उस स्थिति में इनका पुनर्वास करना बहुत मुश्किल कार्य व चुनौती से परिपूर्ण होता है। हम सभी को अपने आसपास बढ़ते नशे की घटनाओं को छुपाने की बजाए खुलकर उसका विरोध करना चाहिए। ऐसे मामलों को प्रकाश में लाकर जागरूकता अभियान के माध्यम से शून्य सहिष्णुता की नीति के तहत पुलिस प्रशासन और अभिभावकों की मदद करनी चाहिए, तभी भविष्य में इसके सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।

# समय का महत्व समझें और अपनी महत्वकांक्षाएं पूरी करें


लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार

**समय के साथ नहीं चलोगे तो पिछड़ जाओगे। मानव को चाहिए कि समय के हर एक मिनट और सेकंड व घंटों का सही सदुपयोग करे। आज अच्छाई के लिए समय नहीं है, बुराई के लिए हर समय तैयार हैं। समय एक जैसा नहीं रहता, आज अच्छा है, कल का पता नहीं कैसा होगा। समय को पहचानो, तभी समय आपको एक अलग पहचान देगा।**

**समय** के महत्व को समझें और अपनी महत्वकाक्षांओं को पूरा करें क्योंकि समय एक अनमोल पूंजी है। समय के पाबंद बनें। समय रेत की तरह हर पल फिसल रहा है क्योंकि समय को बांधा नहीं जा सकता, यह अटल सत्य है। अगर समय के साथ नहीं चलोगे तो पिछड़ जाओगे। समय का प्रबंधन करें। समय को जिसने भी बरबाद किया, समय ने उसे भी बरबाद कर दिया।

समय किसी का इंतजार नहीं करता। समय का सदुपयोग करोगे तो सफलता हासिल करोगे, अगर समय का दुरुपयोग करोगे तो धराशायी हो जाओगे। समय की जिसने कदर की, समय ने उसे ऊंचाइयां दी हैं। मानव को चाहिए कि समय के हर एक मिनट और सेकंड व घंटों का सही सदुपयोग करे। जो समय के साथ निर्बाध गति से चला, समय ने उसे मंजिल तक पहुंचाया है। समय बहुत ही बलवान है, वक्त के थपेड़ों से कोई नहीं बच पाया है। समयसारिणी बनाएं और हर पल का फायदा उठाएं। समय का सदुपयोग करें और अपने जीवन को खुशहाल बनाएं। आज लोग मोबाइल फोन पर समय बरबाद कर रहे हैं। चौबीसों घंटे सोशल मीडिया पर व्यस्त रहते हैं। एक-एक मिनट की कीमत पहचानो। एक धावक एक सेकंड खो देता है, तो वह गोल्ड मेडल से वंचित रह जाता है। चौबीस घंटों में से आदमी पता नहीं कितने घंटे बेकार के कामों में बरबाद कर रहा है। एक मिनट के देरी से रेल छूट सकती है।

समय सबसे बड़ा गुरु है। समय ने बड़े से बड़े तानाशाहों को धूल चटा दी, जो समय के खिलाफ चले थे, मिट्टी में मिल गए। वक्त का पहिया जब घूमता है तो कंगाल होने में देर नहीं लगती। मानव को समय से डरना चाहिए, न जाने कब कैसा समय देखना पड़ जाए। समय का मिजाज पता नहीं कब बदल जाए। आज मानव के पास अच्छा करने का समय ही नहीं है, जबकि बुरा करने के लिए समय ही समय है। मानव कितना भी अमीर हो जाए, अपना गुजरा हुआ समय नहीं खरीद सकता। समय से डरो, अच्छे कर्म करो। समय मानव को कई रंग दिखाता है। समय-समय पर मानव की परीक्षा लेता रहता है। समय का सही मायने में सम्मान करो। समय अनमोल है व दुर्लभ है। कोरोना महामारी ने मानव को समय की कीमत बता दी है। कोराना महामारी में सात समंदर पार से लोग अपने वतन पहुंच गए, जिनके पास आने का समय ही नहीं होता था। रिश्ते-नातों के लिए समय नहीं होता था, मगर कोरोना में समय ने सबको एक छत के नीचे लाकर खड़ा कर दिया था।

मानव को हमेशा अतीत का आईना देखते रहना चाहिए ताकि अहसास होता रहे कि ऐसे भी दिन थे कि एक जून की रोटी नसीब नहीं होती थी, आज जब समय बदला तो अपना गुजरा हुआ वक्त भूल रहा है। आदमी भले ही कितना बड़ा बन जाए, मगर अतीत के समय की परछाइयां उसका दामन नहीं छोड़तीं, मरते दम तक साथ रहती हैं। समय बदलते देर नहीं लगती, समय किसी को भी अर्श पर ले जाता है और किसी को फर्श पर ले जाता है, इसलिए मानव को मर्यादा में रहकर ही हर काम करना चाहिए। आदमी को किसी के साथ भी धोखा नहीं करना चाहिए।

किसी के साथ विश्वासघात नहीं करना चाहिए, क्योंकि एक बार विश्वास टूट जाता तो फिर से कायम कर पाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे मानव का जीवन व्यर्थ है, जो दूसरों को दुख देता है। समय के पास सबका लेखा-जोखा है। जीवन में हम अनेक समय सुख-दुख देखते हैं परंतु क्या हमने किसी और के लिए कुछ करने के बाद सच्चे सुख की अनुभूति की है। दूसरों का बुरा समय देखकर आंखें मत फेरो, बल्कि अपनी सामर्थ्य के अनुसार दीजिए, खासकर उन्हें जो अनेक चीजों से वंचित ही रहे या जिन्हें दुख के सिवाय कुछ भी नहीं मिला। आप महसूस करेंगे कि परोपकार का काम करने के बाद आपके होंठों पर आई मुस्कराहट दुनियाभर की दौलत से भी महंगी होगी।

सुख के समय में तो सभी साथ होते हैं, मगर दुख के समय में साथ छोड़ देते है। सुख के समय ही समय न लगे, पर दुख में समय निकालकर प्रत्येक की सहायता करो क्योंकि दुख में जो किसी का साथ देता है, वह एक मिसाल बन जाता है। आदमी आज समय बदलने पर गिरगिटों की तरह रंग बदलता है। आज मानव का समय व मतलब निकल जाने पर पहचानने से इंकार कर देता है। आज मानव समय के अनुसार भले ही कितनी प्रगति कर ली है, मगर सोच वही सामंतवादी है।

पैसा ही सब कुछ नहीं होता, मगर आज रिश्ते तराजू पर तोले जाते हैं, अगर कोई गरीब है तो उसके लिए समय ही नहीं है। उसके साथ भेदभाव किया जाता है। वक्त बदलते देर नहीं लगती, इसलिए आदमी को अपना अतीत याद करते रहना चाहिए ताकि विपतियों का अहसास होता रहे। आदमी को सादगी व उच्च विचारों मे विश्वास रखना चाहिए। समय यही सिखाता है कि किसी का समय बरबाद मत करो। समय कीमती है, जिसने समय की कीमत जान ली है, वह हर जगह सफल होता है। आज अच्छाई के लिए समय नहीं है, बुराई के लिए हर समय तैयार हैं। समय एक जैसा नहीं रहता, आज अच्छा है, कल का पता नहीं कैसा होगा। समय को पहचानो, तभी समय आपको एक अलग पहचान देगा।

# पौंग झील पर्यटन दृष्टि से होगी विकसित

ब्लॉगर


लेखक : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

**प्राकृतिक** सौंदर्य से परिपूर्ण पौंग झील को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किए जाने की मुहिम शुरू होने वाली है। प्रदेश सरकार पौंग झील से सटे इलाके का तटीकरण करने वाली है। पौंग झील की खाली पड़ी जमीन का तटीकरण किए जाने से पांच हलकों की जनता को इसका लाभ मिलेगा।

पौंग झील का तटीकरण किए जाने सहित सड़क निर्माण किया जाना भी तय है। पौंग झील में जब भी कोई अप्रिय घटना घटित होती तो आपातकाल में तत्काल सुविधा सड़क मार्ग न होने कारण नहीं मिल पाती है। पौंग झील की खाली पड़ी जमीन में अब सड़क निर्माण किए जाने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। सुख की सरकार जिला कांगड़ा को पर्यटन की राजधानी बनाए जाने को लेकर प्रयासरत है। सरकार पर्यटन के जरिए अपना खाली खजाना भरने की फिराक में है। पौंग झील को पर्यटन दृष्टि से विकसित किए जाने पर रोजगार के संसाधन भी सृजित होंगे। पौंग झील किनारों पर केवल मात्र अलर्ट का बोर्ड टांगकर पर्यटकों को सचेत रहने की एडवाजरी जारी करके उनकी सुरक्षा नहीं की जा सकती थी।

पौंग झील को पर्यटन दृष्टि से विकसित करने से पूर्व इसमें चौबीस घंटे सुरक्षा व्यवस्था के कड़े प्रबंध किए जाने की आज सख्त जरूरत है। सरकारें बेशक हिमाचल प्रदेश को पर्यटन दृष्टि से विकसित किए जाने की घोषणाएं करती रहे, मगर जब भी ऐसी अप्रिय घटनाएं घटित होती तो सरकारों द्वारा चलाई योजनाओं की खिल्ली उड़ जाती है। गर्मियों के मौसम में पड़ोसी राज्यों के पर्यटक हिमाचल प्रदेश घूमने के लिए आते हैं। प्रदेश में बहते खड्डु, नदियों और बांधों में ठहरे पानी में नहाने की कोशिश करते समय मौत का ग्रास बन जाते हैं, बावजूद इसके प्रदेश सरकारें इस बाबत कोई सीख नहीं ले रहीं और पर्यटक भी ऐसी नासमझी किए जाने से बाज नहीं आ रहे थे। पौंग झील में पुलिस कर्मी न होने कारण लोग कई तरह की गतिविधियों को अंजाम देते हैं। लोग बेखौफ होकर जहां शराब पीकर कई तरह के हुड़दंग मचाकर चलते बनते हैं।

नशे में घुत होकर कई लोग पौंग झील में नहाने से बाज नहीं आते। नतीजतन झील की लहरों में उनका दम घुटने से मौत हो जाती है। झील किनारे सफाई अव्यवस्था के चलते लोग कूड़ा-कचरा, प्लास्टिक और शराब, बीयर, कोल्ड ड्रिंक की इधर-उधर पड़ी बोतलें वातावरण को दूषित करती हैं। प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण पौंग झील झील का अब जीर्णोद्वार होने वाला है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खू सरकार पौंग झील को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने का खाका तैयार कर चुकी है। आज हालात इस कदर नाजुक बन चुके हैं कि सरकार के ऊपर करोड़ों रुपए के कर्ज की देनदारी है।

हिमाचल प्रदेश के पास ऐसा क्या नहीं जो पर्यटकों को यहां आने के लिए मजबूर न कर सके। आज जरूरत है प्रदेश में कनेक्टिवीटी की समस्या का समाधान किए जाने की। प्रदेश के पास अपार प्राकृतिक सौंदर्य वन संपदा होने के बावजूद भी यहां के लोग आर्थिक रूप से संपन्न नहीं बन पाए हैं। सरकारें प्रदेश को पर्यटन की दृष्टि से विकसित क्यों नहीं बना पा रहीं, यह चर्चा का विषय है। सर्दियों में पौंग झील में कई प्रजातियों के पक्षी अपना डेरा जमाते हैं। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से पौंग झील में स्पोर्ट्स गतिविधियां शुरू की जा रही हैं।


## अपनी बात

**यातायात** जीवन सुरक्षा की दृष्टि से एक नियमबद्ध प्रक्रिया है ताकि किसी भी शहर का यातायात सुव्यवस्थित रह सके। इस कारण यातायात नियमों का पालन करके सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना हम सभी का दायित्व है, क्योंकि छोटी सी भी गलती हो जाने से किसी भी प्रकार की दुर्घटना हो सकती है और किसी के घर का चराग बुझ सकता है। यातायात नियमों का पालन जरूर करें। नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटना की संभावना भी कम होगी और सभी सही-सलामत रहेंगे। सुरक्षित यात्रा के लिए आवश्यक है कि हम यातायात नियमों का पालन करें। वाहन को निर्धारित गति सीमा के अंदर ही चलाएं। स्कूटर-मोटरसाइकिल पर चलते समय हेल्मेट अवश्य पहनें। वहीं, कार इत्यादि फोरव्हीलर वाहनों को चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करें। यातायात संबंधित दिशा-निर्देशों का पालन करने से खुद भी सुरक्षित रहेंगे और दूसरे भी। स्वयं व परिवार की सुरक्षा के साथ औरों की सुरक्षा का भी ख्याल रखना एक जिम्मेदार भारतवासी के लिए जरूरी है। जुमार्ने के डर से नियमों का पालन करने की बजाय कर्तव्य समझकर पालन करने की आदत डालें। न सिर्फ स्वयं यातायात नियमों का पालन करें, बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। यातायात नियम हमारी सुरक्षा के लिए हैं और हमें इन्हें जिम्मेदारी से अपनाना चाहिए। इसके अलावा यह भी जरूरी है कि हम वाहन चलाते समय किसी भी प्रकार का नशा न किया हो क्योंकि नशे में व्यक्ति अपने आप को तो नुकसान तो पहुंचाया है कि साथ ही अपने परिवार के लिए दुखों का पहाड़ छोड़ जाता है। इसलिए हम सभी का कर्तव्य है कि हम यातायात नियमों का पालन करें।

- जगदीश चंद, जसौर ( नगरोटा बगवां )

## आपकी डायरी

नदी शांत
गहर गंभीर
समाई सी गहराई लिए
शीतल निर्मल जल
के संग
उद्गम से निकल
बह जाती है
मंद-मंद गति से।


डॉ. कमल के प्यासा।

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# नैनीताल ने आरआईएमटी विवि पंजाब को हराया

संजीव पुरी, सुंदरनगर

**उत्तर** भारत अंतर विवि क्रिकेट प्रतियोगिता में चल रहे सुपर नॉकआउट मुकाबले में शुक्रवार को सुंदरनगर स्टेडियम में कुमाउं विवि नैनीताल ने आरआइएमटी विवि पंजाब को 27 रन से हरा दिया। प्रतियोगिता के तकनीकी संयोजक एचपीसीए अंपायर प्रो. अनिल गुलेरिया ने बताया कि टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने आई कुमाउं की टीम की शुरूआत बेहद खराब रही। पहले चार खिलाड़ी पिच पर विरोधी टीम के गेंदबाजों के सामाने टिक नहीं पाए।

इसके बाद मैदान में आए टीम के सुमित मैहता ने लड़खड़ाती टीम को संभालते हुए मात्र 25 गेंदों में एक चौके पर चार छक्कों की मदद से 46 रनों की शानदार पारी खेली। अन्य कोई भी खिलाड़ी दो, चार या पांच से अधिक रन नहीं बना पाया। टीम ने 10 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 84 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने आई आरआइएमटी की टीम के ताजामुल के 13 रनों को छोड़ अन्य कोई दहाई का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाया और पूरी टीम 9.2 ओवर में 57 रनों पर ढेर हो गई। (अनंत ज्ञान)

## गुरुकुल कांगड़ी ने पंजाब एग्रीकल्चर को किया चित

दूसरे मैच में गुरूकुल कांगड़ी विवि ने पंजाब एग्रीकल्चर विवि को सात विकेट से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एग्रीकल्चर विवि पंजाब ने छह विकेट के नुकसान पर 50 रन बनाए। पंजाब की ओर से मात्र सिमरनजीत सिंह ने 11 रन बनाए। दिए लक्ष्य को गुरूकुल ने 7.1 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 54 रन बनाकर मैच में जीत दर्ज की। गुरूकल के प्रांजल सैनी ने 30 और अक्षित त्यागी ने 16 रन बनाए।

## देव सुमन विवि उत्तराखंड हारा

शुक्रवार को खेले गए अंतिम मैच का निर्णय सुपर ओवर से हुआ। पहले दस ओवर में देव सुमन विवि उत्तराखंड के दिए 73 रनों के लक्ष्य की बराबरी सोबान सिंह जीना विवि अलमोड़ा ने 10 ओवर में पूरी कर ली। इसके बाद हुए सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए सोबान सिंह जीना विवि ने एक विकेट खोकर पांच रन बनाए। इसके बाद उत्तराखंड के खिलाड़ी मात्र दो रन बनाकर ही आऊट हो गए।




पंत ने कहा कि मुझे समझ ही नहीं आता था कि उनके साथ तुलना क्यों होती है। मैं टीम में आया ही था और लोग विकल्प की बात करने लगे थे। एक युवा से ऐसे सवाल क्यों किए जा रहे थे। यह तुलना क्यों हो रही थी। ऐसा होना नहीं चाहिए था। एक ने पांच मैच खेले हैं और दूसरे ने 500। उनका इतना लंबा सफर रहा है तो यह तुलना बेमानी थी।

# एमएस धोनी जैसा मेरे जीवन में कोई नहीं : पंत

एजेंसी, नई दिल्ली

**महेंद्र** सिंह धोनी लंबे समय से ऋषभ पंत के मार्गदर्शक रहे हैं, लेकिन एक ऐसा भी समय था, जब भारत के पूर्व कप्तान से लगातार तुलना से वह इतने दबाव में आ जाते थे कि उनका 'दम घुटने' लगता था।

दिसंबर 2022 में भयावह कार हादसे में चोटिल हुए पंत अभी भी पूरी तरह फिट नहीं हैं। धोनी ही ऐसा शख्स हैं, जिनसे वह जीवन की हर बात साझा करते हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि करियर के शुरूआती दिनों में धोनी से तुलना उनके लिए काफी कठिन थी। पंत ने 'स्टार स्पोर्ट्स' की एक सीरिज में कहा कि मुझे बहुत बुरा लगता था। मैं 20-21 साल का था और कमरे में जाकर रोता था। इतना तनाव होता था कि मैं सांस नहीं ले पाता था। इतना दबाव था कि लगता था कि अब क्या करूं। मोहाली में मैंने स्टंपिंग का एक मौका गंवाया तो दर्शक धोनी धोनी चिल्लाने लगे। पंत ने कहा कि एमएस के साथ मेरे संबंध को मैं समझा नहीं सकता। ऐसा कोई होता है, जिससे आप सब कुछ साझा कर सकते हैं। मैंने एमएस के साथ हर चीज पर बात की है। मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है। उन्होंने कहा कि



मैं उनसे ऐसी चीजों पर भी बात करता हूं, जो किसी और के साथ नहीं कर पाता। मेरा उनसे इस तरह का संबंध है। पंत ने कहा कि वह युवराज सिंह जैसे सीनियर के भी हमेशा ऋणी रहेंगे, जिन्होंने टीम में आने पर उन्हें सहज महसूस कराया। उन्होंने कहा कि मैं बहुत छोटा था और टीम में कई सीनियर खिलाड़ी थे। युवराज सिंह, एमएस, सभी सीनियर थे। इसमें समय लगा, लेकिन उन्होंने कभी सीनियर होने का अहसास नहीं कराया। उन्होंने मेरा स्वागत गर्मजोशी से किया और सभी नए खिलाड़ियों का करते हैं। भारतीय टीम की यही तहजीब है।

## इस साल के आखिर में मर्सीडीज छोड़कर फेरारी से जुड़ेंगे हैमिल्टन

**लंदन।** लुईस हैमिल्टन ने इस सत्र के आखिर में मर्सीडीज छोड़कर फेरारी में जाने का फैसला लेकर मोटरस्पोटर्स जगत को हैरान कर दिया है। हैमिल्टन ने अगस्त के आखिर में मर्सीडीज के साथ करार दो साल के लिए बढ़ाया था, लेकिन नए करार में उन्होंने 'रिलीज' का प्रावधान रखा था, जिससे वह 2025 में फेरारी से जुड़ सकेंगे। उन्होंने टीम द्वारा जारी एक बयान में कहा कि इस टीम के साथ 11 साल बेहतरीन रहे हैं। मुझे इस पर गर्व है। मैं जब 13 साल का था, तभी से मर्सीडीज मेरे जीवन का हिस्सा है। मैं यहीं बड़ा हुआ और इसे छोड़ने का फैसला काफी कठिन था, लेकिन मेरे लिए यह जरूरी था। मैं नई चुनौती को लेकर काफी रोमांचित हूं। हैमिल्टन ने सात में से छह फार्मूला वन खिताब मर्सीडीज के साथ जीते हैं।

### दूसरे टेस्ट का पहला दिन यशस्वी के नाम, टीम इंडिया का स्कोर 336/6

# जायसवाल 179 पर नाबाद

एजेंसी, विशाखापत्तनम

**भारत-इंग्लैंड** के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच का पहला दिन भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल के नाम रहा है। उन्होंने टेस्ट करियर का दूसरा शतक जमाया। जायसवाल की पारी के दम पर भारतीय टीम ने शुक्रवार को पहली पारी में 6 विकेट पर 336 रन बना लिए हैं। जायसवाल 179 रन पर नाबाद हैं, जबकि रविचंद्रन अश्विन 5 रन पर नॉटआउट हैं।

विशाखापत्तनम के वाईएस राजशेखर रेड्डी क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया, लेकिन ओपनिंग करने उतरे भारतीय कप्तान इस फैसले को सही साबित नहीं कर सके और 40 रन के टीम स्कोर पर 14 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें डेब्यूटंट बॉलर शोएब बशीर ने ओली पोप के हाथों कैच कराया।

## सहवाग, जाफर और धवन के क्लब में जुड़े यशस्वी

ओपनर यशस्वी जायसवाल टेस्ट मैच के पहले दिन सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बैटर्स की सूची में जगह बनाई है। पूर्व विस्फोटक बैटर वीरेंदर सहवाग, वसीम जाफर और शिखर धवन जैसे बल्लेबाजों की सूची में जायसवाल छठे नंबर पर हैं।

## गावस्कर की बराबरी पर आए जायसवाल, अजहर को पीछे छोड़ा

यशस्वी जायसवाल भारत-इंग्लैंड टेस्ट मैच के किसी एक दिन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर्स की सूची में पूर्व भारतीय कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन को पीछे छोड़ दिया है। वे सुनील गावस्कर के बराबर 179 रन बनाकर तीसरे स्थान पर हैं। अजहर के नाम 175 रन बनाने का रिकॉर्ड है।



यशस्वी जायसवाल नाबाद

| | |
|---|---|
| रन | 179 |
| गेंदें | 257 |
| चौके | 17 |
| छक्के | 05 |
| स्ट्राइक रनरेट | 69.64 |

### पहले सेशन में टीम इंडिया ने गंवाए अपने अहम 2 विकेट

**पहले** दिन के पहले सेशन में भारतीय टीम खास प्रदर्शन नहीं कर सकी। टीम ने 103 रन बनाने में कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल के विकेट गंवा दिए। इंग्लिश टीम की ओर से शोएब बशीर और जेम्स एंडरसन ने असरदार गेंदबाजी की और एक-एक विकेट लिए।

### जायसवाल और अय्यर ने कराई वापसी

**लंच** से पहले कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल के विकेट गंवाने के बाद युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल ने श्रेयस अय्यर के साथ मिलकर भारत की वापसी कराई। दोनों ने दूसरे सेशन में तीसरे विकेट के लिए 131 बॉल पर 90 रनों की साझेदारी की। यहां अय्यर टॉम हार्टले का शिकार बने। चाय तक भारत ने 3 विकेट पर 225 रन बना लिए थे। टीम ने इस सेशन में एक विकेट गंवाया और 122 रन जोड़े। यह सेशन भारतीय टीम के नाम रहा।

### स्पिनर्स ने मिडिल ऑर्डर को पवेलियन लौटाया

**दूसरे** सेशन में पिछड़ने के बाद स्पिनर्स ने इंग्लैंड की वापसी कराई। शोएब बशीर और रेहान अहमद की जोड़ी ने मिडिल ऑर्डर के भारतीय बल्लेबाजों को बड़ी पारी खेलने से रोके रखा और भारत को पहले दिन 350 के अंदर ही रखा। इस सेशन में भारतीय टीम ने 111 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। डेब्यू मैच खेल रहे रजत को रेहान अहमद, अक्षर पटेल शोएब बशीर और केएस भरत को रेहान अहमद ने स्टंप्स से पहले आउट किया।

### करियर की डबल सेंचुरी से 21 रन दूर जायसवाल

**भारतीय** ओपनर यशस्वी जायसवाल टेस्ट करियर की पहली डबल सेंचुरी से महज 21 रन दूर हैं। जायसवाल ने 257 बॉल पर 17 चौके और 5 छक्के की मदद से रन बनाए।

## अफगानिस्तान 198 रन पर सिमटा, श्रीलंका के बिना विकेट के 80 रन

**कोलंबो।** श्रीलंका ने शुक्रवार को एकमात्र टेस्ट के पहले दिन अफगानिस्तान को पहली पारी में 198 रन पर समेटने के बाद दिन का खेल समाप्त होने तक बिना विकेट गंवाये 80 रन बना लिए। स्टंप उखड़ने तक दिमुथ करूणारत्ने 42 और निशान मदुशका 36 रन बनाकर क्रीज पर डटे थे। श्रीलंका की टीम अभी अफगानिस्तान से 118 रन से पिछड़ रही है। इससे पहले बाए हाथ के तेज गेंदबाज विश्वा फर्नांडो (51 रन देकर) के चार विकेट, असिथा फर्नांडो (24 रन देकर) के तीन विकेट और स्पिनर प्रभात जयसूर्या (67 रन देकर) के तीन विकेट की बदौलत श्रीलंका ने मेहमान टीम को 200 रन के अंदर समेट दिया। अफगानिस्तान के लिए रहमत शाह ने 91 रन की जुझारू पारी खेली। वह हालांकि अपने दूसरे शतक से चूक गए। उन्होंने 130 गेंद का सामना करते हुए अपनी पारी में 13 चौके जड़े। यह आठवें टेस्ट में उनका चौथा अर्धशतक है। श्रीलंकाई कप्तान धनंजय डि सिल्वा ने टॉस जीतकर अफगानिस्तान को बल्लेबाजी का न्योता दिया। नूर अली जदरान ने 31 रन, जबकि इकराम अलीखिल और कैस अहमद ने 21-21 रन का योगदान दिया।

## रेलवे 155 रन पर ढेर कर्नाटक के 90/6

**सूरत।** कर्नाटक ने शुक्रवार को अपने गेंदबाजों की बदौलत रेलवे को रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मैच के पहले दिन पहली पारी में 155 रन पर समेट दिया, लेकिन स्टंप तक 90 रन पर छह विकेट गंवा दिए। कर्नाटक के तेज गेंदबाज वासुकी कौशिक और 17 वर्षीय बाएं हाथ के स्पिनर हार्दिक राज ने तीन-तीन विकेट झटककर रेलवे की पारी को पटरी से उतारा।

## गोवा की टीम तमिलनाडु के खिलाफ 241 रन पर सिमटी

**पोवोरिम** में गोवा की टीम तमिलनाडु के खिलाफ 241 रन पर सिमट गई, जिसमें उसके लिए सूयश प्रभुदेसाई ने 104 रन की शतकीय और केवी सिद्धार्थ ने 69 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। तमिलनाडु ने स्टंप तक बिना विकेट गंवाये 20 रन बना लिए थे। अहमदाबाद में रिद्धिमान साहा की नाबाद 59 रन की पारी के बावजूद त्रिपुरा की टीम पहली पारी में 146 रन पर सिमट गई। गुजरात ने जवाब में चार विकेट गंवाकर 127 रन बना लिए। मोहाली में पंजाब ने चंडीगढ़ के खिलाफ अनमोलप्रीत सिंह के नाबाद 132 रन, प्रभसिमरन सिंह के नाबाद 76 रन और नमन धीर के 86 रन की मदद से स्टंप तक दो विकेट गंवाकर 307 रन बना लिए।

## ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को आठ विकेट से दी करारी शिकस्त

**मेलबर्न।** तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट ने अपने पहले वनडे मैच में 17 रन देकर चार विकेट चटकाए, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की श्रृंखला के शुरुआती वनडे में शुक्रवार को यहां 69 गेंद शेष रहते हुए वेस्टइंडीज को आठ विकेट से शिकस्त दी। एक दिन पहले कोविड-19 जांच में मामूली रूप से संक्रमित पाए गए जोश इंग्लिस ने 43 गेंदों में 65 रनों की आक्रामक पारी खेली। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर वेस्टइंडीज की टीम 48.4 ओवरों में 231 रन पर आउट हो गई। बार्टलेट ने अपने शुरुआती स्पैल में तीन विकेट झटके, जिससे वेस्टइंडीज ने 59 रन तक चार विकेट गंवा दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए यह पदार्पण मैच में किसी गेंदबाज का दूसरा सबसे अच्छा एकदिवसीय आंकड़ा है। इंग्लिस की आक्रामक पारी के बाद कप्तान स्टीव स्मिथ (नाबाद 79) और कैमरून ग्रीन (नाबाद 77) के शानदार नाबाद अर्धशतकों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने 38.3 ओवर में दो विकेट पर 232 रन का स्कोर बना लिया। बार्टलेट ने पदार्पण कर रहे एक अन्य तेज गेंदबाज लांस मॉरिस के साथ एमसीजी की तेज गेंदबाजों की मददगार पिच पर शानदार गेंदबाजी की। यह 1997 (गाबा में एंडी बिकेल और एंथोनी स्टुअर्ट) के बाद पहला मौका है जब ऑस्ट्रेलियाई आक्रमण का आगाज दो नए तेज गेंदबाजों ने किया।

# हिमाचल 169 रन पर ढेर, ऋषि धवन का अर्धशतक

## मध्य प्रदेश के 68/4 रन, हिमाचल के विपिन ने डेब्यू मैच में झटके दो विकेट

अनंत ज्ञान, धर्मशाला

**स्थानीय** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी के तहत हिमाचल का मुकाबला मध्य प्रदेश के साथ शुक्रवार को आरंभ हुआ। मध्य प्रदेश के कप्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का निर्णय लिया, जो अच्छा साबित हुआ।

दो दिन की बारिश और मौसम में नमी का उनके गेंदबाजों को लाभ मिला। मध्य प्रदेश की गेंदबाजों ने हिमाचली बल्लेबाजों को शुरुआती झटके दिए। हिमाचल के सलामी बल्लेबाज प्रशांत चोपड़ा बिना खाता खोले आउट हो गए।

प्रवीण ठाकुर चार रन बनाकर आउट हो गए, उसके बाद बल्लेबाजी करने आए हिमाचल के कप्तान अंकित कलसी ने 12 रन बनाकर चलते बने। एकांत सेन 4 रन बना कर आउट हो गए, आकाश विशिष्ट शून्य रन बनाकर लौटे, निखिल 6 रन बनाकर रन आउट हुए, जबकि महज अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ऋषि धवन ने 50 रनों की बेहतरीन पारी खेली। मुकुल नेगी ने भी 15 रन बनाए, जबकि विनय गुलाटिया के 33 रन और

वैभव अरोड़ा के 29 रनों की मदद से हिमाचल की टीम डेढ़ सौ के आंकड़े से पार जा सकी। हिमाचल के टॉप ऑर्डर बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। माध्यम और लोअर ऑर्डर बल्लेबाजों ने कुछ अच्छी बल्लेबाजी करते हुए हिमाचल का स्कोर 169 तक पहुंचाया।

हिमाचल की पहली विकेट 9 रन पर, दूसरी विकेट 15 रन पर आउट हो गई, हिमाचल की तीसरी विकेट और चौथी विकेट 25 रन पर आउट हो गई, पांचवीं विकेट 32 पर, और छठा विकेट 37 रन पर आउट हुई, भोजन अवकाश तक हिमाचल का स्कोर 6 विकेट पर 72 रन थे। सातवीं विकेट 84 रन आठवीं विकेट 104 रन पर, नवमी विकेट 167 रन, 169 रन पर टीम ऑल आउट हो गई। वेंकटेश अय्यर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन खिलाड़ियों को आउट किया। आर्यन पांडे ने एक खिलाड़ी को आउट किया। अनुभव अग्रवाल ने 2 विकेट प्राप्त किए। हिमाचल का एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। आर्यन पांडे, कुलवंत और कुमार कार्तिकेय सिंह ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया। हिमाचल के गेंदबाजों ने भी अच्छी गेंदबाजी करते हुए दिन का खेल खत्म होने तक मध्य प्रदेश के 68 रन पर चार खिलाड़ी आउट कर दिए थे। यश दुबे ने 34 रन, हिमांशु मंत्री ने 18 रन, जबकि हर्ष शून्य पर चलते बने। शुभम शर्मा ने एक रन बनाया। दिन का खेल समाप्त होने पर अनुभव अग्रवाल 2 रन, कुमार कार्तिकेय 4 बनाकर क्रीज पर थे।

हिमाचल के गेंदबाज विपिन शर्मा, जिन्होंने आज डेब्यू कर रहे थे, अच्छी गेंदबाजी करते हुए दो खिलाड़ियों को आउट किया। वैभव अरोड़ा ने भी अच्छी गेंदबाजी करते हुए दो खिलाड़ियों को आउट किया।

## अणु मैदान हमीरपुर में प्रदेश स्तरीय सीनियर महिला हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन



**हमीरपुर।** प्रदेश स्तरीय सीनियर ओपन महिला हॉकी प्रतियोगिता का आयोजना हमीरपुर अणु मैदान में किया गया यहा विशिष्ट अतिथि के रूप में रमेश पठानिया पूर्व भारतीय महिला हॉकी कोच द्रौणाचार्य पुरस्कार विजेता ने शिरकत की। कार्यक्रम के आयोजक अनिल चंदेल ने पहुंचे मुख्यातिथि सहित तमाम गणमान्य लोगों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को कुल आठ जिलों की टीम के खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें चंबा कांगड़ा, हमीरपुर, ऊना, बिलासपुर, मंडी, सोलन, सिरमौर, लाहौल स्पीति हैं। मुख्यातिथियों को समृद्धि चिन्ह देकर सम्मानित किया गया पहले मैच में सिरमौर की टीम ने लाहौल-स्पीति को 10-0 से हराया, जबकि दूसरे मुकाबले में मंडी ने बिलासपुर पर 4-1 से जीत दर्ज, जबकि अगला मुकाबला सोलन और मंडी टीम के बीच में खेला गया। दोनों टीमें निर्धारित समय में एक-एक गोल ही कर पाईं और पैनलटी शटूआउट के तहत सोलन की टीम 2-1 से विजयी रही। दिन का आखिरी मुकाबले में हमीरपुर ने कांगड़ा को 6-0 से हराया।

**डेविस कप** | भारतीय टीम डेविस कप के इतिहास में कभी भी पाकिस्तान से नहीं हारी है, जीते हैं सभी सातों मुकाबले

# ऐतिहासिक मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी

एजेंसी, इस्लामाबाद

**अपने** शीर्ष एकल खिलाड़ियों के बिना भी 60 साल बाद पाकिस्तान आई भारतीय डेविस कप टेनिस का पलड़ा भारी सुरक्षा के बीच खेले जा रहे विश्व ग्रुप वन के इस ऐतिहासिक मुकाबले में भारी रहेगा ।

भारतीय टीम डेविस कप के इतिहास में कभी पाकिस्तान से नहीं हारी है और सभी सातों मुकाबले जीते हैं ।

पाकिस्तान अपने सबसे बड़े सितारों ऐसाम उल हक कुरैशी और अकील खान के साथ उतरा है जो ग्रासकोर्ट पर खेलते हुए भारत को चुनौती दे सकते हैं। पाकिस्तान ग्रासकोर्ट पर ही भारत को चुनौती दे सकेगा, क्योंकि यही सतह उनके शीर्ष खिलाड़ियों को रास आती है।

इस्लामाबाद के टेनिस कोर्ट अब तेज हैं, जिन पर धीमी उछाल रहती है और इसी वजह से युगल विशेषज्ञ एन श्रीराम बालाजी को पहले दिन एकल मुकाबला खेलने के लिए कहा गया है। वह टीम के सर्वश्रेष्ठ एकल खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन के साथ इस वर्ग में चुनौती पेश करेंगे।

भारत के पास निकी पूनाचा का भी विकल्प था, लेकिन वह बालाजी से लंबे हैं और धीमी उछाल वाले ग्रासकोर्ट पर लंबे खिलाड़ियों को परेशानी होती है। उन्हें गेंद उठाने के लिए काफी झुकना पड़ता है, जिससे उनकी लय बिगड़ती है। लिएंडर पेस ने भारत में डेविस कप खेलने आने वाले यूरोपीय खिलाड़ियों के खिलाफ इस रणनीति का बखूबी इस्तेमाल किया।

बालाजी के पास अनुभव भी है, जिससे वह पाकिस्तान का उसकी सरजमीं पर सामना करने का दबाव झेल सकते हैं।

उन्होंने हाल ही में ऑस्ट्रेलियाई ओपन खेला और आने से पहले दिल्ली में एक सप्ताह के शिविर में भाग लिया। बालाजी ने कहा कि मैं पिछले कुछ साल से युगल मुकाबले खेल रहा हूं, लेकिन इसके यह मायने नहीं है कि एकल बिल्कुल नहीं खेल सकता। मैं जब भी मौका मिलता है, एकल खेलता हूं। पाकिस्तान के खिलाफ खेलने को लेकर काफी रोमांचित हूं।

रामकुमार सर्व और वॉली के खिलाड़ी हैं और घसियाले कोर्ट उन्हें भी रास आते हैं। वह ग्रासकोर्ट पर ही न्यूपोर्ट एटीपी 250 फाइनल में पहुंचे थे। वह 43 साल के ऐसाम के खिलाफ भारतीय चुनौती का आगाज करेंगे।

ऐसाम ने ड्रॉ के समय कहा कि आप सभी मुझे मेरी उम्र याद दिलाते हैं, लेकिन मैं दिल से जवां हूं। भारत के खिलाफ खेलने से मुझे प्रेरणा मिलती है। पिछले साल चोटों के कारण मेरी रैंकिंग गिरी, लेकिन मैं इस मुकाबले में अच्छा प्रदर्शन करूंगा।

भारत के गैर खिलाड़ी कप्तान जीशान अली का मानना है कि यह करीबी मुकाबला होगा। उन्होंने इस बहस में पड़ने से इनकार किया कि भारतीय क्रिकेट टीम या अन्य भारतीय खिलाड़ी पाकिस्तान क्यों नहीं आते हैं। उन्होंने कहा कि हम यहां टेनिस खेलने आए हैं। कुछ फैसले सरकार लेती है और उसमें हमारी कोई भूमिका नहीं होती। हम तैयारी के साथ आए हैं और अच्छा खेलेंगे।

युगल में साकेत माइनेनी और युकी भांबरी का सामना बरकतुल्लाह और मुजम्मिल मुर्तजा करेंगे। पहले दिन स्कोर 1-1 रहने पर ऐसाम और अकील युगल में भी उतर सकते हैं।



**तीन फरवरी**

**पहला एकल :** रामकुमार रामनाथन बनाम ऐसाम उल हक कुरैशी

**दूसरा एकल :** अकील खान बनाम श्रीराम बालाजी

**चार फरवरी**

**युगल :** बरकतुल्लाह और मुजम्मिल मुर्तजा बनाम युकी भांबरी और साकेत माइनेनी

**पहला उलट एकल**
रामकुमार रामनाथन बनाम अकील खान

**दूसरा उलट एकल**
ऐसाम उल हक कुरैशी बनाम श्रीराम बालाजी।

## सुरक्षा में तेजी लाने के लिए डिजाइन मॉडल पर ज्योतिरादित्य ने की बैठक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को सभी प्रमुख हवाई अड्डा संचालकों, सीआईएसएफ और आव्रजन ब्यूरो के अधिकारियों



और मंत्रालय के साथ एक बैठक की। सिंधिया ने सोशल मीडिया एक्स पर एक ट्वीट के माध्यम से यह जानकारी साझा की है। मंत्री ने अपने ट्वीट में लिखा, अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए आव्रजन और सुरक्षा में तेजी लाने के लिए डिजाइन मॉडल पर चर्चा करने के लिए सभी प्रमुख हवाईअड्डा संचालकों, सीआईएसएफ और आव्रजन ब्यूरो के अधिकारियों के साथ एक सार्थक विचार-मंथन बैठक की।

## पेनसिल्वेनिया के पास विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट की मौत



**एजेंसी, वेस्ट कैलन**

अमेरिका के मध्य पेनसिल्वेनिया के पास वेस्ट कैलन में गुरुवार को एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में विमान सवार एकमात्र पायलट की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोपहर करीब 1:30 बजे वेस्ट कैलन में यह विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। एनबीसी न्यूज ने वेस्ट कैलन टाउनशिप पुलिस के हवाले से अपनी रिपोर्ट में पायलट सैम गानो के मरने की पुष्टि की है। ऑक्टोरा एरिया स्कूल डिस्ट्रिक्ट के अधीक्षक डॉ. स्टीवन लेवेर ने वेबसाइट पर घोषणा की है कि गानो स्कूल बोर्ड के अध्यक्ष थे। गानो ने 26 वर्ष तक स्कूल बोर्ड के सदस्य के रूप में ओक्टोरारा समुदाय की सेवा की।

### इंटरव्यू : पारदर्शी वोट ऑन अकाउंट बजट पेश किया, सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास सरकार का आधार

## वित्त मंत्री बोलीं, सात फीसदी विकास दर हासिल करना मुश्किल नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट पेश करने के बाद एक निजी टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा कि सरकार ने एक पारदर्शी वोट ऑन अकाउंट बजट पेश किया है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास सरकार का आधार है। लोग हमारी सरकार की योजनाओं पर यकीन करते हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि जीडीपी का सात फीसदी का लक्ष्य हासिल करना मुश्किल नहीं है। समय-समय पर रेटिंग एजेंसियों के ध्यान में यह लाना हमारा काम है कि भारत बाधाओं के बावजूद सिस्टमैटिक रिफॉर्म कर रहा है।

### ग्लोबल एजेंसियों को मैसेज

वित्त मंत्री ने कहा कि एक इमर्जिंग मार्केट बाधाओं के बावजूद कई सुधार हो रहे हैं। हम महामारी के दौरान किए गए सुधारों का तेजी के रिजल्ट देख रहे हैं। यह फिच और मूडीज जैसी ग्लोबल एजेंसियों के लिए भारत की सॉवरेन रेटिंग सुधारने का मैसेज है।

### रिजर्व बैंक ने हमेशा ग्रोथ रेट का ख्याल रखा

वित्त मंत्री ने कहा कि जहां तक ब्याज दरों की बात है, तो यह फैसला आरबीआई का होता है। रिजर्व बैंक ने हमेशा ग्रोथ रेट का ख्याल रखा है। मुझे लगता है कि आरबीआई की कोशिश आगे भी उम्मीदों को ध्यान में रखने की होगी।



### डायरेक्ट टैक्स रिफॉर्म लोगों के लिए

डायरेक्ट टैक्स रिफॉर्म लोगों के लिए है। हम चाहते हैं कि इसके जरिए टैक्सपेयर्स के लिए चीजें आसान बनाई जाएं। जहां तक महंगाई का सवाल है, तो हमें दलहन का आयात करना पड़ता है। जब आप आयात पर निर्भर होते हैं, तो कीमतें आप तय नहीं कर सकते।

### नए डीमैट अकाउंट खुल रहे हैं

नए डीमैट अकाउंट खुल रहे हैं। जहां तक रूरल इकोनॉमी की बात है, तो मैं यह मानती हूं कि एफएमसीजी कंपनियां बता रही हैं कि प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल रूरल एरियाज में उतना नहीं हो रहा है, जितना पहले हो रहा था।

### कीमतों को नियंत्रण में रखने में ट्रेडर्स का रोल

कीमतों को नियंत्रण में रखने में ट्रेडर्स का भी रोल है। सूखे और ज्यादा बारिश से सीजनल सब्जियों की सप्लाई पर असर पड़ सकता है। अगर अचानक कोई एक फसल खराब हो जाती है तो अंतिम समय में हम कुछ नहीं कर सकते।

### महंगाई को काबू में रखने की हमारी कोशिश

महंगाई को काबू में रखने की हमारी कोशिश जारी है। इसके लिए कोई डेडलाइन नहीं है। यह हमेशा जारी रहेगी। एमपीसी इस मामले में काफी हद तक सफल रही है। ऐसा नहीं होता, तो हम पॉलिसी रेट के करीब पहुंच गए होते।

## वर्ल्ड न्यूज

### प्रधानमंत्री मोदी आज सॉलिसिटर जनरल कॉन्फ्रेंस का करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 3 फरवरी को 10 बजे विज्ञान भवन में कॉमनवेल्थ लीगल एजुकेशन एसोसिएशन (सीएलईए) - कॉमनवेल्थ अटॉर्नी और सॉलिसिटर जनरल कॉन्फ्रेंस (सीएएसजीसी) 2024 का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री का संबोधन होगा।



### तमिलनाडु: पांच स्थानों पर एनआईए की छापेमारी

**चेन्नई।** नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने शुक्रवार सुबह लिट्टे से जुड़े संदिग्ध लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की। पांच स्थानों पर की गई इस छापेमारी में संदेह है कि संबंधित लोग लिट्टे की गतिविधियों में शामिल हैं और इनका सक्रिय सहयोग है।

### कर्नाटक में फैला मंकी फीवर 21 मामले आए सामने

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में अब तक मंकी फीवर के कम से कम 21 मामले सामने आए हैं।



अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मंकी फीवर से प्रभावित 21 लोगों में से आठ को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जबकि, 13 का इलाज घर पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारी इस बीमारी को फैलने से रोकने के लिए सावधानियों के बारे में लोगों को जागरूक कर रहे हैं।

### खड़गे ने राज्यसभा में उठाया झारखंड का मुद्दा

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि झारखंड में एक चुनी हुई सरकार को कमजोर किया जा रहा है। पूर्ण बहुमत होने के बाद भी राज्यपाल सरकार बनाने का न्योता नहीं दे रहे हैं। खड़गे ने शुक्रवार को राज्यसभा में झारखंड के राजनीतिक हालात का मुद्दा उठाते हुए कहा कि जब झारखंड के मुख्यमंत्री ने इस्तीफा दिया तो उन्होंने नए मुख्यमंत्री के नाम समेत समर्थकों की लिस्ट दी। वैसे तो लिस्ट देने के बाद तुरंत बुलाकर 'वोट ऑफ कॉन्फिडेंस' लिया जाता है लेकिन इस केस में 'वोट ऑफ कॉन्फिडेंस' लेने के लिए राज्यपाल की ओर से 10 दिन का समय दिया गया है। इससे पहले जब नीतीश कुमार ने इस्तीफा दिया था तो उनको तुरंत शपथ ग्रहण करा दी गई। ये लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। जो बेहद शर्मनाक है।

### बंगाल के दो जिलों में राहुल गांधी की यात्रा को मंजूरी नहीं

**कोलकाता।** बीरभूम जिला पुलिस ने शुक्रवार को होने वाली कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा रैली को अनुमति देने से इनकार कर दिया है। साथ ही रैली आयोजित करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। बीरभूम जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के मुताबिक शुक्रवार से शुरू होने वाली पश्चिम बंगाल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (डब्ल्यूबीबीएसई) द्वारा आयोजित माध्यमिक परीक्षाओं के मद्देनजर जिले में रैली की अनुमति देने से इनकार कर दिया गया है।



# भारतीय वायुसेना पर हैकर्स ने की साइबर हमले की कोशिश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कुछ अनजान साइबर हमलावरों ने हाल ही में भारतीय वायुसेना के इंटर्नल कंप्यूटर सिस्टम को हैक करने का प्रयास किया। मकसद था वायुसेना का सेंसिटिव डाटा चुराना, लेकिन ऐसा हो नहीं पाया। हैकर्स कौन थे, इसका पता नहीं चल पाया है, लेकिन उनका तरीका पता चल गया है। हैकर्स ने गूगल की प्रोग्रामिंग लैंग्वेज की मदद से बनाए गए ओपन-सोर्स मालवेयर से यह साइबर अटैक किया था। हालांकि, वायुसेना की जरूरी सूचनाएं चोरी नहीं कर पाए। न ही कोई डाटा गायब हुआ। अमेरिका की एक साइबर थ्रेट इंटेलिजेंस कंपनी साइबल है। उसको 17 जनवरी, 2024 को गो स्टीलर मालवेयर का वैरिएंट मिला। यह मालवेयर गिटहब पर सार्वजनिक तौर पर मौजूद था। इसी ने भारतीय वायुसेना के कंप्यूटरों को निशाना बनाने की कोशिश की थी। ये अभी तक स्पष्ट नहीं है कि यह प्रयास कब किया गया। इस घटना के बारे में जानने वाले लोगों ने बताया कि वायुसेना का कोई डाटा चोरी नहीं हुआ। मालवेयर अटैक बेकार साबित हुआ, वायुसेना के पास पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था और फायरवॉल सिस्टम है, जो डाटा चोरी होने से रोकता है।

**हैकर्स ने गूगल की प्रोग्रामिंग लैंग्वेज की मदद से बनाए ओपन-सोर्स मालवेयर से किया साइबर अटैक**



### ऐसे की गई थी मालवेयर अटैक की इंजीनियरिंग

**साइबर** हमलावरों की कोशिश थी कि भारतीय वायुसेना के सैन्यकर्मियों को एसयू -30 एमकेआई मल्टीरोल फाइटर जेट की खरीद के नाम से फंसाया जाए। हैकर्स ने पिछले साल सितंबर में वायुसेना ने 12 फाइटर जेट्स की खरीद के ऑर्डर को जरिया बनाकर रिमोटली-कंट्रोल्ड ट्रोजन अटैक प्लान किया था। उन्होंने एसयू-30 एयरक्राफ्ट प्रोक्युर्मन्ट के नाम से जिप फाइल बनाई। इसके बाद उसे वायुसेना के कंप्यूटरों पर भेजने का प्रयास किया था। मालवेयर को क्लाउड स्टोरेज प्रोवाइडर ओशी प्लेटफॉर्म पर होस्ट किया गया था। इसे फिशिंग ई-मेल्स से वायुसेना के अधिकारियों को भेजा गया था। जैसे ही कंप्यूटर यूजर या ई-मेल खोलने वाला व्यक्ति इस संक्रमित जिप फाइल को डाउनलोड और एक्सट्रैक्ट करते। जिप फाइल में पीडीएफ फाइल आती, जो एक धोखा देने वाला दस्तावेज है, लेकिन उसके पीछे छिपा आईएसओ फाइल सेव सारा गलत काम करता।

### बढ़ रहा है गूगल लैंग्वेज का दुरुपयोग

**साइबर** हमले के इस प्रयास में साइबर अपराधियों ने गो स्टीलर के एक वैरिएंट का इस्तेमाल किया ताकि वह फायरफॉक्स और गूगल क्रोम जैसे ब्राउजर्स पर आसानी से जा सके। यह मालवेयर बनाने वालों ने गिटहब पर इसे कूकी एंड लॉगिन्स स्टीलर फॉर फायरफॉक्स प्लस क्रोम के नाम से दिखा रहा था। गो स्टीलर ने गूगल के ओपन सोर्स प्रोग्रामिंग लैंग्वेज गो का इस्तेमाल किया। इसे गोलैंग के नाम से जाना जाता है। इसका इस्तेमाल बहुत सारे साइबर अपराधी करते हैं। अमेरिकी टेक्नोलॉजी फर्म एफ5 के मुताबिक गोलंग आधारित मालवेयर की पहली खोज 2018 के मध्य में हुई थी। तब से इसका इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है।

## मुख्यमंत्री धामी को समिति ने सौंपा यूसीसी का ड्राफ्ट

**एजेंसी, देहरादून**

**10 हजार लोगों से संवाद और लगभग 2 लाख 33 हजार सुझाव मिले**

देहरादून के न्यू कैंट रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास के मुख्य सेवक सदन में शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के लिए गठित विशेषज्ञ समिति की अध्यक्ष रंजना देसाई की मौजूदगी में समिति के सदस्यों ने ड्राफ्ट सौंप दिया।

सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति रंजना देसाई की अध्यक्षता में गठित समिति में दिल्ली हाई कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रमोद कोहली, उत्तराखंड के पूर्व मुख्य सचिव शत्रुघ्न सिंह, दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल और सामाजिक कार्यकर्ता मनु गौड़ शामिल थे।

कमेटी द्वारा ड्राफ्ट सौंपे जाने के बाद मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि आज उत्तराखंड के लिए शुभ दिन है। इस दिन का पूरे देश को लंबे समय से इंतजार था। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने वादों के अनुसार समान नागरिक संहिता



(यूसीसी) को लेकर आगे बढ़ते हुए काम किया है। यूसीसी से कुरीतियां और कुप्रथाएं अपराध बनेंगी। इसी के साथ मुख्यमंत्री ने समिति से रिपोर्ट प्राप्त कर राज्य की जनता एवं राज्य सरकार की ओर से समिति के सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि समिति के सदस्यों का यह योगदान राज्य ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पांच सदस्यीय कमेटी की ओर से दो उप समितियां बनाई गईं।

## मॉडल और एक्ट्रेस पूनम पांडे का 32 साल की उम्र में सर्वाइकल कैंसर से निधन

**एजेंसी, मुंबई**

कंट्रोवर्शियल मॉडल और एक्ट्रेस पूनम पांडे का शुक्रवार को निधन हो गया। वो सर्वाइकल कैंसर से जूझ रहीं थीं। इंस्टाग्राम अकाउंट पर उनकी मैनेजर निकिता शर्मा ने बताया कि वो आखिरी वक्त तक अपनी बीमारी से खूब लड़ीं। पूनम पांडेय ने कई फिल्मों, रियलिटी शो और मॉडलिंग में काम किया है। उनकी कमाई का मुख्य जरिया भी यही रहा है। मैग्जीन के लिए फोटो शूट कर उन्होंने खूब पैसा कमाया। उसने करीब 52 करोड़ रुपए की संपत्ति जुटाई। वह लग्जरी लाइफ जीती थीं और उनके पास करोड़ों की संपत्ति थी। फिल्मों से उन्होंने अच्छी खासी कमाई की। 'नशा', 'लव की पैशन', जैसी कई फिल्मों में काम किया। पूनम पांडेय टेलीविजन शो 'टोटल नादानियां' और 'प्यार मोहब्बत शशश' का भी हिस्सा रही हैं। यहां से भी उन्होंने अच्छी-खासी कमाई की है। पूनम पांडेय को बिग बॉस से काफी पैसे मिलते थे। भोजपुरी फिल्म 'अदालत' का हिस्सा रहीं और टीवी शो 'लॉकअप' में उन्हें हर हफ्ते करीब तीन लाख रुपए मिलते थे। पूनम पांडेय का खुद का एक इरॉटिक ऐप भी है जिस पर 32 लाख के करीब पेड सब्सक्राइबर हैं। वर्तमान में पूनम की सबसे ज्यादा कमाई इसी से हो रही थी। पूनम पांडे मुंबई के बांद्रा इलाके में चार मंजिला बिल्डिंग में रहती थीं। उनके घर में तीन सेफ और स्टाफ रहते थे। एक्ट्रेस और मॉडल पूनम पांडेय के पास एक बीएमडब्ल्यू कार भी है। उनका बिजनेस संभालने के लिए उनके साथ 27, क्रू मेंबर्स भी रहते थे।



❖ मैग्जीन के लिए फोटो शूट कर कमाया खूब पैसा

❖ 52 करोड़ रुपए की संपत्ति जुटाई

## विरोध-प्रदर्शन में 200 से अधिक भाजपा व आप कार्यकर्ता हिरासत में

### चंडीगढ़ मेयर चुनाव में धांधली को लेकर दिल्ली में आम आदमी पार्टी का विरोध प्रदर्शन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

चंडीगढ़ मेयर चुनाव में धांधली को लेकर दिल्ली में विरोध-प्रदर्शन शुरू हो गया है। भाजपा और आप के 200 से अधिक कार्यकर्ताओं को शुक्रवार को उस समय हिरासत में ले लिया गया, जब वे दीन दयाल उपाध्याय मार्ग पर एक-दूसरे के पार्टी कार्यालयों की ओर मार्च कर रहे थे।

पुलिस के मुताबिक, दोपहर दो बजे आप के 150 और बीजेपी के 60 कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि उन्हें अलग-अलग पुलिस स्टेशनों में ले जाया गया है। अर्धसैनिक बलों की दो इकाइयां, जिनमें महिला कर्मचारी और दिल्ली पुलिस के जवान शामिल थे, दंगा-रोधी उपकरणों से सुसज्जित डीडीयू मार्ग पर तैनात थीं। एक अधिकारी ने बताया कि आईटीओ और डीडीयू मार्ग के आसपास बड़ी संख्या में जवान तैनात हैं। प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस अधिकारी डंडों से लैस थे। आप जहां चंडीगढ़ नगर निगम के मेयर चुनाव में कथित धांधली को लेकर प्रदर्शन कर रही है, वहीं बीजेपी केजरीवाल सरकार के कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदर्शन कर रही है।

आम आदमी पार्टी प्रमुख एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत अन्य नेताओं ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव को लेकर भाजपा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन से पहले दिल्ली पुलिस उनके विधायकों, पार्षदों और कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले रही है।

### पांचवें समन पर भी ईडी के सामने पेश नहीं हुए केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पांचवें समन पर भी ईडी के सामने पेश नहीं हुए। उन्हें ईडी ने दिल्ली की शराब नीति से जुड़े केस में बुलाया था। केजरीवाल ने ईडी के सामने पेश होने से इनकार करते हुए इसे गैरकानूनी बताया। इससे पहले भी 4 समन भेजे गए थे, लेकिन वह पेश नहीं हुए।



## वायु सेना 17 फरवरी को करेगी 'वायु शक्ति' अभ्यास

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय वायु सेना भारत-पाकिस्तान सीमा के नजदीक पोखरण फायरिंग रेंज राजस्थान में 17 फरवरी को 'वायु शक्ति' अभ्यास करके अपनी युद्धक तथा प्रहार क्षमताओं को प्रदर्शित करेगी। इसमें कुल 77 लड़ाकू विमान, 41 हेलीकॉप्टर, 5 परिवहन विमान और 12 मानव रहित प्लेटफार्म भाग लेंगे। लड़ाकू विमान राफेल और प्रचंड हेलीकॉप्टर पहली बार देश के भीतर होने वाले अभ्यास में हिस्सा लेंगे। सतह से हवा में मार करने वाली हथियार प्रणाली समर का भी पहली बार इस अभ्यास में इस्तेमाल किया जाएगा। भारतीय वायु सेना के उप प्रमुख एयर मार्शल एपी सिंह ने शुक्रवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि हम इस अभ्यास में सेना की बंदूकें भी एयरलिफ्ट करेंगे। राफेल लड़ाकू जेट और अटैक हेलीकॉप्टर प्रचंड सहित सभी फ्रंटलाइन विमान वायु शक्ति अभ्यास में भाग लेंगे। यह अभ्यास 1954 से चल रहा है और हम इस अभ्यास में लक्ष्य पर सटीक बमबारी करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। भारत में निर्मित एलसीए तेजस और एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर भी इस अभ्यास में अपनी ताकत का प्रदर्शन करेंगे।



## अनंत ज्ञान — आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष :** आर्थिक प्रयोजन अथवा धन निवेश के लिए शुभ दिन है। निर्धारित कार्य पूरे होंगे। आय बढ़ेगी और परिवार में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा।

**वृषभ :** प्रिय वस्तु प्राप्ति व धन का लाभ होगा। मान-सम्मान बढ़ेगा और पारिवारिक वातावरण में सुधार होगा। व्यावहारिक कार्यों को निपटाने के लिए आज का दिन शुभ है।

**मिथुन :** आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। मन की एकाग्रता कम होने के कारण बेचैनी हो सकती है। शारीरिक रूप से शिथिलता का अनुभव होगा। धन का निवेश सोच-विचाकर करें।

**कर्क :** मां लक्ष्मी की कृपा दृष्टि आप पर रहेगी। उच्च अधिकारियों की शुभ दृष्टि आप पर बनी रहेगी। व्यवसाय में कार्यसफलता एवं मित्रों से लाभ प्राप्त होगा।

**सिंह:** मन में प्रसन्नता और शरीर में स्फूर्ति का अनुभव होगा। मान-प्रतिष्ठा और उच्च पद की प्राप्ति होगी। कार्य की व्यस्तता में दिन व्यतीत होगा।

**कन्या :** सभी कार्यों में आप अपने भाग्य का सहयोग प्राप्त करेंगे। धर्म-कर्म के कार्यों में रूचि रहेगी। आध्यात्मिक प्रवृत्तियों में सक्रिय रहने से आनंद की प्राप्त होगी।

**तुला :** दिन का प्रारंभ मानसिक तनाव से हो सकता है, अतः मन को शांत रखें। वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं, स्वास्थ्य के प्रति विशेष सावधानी बरतें।

**वृष्चिक:** जीवनसाथी के साथ व्यवहार अधिक मधुरतापूर्ण रहेगा। मित्रों के साथ यात्रा मनोरंजनपूर्वक रहेगी। भाइयों एवं स्नेहीजनों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे।

**धनु:** मान-सम्मान में वृद्धि होगी। प्रतिस्पर्धियों पर विजय प्राप्त होगी। अचानक मिली कोई शुभ सूचना मन को प्रफुल्लित कर सकती है। बेरोजगारों को रोजगार की प्राप्ति में सफलता मिलेगी।

**मकर :** मन सृजनात्मक प्रवृत्तियों की ओर आकर्षित होगा। स्वभाव में प्रेम भाव में वृद्धि होगी। विद्यार्थीयों के लिए आज का दिन शुभ है। लक्ष्मी देवी की कृपा से आय में वृद्धि होगी।

**कुंभ :** आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। किसी के साथ वाद-विवाद में न पड़ें। माता अथवा घर की किसी बुजुर्ग महिला के स्वास्थ्य के प्रति विशेष सावधानी बरतें।

**मीन :** मन चिंता मुक्त रहेगा। पराक्रम में वृद्धि के योग है। उत्साह में भी वृद्धि होगी, बुजुर्गों और मित्रों की तरफ से लाभ की अपेक्षा रख सकते हैं।

### आज का पंचांग

(3 फरवरी, 2024)

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :** 1945 (शोभकृत), **मास :** माघ, **तिथि :** अष्टमी 05:23 सायं तक, **नक्षत्र :** विशाखा (पूर्ण रात्रि), **पक्ष :** कृष्ण, **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:13-12:56)

**राहुकाल :** 09:51-11:13 दोपहर तक।

### विशेष दिन

- 03 फरवरी : 1916 को बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय की शुरुआत हुई।
- 03 फरवरी : 1925 को भारत की पहली बिजली संचालित ट्रेन सेवा मुम्बई से कुर्ला के बीच शुरू हुई।

## शेयर बाजार — कल कन्फ्यूजन, आज शेयर बाजार को समझ में आ गया निर्मला सीतारमण का बजट

## निफ्टी ने रचा इतिहास, बनाया नया रिकॉर्ड

**एजेंसी, नई दिल्ली**

शेयर बाजार ने शुक्रवार को शानदार उछाल के साथ कारोबार किया। एक ओर जहां बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के 30 शेयरों वाले सेंसेक्स ने 73000 का आंकड़ा पार कर लिया, तो वहीं एनएसई का निफ्टी भी नए मुकाम पर जा पहुंचा।

बजट के एक दिन बाद मार्केट में ये तूफानी तेजी इसलिए भी हैरान करने वाली है, क्योंकि गुरुवार को जब संसद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अंतरिम बजट पेश कर रही थीं, तो बाजार में बड़ा ही कन्फ्यूज नजर आ रहा था। कभी हरे निशान पर, तो अगले ही पल लाल निशान पर पहुंच जाता था, लेकिन आज की तेजी से ये कहा जा रहा है कि शायद बाजार को बजट समझ में आ गया है। सबसे पहले बात करते हैं आज स्टॉक मार्केट में आई तेजी के बारे में। तो बता दें कि शुक्रवार को मार्केट के दोनों इंडेक्स हरे निशान पर खुले। बीएसई सेंसेक्स ने 576.04 अंक या 0.80 फीसदी की उछाल के साथ शुरुआत की, तो वहीं एनएसई निफ्टी 172.50 अंक या 0.80 फीसदी ऊपर 21,870 पर ओपन हुआ। बाजार ओपन होने के साथ जहां 1928 शेयर ने तेजी के साथ कारोबार शुरू किया, तो वहीं 422 शेयरों ने गिरावट पर शुरुआत की।



शेयर बाजार ओपन होने के कछ ही मिनटों में बीसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स रॉकेट की रफ्तार से भागते हुए 900 अंकों के आस-पास उछाल भरकर 73,089 का स्तर छू लिया। वहीं, निफ्टी भी 300 अंकों से ज्यादा की उछाल के साथ 22,126 के लेवल को छू गया, जो कि इसका नया हाई लेवल है।

### उतार-चढ़ाव के बाद बंद हुआ था बाजार

**इससे** पहले बजट वाले दिन बाजार की चाल कन्फ्यूजन भरी रही थी। कभी एकदम से ये चढ़कर कारोबार करने लगता, तो कभी लाल निशान पर आ जाता। दिनभर यही सिलसिला देखने को मिला और कारोबार के अंत में बीएसई का सेंसेक्स दिन के उच्च स्तर से 505 अंक गिरकर 71,645.30 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 50 इंडेक्स दिन के उच्च लेवल से 121 अंक गिरकर 21,697 पर बंद हुआ था।

### आज ये शेयर रहे बाजार के हीरो

**शुक्रवार** को शेयर मार्केट में तेजी के बीच जो स्टॉक्स हीरो साबित हुए, उनमें पावर ग्रिड पांच फीसदी से ज्यादा उछला, एनटीपीसी में चार फीसदी तक की तेजी आई। इस बीच तेजी वाले अन्य शेयर क्रमशः अडानी पोटर्स, बीपीसीएल, आईसीआईसीआई बैंक, हीरो मोटोकॉर्प और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस रहे। ये सभी तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर आरबीआई के एक्शन के बाद धराशायी हुआ पेटीएम का शेयर लगातार दूसरे दिन 20 फीसदी गिर गया।